दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 4 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-252 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए 30 से खुलेगा पोर्टल, 7 दिसंबर तक आवेदन

पटना (एनएसबी)। पटना शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए बुधवार को संशोधित समय-सारणी जारी कर दी। इसके अनुसार, शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान शिक्षक अपनी पसंद और वरीयता के अनुसार विद्यालयों का विकल्प चुन सकेंगे। सामान्य स्थानांतरण की सूची जारी करने, उस पर प्राप्त आपत्तियों एवं अपीलों का निष्पादन करने सहित पूरी प्रक्रिया 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में समायोजन एवं समानुपातीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिन 14 जिलों में यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, वहां 9 से 14 नवंबर तक जिला स्थापना समिति की बैठक होगी और शिक्षकों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 17 से 25 नवंबर तक प्रमंडल एवं राज्य स्थापना समिति की बैठक, सूची का प्रकाशन, अपील प्राप्त करने और उनके निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दूसरे चरण में



पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होगी। जिन 14 जिलों में यह प्रक्रिया लंबित है, वहां 9 से 14 नवंबर तक जिला स्थापना समिति के माध्यम से पारस्परिक स्थानांतरण किया जाएगा। वहीं,

■ 31 दिसंबर तक पूरी होगी स्थानांतरण प्रक्रिया, शिक्षा विभाग ने जारी की संशोधित समय-सारणी

■ आचार संहिता समाप्त होने के बाद विभाग ने फिर शुरू की स्थानांतरण संबंधी गतिविधि

17 से 25 नवंबर तक प्रमंडल एवं राज्य स्थापना समिति के स्तर पर यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीसरे चरण में सामान्य स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू होगी। समायोजन एवं पारस्परिक स्थानांतरण के बाद 27 नवंबर को विद्यालयवार संशोधित रिक्तियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक शिक्षक अपनी वरीयता के अनुसार विद्यालयों का विकल्प चुनते हुए आवेदन कर सकेंगे। 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्थापना समितियों के स्तर पर सामान्य स्थानांतरण की सूची जारी करने, उस पर अपील प्राप्त करने और उनका निष्पादन करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मालूम हो, बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया निर्धारित की गई थी। इसके लिए विभाग ने पहले समय-सारणी जारी की थी, जिसे बाद में संशोधित किया गया। हालांकि, बिहार विधान परिषद् के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के कारण 8 अक्टूबर को स्थानांतरण संबंधी गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया था। अब आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने के बाद विभाग ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है।

संक्षिप्त खबरें

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पुराने मामले में जांच को दी मंजूरी

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ 2006 के एक मामले को लेकर जांच की मंजूरी दे दी गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2006 में केरल के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) के सेक्रेटरी रहते हुए सरकारी कॉन्ट्रैक्ट बिल पास करने के लिए 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बुधवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन से सलाह लेने के बाद प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 17(ए) के तहत जांच की मंजूरी दे दी है। यह जांच कॉन्ट्रैक्टर वी.ओ. साजन की शिकायत और खुलासे के बाद की जाएगी।

सीआरपीएफ : एक वर्ष में शून्य ऑपरेशनल मौत पर पीएम ने जताई खुशी

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक वर्ष तक किसी भी ऑपरेशनल मौत का मामला दर्ज नहीं होने का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। यह रिकॉर्ड 47 वर्षों बाद दोहराया गया है। प्रधानमंत्री ने सीआरपीएफ के इस रिकॉर्ड पर खुशी जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "एक शून्य जो बहुत कुछ कहता है।" इसके साथ ही पोस्ट में सीआरपीएफ के उस रिकॉर्ड का भी जिक्र किया गया, जिसमें पिछले एक साल में एक भी जवान की ऑपरेशनल मौत न होने की बात शामिल है।

दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दो से अधिक बच्चे होने पर दंड देने वाले कानूनों की प्रासंगिकता खत्म हो गई है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि भारत में प्रजनन दर लगातार घट रही है। ऐसे में इन कानूनों का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। इनकी फिर से समीक्षा की जरूरत है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र के काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिन्हें तीसरा बच्चा होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

आरा में आधी रात को मां-बेटे की नृशंस हत्या

आरा। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव में मंगलवार की मध्य रात्रि चाकू से गोदकर एवं हथौड़े से वार कर मां-बेटे की हत्या कर दी गई। मृत महिला की गला रेतकर, जबकि उनके बेटे को शरीर के कई जगहों पर चाकू से गोदकर व हथौड़े से मारकर हत्या की गई है। संपत्ति विवाद में मां-बेटे की हत्या करने की बात सामने आ रही है। जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार एवं थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

राज्य को संगठित अपराध से मुक्त करने को सरकार प्रयासरत : सीएम

मुख्य बिंदु

5 नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने का आग्रह

दीपावली-छठ पर पिछले वर्ष से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने का रेल मंत्री से आग्रह

सम्राट ने नीतीश कुमार से मुलाकात कर दी बधाई



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली प्रवास से पटना लौट आए हैं। बुधवार को यहां पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि हमने नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि आपके द्वारा बिहार के विकास और सुशासन के लिए किए गए कार्यों तथा सपनों को पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन की व्यवस्था स्थापित की और संगठित अपराध से राज्य को मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। हमलोग उनके सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम नीतीश कुमार के द्वारा वर्षों से उठाई जा रही गाद नीति की मांग को पीएम मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। सीएम ने बताया कि भारत सरकार के विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात कर बिहार के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई है। केंद्रीय रेल मंत्री से दीपावली एवं छठ के अवसर पर बिहार आनेवाले यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक विशेष ट्रेनें चलाने का आग्रह किया गया है। वहीं रेल मंत्री से अयोध्या और सीतामढ़ी के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। सीएम ने आगे कहा कि गया में भाव्या योजना के माध्यम से इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इसी तर्ज पर बिहार में पांच अन्य स्थानों पर भी इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर विकसित करने का आग्रह किया गया है। मुजफ्फरपुर और दरभंगा का प्रस्ताव भारत सरकार को दिया जा चुका हैं।

■ समय की होगी बचत, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

ई-कैबिनेट व्यवस्था से सरकारी कार्यों के निष्पादन में आएगी तेजी

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में ई-कैबिनेट व्यवस्था को लागू करने एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की कैबिनेट कार्यप्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित एवं पेपरलेस बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ई-कैबिनेट को लेकर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीएम ने कहा कि ई-कैबिनेट के माध्यम से कैबिनेट की निर्णय प्रक्रिया को अधिक त्वरित, सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। इससे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा सरकारी कार्यों के निष्पादन में गति आएगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट से संबंधित फाइलों की आवाजाही पूरी तरह डिजिटल माध्यम से हो, इससे फाइलों के निष्पादन में लगने वाले समय में कमी आएगी और कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनेगी। मुख्यमंत्री ने ई-कैबिनेट व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक का अधिकतम उपयोग कर प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया जाए। ई-कैबिनेट व्यवस्था कागज रहित प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह व संजय कुमार सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ सीएम सम्राट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी राज्य सरकार : ऊर्जा मंत्री



■ बिहार में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 2.57 लाख करोड़ निवेश का अवसर, रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो में हुए तीन एमओयू

नई दिल्ली/ पटना (एनएसबी)। बिहार अब अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश का बड़ा केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है। बुधवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो-2026 में बिहार राज्य के विशेष पूर्ण सत्र में बिहार ने अपनी ऊर्जा उपलब्धियों और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने रखा। इस सत्र में ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि बिहार हाई ग्रोथ और हाई रिटर्न की संभावनाओं वाला राज्य है। निवेशक बिहार आएं, सरकार उन्हें हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने पीएम-कुसुम और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

वहीं ऊर्जा सचिव अजय यादव ने बताया कि राज्य में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है और अगले एक दशक में इसके लगभग 25,000 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि बिहार में लगभग 78,400 करोड़ रूपए की परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में है, जबकि उत्पादन, संचरण, वितरण और आधारभूत संरचना के रखरखाव सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुल 2,57,316 करोड़ रूपए के निवेश की व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। समिट के दौरान बिहार के विद्युत क्षेत्र की क्षमताओं को मजबूत करने, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा कौशल विकास के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी, संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के घनश्याम प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फुलवारीशरीफ के 8 पुलिसकर्मी निलंबित

■ पकड़े गए दो युवकों को 11 लाख रुपये लेकर छोड़ने का आरोप

प्राथमिकी में नाम तक नहीं किया दर्ज, एएसपी कर रहे जांच

फुलवारी शरीफ (एनएसबी)। नशे के कारोबार में पुलिसकर्मियों की कथित मिलीभगत का मामला सामने आने के बाद पटना पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ छापेमारी में पकड़े गए दो युवकों को कथित तौर पर 11 लाख रुपये लेकर छोड़ने और पूरे मामले को वरीय अधिकारियों से छिपाने के आरोप में फुलवारीशरीफ थाने के आठ पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) चंद्र प्रकाश के अनुसार, बीते 26 अक्टूबर को गुप्त सूचना के आधार पर फुलवारीशरीफ थाना पुलिस ने नया टोला पठान टोली में छापेमारी की थी। इस दौरान आकिब खान उर्फ मोहम्मद साकिब खान (32) को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ फुलवारीशरीफ थाना कांड संख्या 1867/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जांच के दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई कि इसी छापेमारी में मो. आफताब आलम और मो. एहसान को भी पुलिस ने पकड़कर थाने लाया था। इसके बावजूद दोनों का नाम प्राथमिकी में दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों से 11 लाख रुपये लेकर उन्हें पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया। मामले की प्रारंभिक जांच में आठ पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इनमें सब इंस्पेक्टर दिवाकर प्रसाद, नारद मुनि सिंह, रितेश कुमार, आकाश कुमार, पवन कुमार, साबिर आलम (जावेद मुंशी), आनंद राज और शुभम कुमार शामिल हैं। सभी को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फिलहाल सहायक पुलिस अधीक्षक फुलवारीशरीफ नारायण उपाध्याय पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

पीएम मोदी छठ के बाद वैशाली आएंगे

पटना (एनएसबी)। बिहार में एनडीए सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर छठ बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैशाली आएंगे। छठ बाद राजापाकड़ थाना क्षेत्र के जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र में प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बुधवार को वैशाली के जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन एवं कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सरावगी ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

अग्निवीरों को मिला 2 साल की अतिरिक्त सेवा का तोहफा



भाजपा ने कहा- 'इससे सुरक्षित बनेगा भारत'

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने चार वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा का अवसर देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को महत्वपूर्ण बताते हुए बुधवार को कहा कि इससे सेना एवं युवा सशक्त होंगे तथा भारत सुरक्षित बनेगा। अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव के तहत सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेना से बाहर होने वाले अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार दिया जाएगा। इसके बाद निर्धारित पात्रता मानदंड पूरे करने पर उन्हें स्थायी भर्ती का अवसर मिलेगा। बलूनी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों के लिए सेकंड टूर आफ ड्यूटी (सेवा का दूसरा कार्यकाल) को मंजूरी देकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

दोनों सदनों में मिडटर्म इलेक्शन हारे ट्रम्प, डेमोक्रेट्स को बहुमत



हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में विपक्ष ने जीतीं 228 सीटें, ट्रम्प को 139 मिले

वाशिंगटन (एनएसबी)। संयुक्त राज्य अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को करारी हार मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल सैयद ने जीत हासिल की। इसके साथ ही वह अमेरिकी इतिहास में सीनेटर चुने जाने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। ट्रम्प ने उन्हें खुले मंच से 'जिहादी' कहा था। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में कुल 435 सीटें हैं और सभी सीटों पर चुनाव हुए हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 228 सीटें जबकि ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 139 सीटें जीती हैं। वहीं सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 33 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 20 और रिपब्लिकन पार्टी ने 13 सीटें जीती हैं। बाकी 2 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं। गवर्नर की कुल 36 सीटों में से 34 राज्यों के नतीजे आ चुके हैं।

पथ निर्माण के इंजीनियर के घर से मिले 10 लाख कैश

पटना समेत 4 ठिकानों पर एसवीयू का छापा



सहरसा में पोस्टेड हैं विजय कुमार

पटना (एनएसबी)। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सहरसा में पोस्टेड पथ निर्माण विभाग के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर विजय कुमार के 4 ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने दबिश दी। बुधवार को पटना, सहरसा एवं औरंगाबाद के ठिकानों पर टीम ने छापेमारी की। पटना में छापे के दौरान 10 लाख कैश मिला है।

एसवीयू की टीम ने विजय कुमार के सहरसा स्थित कार्यालय और आवास के अलावा पटना के दानापुर स्थित गोला रोड और महेश नगर में तलाशी ली। गोला रोड के महेश नगर में स्थित फ्लैट पर जब निगरानी की टीम छापेमारी करने पहुंची तो पता चला कि वह फ्लैट उन्होंने किराए पर दे रखा है। जिसके बाद टीम दानापुर गोला रोड स्थित उनके आवास पर छापेमारी करने पहुंची। इसके साथ ही सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के औरंगाबाद के दाउदनगर पैतृक आवास पर छापेमारी की गई। एसवीयू की अलग-अलग टीमें एक साथ सभी चिह्नित ठिकानों पर दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की।

जानकारी के मुताबिक निगरानी की टीम ने सहरसा में करीब 12 बजे सुप्रीटेंडिंग इंजीनियर के घर और दफ्तर में दबिश दी। विजय कुमार से उनके दफ्तर में टीम ने करीब 30 मिनट तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद टीम पटना के लिए रवाना हो गई।

विधानमंडल के प्रश्नों और आश्वासनों की निगरानी अब ऑनलाइन

सात दिनों में पोर्टल पर अपडेट करनी होगी जिलों की लंबित रिपोर्ट : डा. दिलीप जायसवाल

विधायी प्रश्न निगरानी पोर्टल से होगी जिलावार समीक्षा, जवाबदेही और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने की पहल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधानमंडल की समितियों और सदन में पूछे गए प्रश्नों तथा सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों के निष्पादन की निगरानी अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इसके लिए 'विधायी प्रश्न निगरानी पोर्टल' विकसित किया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर पोर्टल का नियमित और अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि विधानमंडल के प्रति सरकार की जवाबदेही सर्वोपरि है। सदन और उसकी समितियों में उठाए गए प्रश्नों तथा दिए गए आश्वासनों का समयबद्ध और तथ्यपरक जवाब देना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विभाग ने डिजिटल पहल की है। अब प्रत्येक जिले की प्रगति और लंबित मामलों की स्थिति अनलाइन उपलब्ध रहेगी। इससे जवाबदेही तय होगी और अनावश्यक विलंब पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।



राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासनिक कार्यप्रणाली को तकनीक आधारित और अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। विधायी प्रश्नों की निगरानी के लिए विकसित यह पोर्टल भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब तक विधानमंडल से संबंधित प्रश्नों और आश्वासनों की जानकारी जिलों से पत्र, ई-मेल और स्मार-पत्र के माध्यम से मांगी जाती थी। इस व्यवस्था में किस जिले से किस प्रश्न का जवाब प्राप्त हुआ है और कौन-सा मामला लंबित है, इसकी समेकित जानकारी जुटाने में कठिनाई होती थी। कई बार जवाब के पत्रांक एवं दिनांक का मिलान करने और समितियों की बैठक से पहले जिलावार स्थिति तैयार करने में भी समय लगता था। नई व्यवस्था से इन समस्याओं का समाधान होगा।

सात दिनों के भीतर करनी होगी प्रविष्टि : सभी जिलाधिकारियों को अपने जिले के नामित नोडल पदाधिकारी के माध्यम से पोर्टल का संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र जारी होने की तिथि से सात दिनों के भीतर जिले से संबंधित सभी प्रश्नों और आश्वासनों की वर्तमान स्थिति, टिप्पणी तथा भेजे गए जवाब का पत्रांक एवं दिनांक पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके बाद जब भी कोई जवाब भेजा जाएगा, उसी दिन या अगले कार्यदिवस तक पोर्टल को अपडेट करना होगा।

किसी प्रश्न या आश्वासन को पोर्टल पर तभी पूर्ण चिति किया जाएगा, जब उसके सभी बिंदुओं का जवाब विभाग को भेज दिया गया हो। पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के साथ हस्ताक्षरित जवाब पूर्व की तरह आधिकारिक माध्यम से भी भेजना होगा।

हर महीने होगी जिलावार समीक्षा : जिलाधिकारी प्रत्येक महीने अपने जिले में पोर्टल पर दर्ज प्रगति की समीक्षा करेंगे। वहीं, विभाग भी पोर्टल के आधार पर जिलावार मासिक समीक्षा करेगा। इससे लंबित प्रश्नों और पुराने आश्वासनों की पहचान कर उनके चरणबद्ध निष्पादन में मदद मिलेगी। विधानमंडल की समितियों की बैठकों और सदन के सत्र से पहले विधानसभा एवं विधान परिषद से संबंधित जिलावार प्रतिवेदन भी तत्काल उपलब्ध हो सकेगा।

पोर्टल के संचालन के लिए चित्रों सहित हिंदी में 24 पृष्ठों की उपयोगकर्ता पुस्तिका भी उपलब्ध कराई गई है। जिलों को लॉगिन आईडी दी गई है, जबकि प्रारंभिक पासवर्ड अलग से गोपनीय तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर पहली बार लॉगिन करने पर पासवर्ड बदलना अनिवार्य होगा। तकनीकी कठिनाई होने पर विभाग के आईटी प्रकोष्ठ से संपर्क किया जा सकेगा।

खबरें : एक नजर में

आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई तत्काल टिकट काउंटर पर फर्जी प्रमाण पत्र देकर से टिकट निकाल रहे दलाल के मंसूबों पर पानी फिरा

मोकामा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुगमता से टिकट उपलब्ध कराने और कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में मोकामा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक हरिशंकर कुमार और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार यादव के द्वारा संयुक्त रूप से तत्काल टिकट काउंटर पर औचक जांच की गई। इस दौरान फर्जी नाम और फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध तरीके से तत्काल टिकट बुक कराने की कोशिश कर रहे एक टिकट दलाल का भंडाफोड़ हुआ। हालांकि, आरपीएफ इंस्पेक्टर की त्वरित तत्परता और मुस्तैदी के कारण आरोपी दलाल मौके से फरार होने में कामयाब रहा, लेकिन पुलिस ने उसके मंसूबों को नाकाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोकामा स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर तत्काल टिकट बुकिंग के समय भारी भीड़ रहती है। इसे देखते हुए स्टेशन प्रबंधक और आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था और दलालों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए काउंटर का औचक निरीक्षण किया।

सरकार की चेतावनी का भी असर नहीं

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मियों पर सरकार की चेतावनी का भी कोई असर नहीं पड़ा है।पांच में चार राजस्व कर्मचारी लगातार हड़ताल पर चल रहे है।मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित चेतावनी का भी कोई असर नहीं पड़ा। वहीं दूसरी ओर अंचल में कार्यरत दो नियमित अमीन के स्थानांतरण के कारण भू मापी कार्य भी ठप्प हो गई है।इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी हा सत्यम ने बताया कि नए अमीन के पदस्थापन के बारेमे पत्र लिखा गया है।

दनियावां पुलिस ने तार काट रहे चोर को पकड़ा

दनियावां/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां थाना की पुलिस ने रात्रि गश्ती के क्रम में थाना क्षेत्र के निमी गांव के खेतों में लगाया गए बिजली विभाग के एलटी तार को काटते एक चोर को पकड़ लिया।जबकि अन्य चार पांच चोर रात्रि का अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए।इस संबंध में थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि रात्रि गश्ती में गए एसआई संदीप चौधरी को निमी गांव के रास्ते में सड़क पर बंडल बनाकर रखा गया तार मिला।पुलिस वाहन देख चोर छिप गए।एसआई ने भी वाहन को आगे भेजकर रास्ते में उतर कर कुछ देर बाद घटनास्थल पर पहुंच गए।जिन्हें देख कई चोर भाग गए।जबकि रविश कुमार पिता मनु सिंह ग्राम जग्गू बिगहा निवासी चोर को दबोच लिया गया।पकड़े गए चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।कनीय अभियंता क्राउन विकास ने काटे गए दस खटल तार की कीमत चार लाख रुपए से अधिक बताई है।

ई-रिक्शा से डेढ़ किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को नदी थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टेढ़ी पुल के पास से ई-रिक्शा पर लदा करीब डेढ़ किलो गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दियारा क्षेत्र से एक ई-रिक्शा से गांजा लाया जा रहा है। इसके बाद छापेमारी के लिए गठित टीम ने टेढ़ी पुल के पास घेराबंदी कर ई-रिक्शा को चालक सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ई-रिक्शा पर लदा हुआ 1426 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस गिरफ्त में आए तस्कर की पहचान नालंदा जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के त्रिलोकीबीघा निवासी ललित प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष के अनुसार वर्तमान में यह मालसलामी में रहकर अपने ई-रिक्शा से गांजा की तस्करी करता था। इस संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में पुअनि देवकर्ण बंटी, संतोष कुमार, राजेन्द्र पाण्डेय के साथ महिला बल, सशस्त्र बल, गृहरक्षक और जिला बल के जवान शामिल थे।

वर्तमान स्वरूप में फरक्का जल संधि का नवीनीकरण मंजूर नहीं : संजय कुमार झा

कटिहार/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। कटिहार में जदयू के "फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद" कार्यक्रम का भव्य समापन पार्टी के कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ ने इस मुद्दे पर आयोजित किया जागरुकता मैराथन। बुधवार, 4 नवंबर 2026 को कटिहार में जदयू के 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद' कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। कटिहार इस अभियान का 12वां पड़ाव था। यहाँ से पहले इस अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा तीन चरणों में गंगा किनारे बसे शेष 11 जिलों - बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय, खगड़िया, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, पटना, लखीसराय, मुंगेर और भागलपुर - में संवाद कर चुके थे।

गोवा में खनन एवं कोयला क्षेत्र में सुधार पर राष्ट्रीय मंथन, बिहार के खनन मंत्री डा. प्रमोद कुमार रखेंगे राज्य के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का रोडमैप

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के खनन एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार दिनांक 5 नवंबर 2026 को गोवा के दौरे पर रहेंगे। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में खनन एवं भूतत्व मंत्री, बिहार 'खनन एवं कोयला क्षेत्र में सुधार, बिहार का आर्थिक परिवर्तन एवं औद्योगिक विकास' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा कार्यक्रम में उपस्थित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारियों, निवेशकों, तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग संघों के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को संबोधित करेंगे।



कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में खनन एवं कोयला क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, कुशल, प्रतिस्पर्धी एवं सतत विकासोन्मुख बनाने की दिशा में विभिन्न राज्यों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर खनन प्रशासन में सुधार, तकनीकी नवाचार, निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास तथा खनिज संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मंत्री अपने संबोधन में बिहार में खनन एवं भूतत्व क्षेत्र में किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों, राज्य की खनिज संपदा, निवेश की संभावनाओं तथा खनन आधारित औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आर्थिक समृद्धि की संभावनाओं को रेखांकित करेंगे।

यह कार्यक्रम खनन एवं कोयला क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों, शोधकर्ताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयासों को साझा करने तथा आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच है। साथ ही, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खनन एवं कोयला क्षेत्र की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण साबित होगा।

हड़ताली राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई, सभी दायित्वों से होंगे मुक्त, डोंगल भी होंगे निष्क्रिय

राजस्व कर्मचारियों की जगह विशेष सर्वेक्षण अमीनों की होगी प्रतिनियुक्ति, 5 नवंबर तक पूरी होगी प्रक्रिया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लगातार हड़ताल पर रहने वाले राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने हड़ताल में शामिल कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनके सभी दायित्वों से मुक्त करने और उनके डोंगल को 24 घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया है। उनके स्थान पर संबंधित अंचलों में विशेष सर्वेक्षण अमीनों की आनुपातिक आधार पर प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

इस संबंध में विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पाण्डेय ने बुधवार को सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में हड़ताली राजस्व कर्मचारियों को उनके सभी कार्यों से मुक्त करने और उनके डोंगल निष्क्रिय करने की कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिलाधिकारियों को 5 नवंबर तक विशेष सर्वेक्षण अमीनों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले राजस्व कर्मचारी अपने पदों पर पूर्ववत कार्य करते रहेंगे। वहीं, हड़ताली कर्मचारियों के स्थान पर प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीन उनके दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

विशेष सर्वेक्षण अमीनों को सात दिनों का ऑनलाइन प्रशिक्षण : प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को मुख्यालय स्तर से सात दिनों तक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक कार्यदिवस में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण होगा। इसमें विभागीय सॉफ्टवेयर के संचालन, ऑनलाइन सेवाओं के त्वरित निष्पादन तथा संबंधित अधिनियमों, नियमावलियों और महत्वपूर्ण विभागीय परिपत्रों की जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान ये अमीन आधे कार्यदिवस में संबंधित अंचलाधिकारी की निगरानी में दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस और राजस्व कर्मचारियों के अन्य दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

6 नवंबर तक जारी होगा जिला स्तरीय आदेश : प्रशिक्षण के लिए अनुमंडल स्तर पर स्थल निर्धारित किया जाएगा। जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) एक पदाधिकारी को प्रशिक्षण का पर्यवेक्षक नियुक्त करेंगे, जो प्रतिदिन इसकी निगरानी करेंगे। विभाग 5 नवंबर तक सभी जिलों को प्रशिक्षण की विस्तृत कार्ययोजना उपलब्ध करा देगा। जिलाधिकारियों को भी इसी दिन शाम पांच बजे तक प्रशिक्षण संबंधी विस्तृत जिला आदेश जारी कर विभाग को उपलब्ध कराना होगा।

छठ से पहले शिक्षकों-कर्मियों के लंबित वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें : शिक्षा मंत्री

3. 20 लाख शिक्षकों के प्रमाण पत्र जांच के दायरे में, अब तक 1,700 फर्जी पाए गए

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने छठ पर्व से पहले लिपिक, परिचारी, शिक्षा सेवक, तालीमी मरकज, शारीरिक शिक्षक, संस्कृत और मदरसा शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। श्री तिवारी बुधवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव सीके अनिल, सचिव राजीव रौशन और विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार सहित विभाग के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में शिक्षकों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन की समीक्षा की गई। बताया गया कि राज्य में करीब 3.20 लाख शिक्षकों के प्रमाण पत्र जांच के दायरे में हैं। इनमें से 2.40 लाख का सत्यापन पूरा हो चुका है। अब तक की जांच में 1700 शिक्षक फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नियुक्त पाए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने शेष प्रमाण पत्रों का सत्यापन जल्द पूरा करने और फर्जी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

शिक्षा मंत्री ने जिलों में सामने आ रही वित्तीय अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में 65 वर्ष की उम्र पार कर चुके अधिकारियों और कर्मचारियों को हटाने तथा सेवानिवृत्त कर्मियों को दोबारा सेवा में रखने के लिए अधिकतम उम्र सीमा 61 से बढ़ाकर 64 वर्ष करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

शिक्षा सेवकों और तालीमी मरकज के कार्यो की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए एसओपी तैयार करने व शिक्षा सेवकों और तालीमी मरकज की कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति तय करने का निर्देश दिया गया। वहीं, करीब पांच प्रतिशत शिक्षकों द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव को सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग कर उपस्थिति की फूलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

विद्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशकों को इस संबंध में एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों अथवा उच्चस्तरीय निजी सुरक्षा एजेंसियों के सुरक्षा गार्ड तैनात करने की व्यवस्था पर भी जोर दिया। इसके अलावा सरस्वती विद्या निकेतन मडल स्कूलों सहित सभी विद्यालयों को सीसीटीवी से लैस करने का निर्देश दिया गया।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने 'भारत पूछ रहा है' पुस्तक का किया विमोचन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षा विभाग स्थित मदन मोहन झा सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में साहित्यकार एवं शिक्षक रंजन कुमार प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'भारत पूछ रहा है' का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर राज, शिक्षक संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति



उपस्थित रहे। पुस्तक 'भारत पूछ रहा है' के माध्यम से लेखक ने नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों एवं दायित्वों के प्रति आत्ममंथन करने का संदेश दिया है। पुस्तक में विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय एवं समसामयिक विषयों के माध्यम से यह विचार प्रस्तुत किया गया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का भी सजगता एवं निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। पुस्तक का मूल भाव राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना, नागरिक जिम्मेदारी और आत्मचिंतन पर केंद्रित है। यह कृति पाठकों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने तथा समाज एवं देश के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

जुगनू हाट में दिखेगी पारंपरिक हुनर और हस्तशिल्प की चमक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्प से जुड़े हुनरमंद लोगों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 5, 6 और 7 नवंबर को गर्दनीबाग बापू टावर में तीन दिवसीय जुगनू हाट' का आयोजन किया जा रहा है। 'हुनर की रोशनी' थीम पर आधारित इस हाट में देश के विभिन्न राज्यों और बिहार के अलग-अलग जिलों की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, हथकरघा एवं घरेलू उपयोग की आकर्षक वस्तुओं के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे।



जुगनू हाट की आयोजक डा स्मृति पासवान।

जुगनू हाट में 26 स्टाल होंगे जिसमें कश्मीर के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, लखनऊ की चिकनकारी, बनारस की बनारसी सिल्क, पारंपरिक जामदानी बुनाई, बांका के बुनकरों के हथकरघा उत्पाद, कोटा डोरिया और नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी कला आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके अलावा सिरेमिक टेबलवेयर, स्टोनवेयर की हस्तनिर्मित सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएं, पश्चिम बंगाल के बांस से बने कपड़े एवं होम फर्निशिंग उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। जुगनू हाट की आयोजक डा स्मृति पासवान ने बताया कि बिहार की समृद्ध लोककलाओं को भी इस हाट में विशेष स्थान दिया गया है। इसमें दरभंगा की सिक्की कला, मुजफ्फरपुर की सुजनी कला, आरा-भोजपुर खटवा (एप्लिक) कला, रोहतास के हस्तनिर्मित कालीन, कटिहार के जूट एवं मखाना उत्पाद तथा सिवान के पारंपरिक सूती वस्त्रों की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। इसके साथ ही क्रोशिया से बने हस्तनिर्मित उत्पाद भी लोगों को आकर्षित करेंगे। इस आयोजन का विशेष आकर्षण धनतेरस और छठ पूजा के लिए विशेष स्टल होंगे। यहां दीपावली, धनतेरस और छठ के अवसर पर पारंपरिक सजावट की सामग्री, पूजा-पाठ से जुड़ी वस्तुएं, उपहार और त्योहारों के विशेष उत्पादों की खरीदारी की जा सकेगी। जुगनू हाट का उद्देश्य पारंपरिक कला और शिल्प को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों को बाजार उपलब्ध कराना और उनके हुनर को नई पहचान दिलाना है। यह आयोजन लोगों को एक ही स्थान पर देश के विभिन्न क्षेत्रों की कला, संस्कृति और पारंपरिक उत्पादों से रूबरू होने का अवसर प्रदान करेगा।

बीबोस के विद्यार्थियों को मैट्रिक परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगी पुस्तकें

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) से मैट्रिक की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने के लिए एक महीने का ब्रिज कोर्स संचालित करने पर भी जोर दिया। शिक्षा मंत्री बुधवार को मीठापुर स्थित चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित बीबोस की सामान्य निकाय की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। करीब 11 वर्षों बाद आयोजित इस बैठक में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने पढ़ाई के साथ काम करने की इच्छुक जीविका दीदियों को बीबोस के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने और परीक्षा देकर प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने हर माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष शिविर लगाने को कहा। इन शिविरों में बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जाएगा।

खबरें | खास-खास

निर्वाचन के पश्चात भजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले एमएलसी को अयोग्य घोषित किए जाने के लिए याचिका

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी ने विधान परिषद के सचिव से निवेदन किया है कि बिहार विधान परिषद के निर्वाचन में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बंशीधर ब्रजवासी तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डा. राहुल राज स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित हुए थे। निर्वाचन संबंधी आधिकारिक अभिलेखों में दोनों की स्थिति स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दर्ज है। इसके पश्चात दोनों निर्वाचित सदस्यों द्वारा भारतीय जनता पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण किए जाने की जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने आई है। यदि उपलब्ध सार्वजनिक अभिलेखों एवं संलग दस्तावेजों से इसकी पुष्टि होती है, तो यह आचरण भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(2) के अंतर्गत स्पष्ट रूप से अयोग्यता का आधार बनता है। प्रावधान के अनुसार, कोई ऐसा निर्वाचित सदस्य, जो किसी राजनीतिक दल द्वारा उम्मीदवार घोषित किए बिना अर्थात स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित हुआ हो, यदि निर्वाचन के पश्चात किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करता है, तो वह सदन का सदस्य बने रहने के लिए अयोग्य हो जाता है। इस प्रावधान की भाषा स्पष्ट एवं असंदिग्ध है। स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित व्यक्ति के लिए निर्वाचन के पश्चात किसी राजनीतिक दल में शामिल होने की कोई छूट नहीं है।



निर्वाचन के पश्चात भजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले एम एल सी को अयोग्यता घोषित किए जाने हेतु याचिका।

तथ्यों एवं संवैधानिक प्रावधानों के आलोक में आपसे सादर निम्नलिखित अनुरोध हैं : बंशीधर ब्रजवासी एवं डा. राहुल राज द्वारा निर्वाचन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए जाने के संबंध में प्रस्तुत तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर दसवीं अनुसूची के पैरा 2(2) के अंतर्गत अयोग्यता संबंधी कार्यवाही तत्काल प्रारंभ की जाए।

मयंक और राहुल का कहर, ट्रैम्फैंट-सीएबी में खिताबी जंग गुरुवार को

पहले सेमीफाइनल में ट्रैम्फैंट ने करुणा किंग्स को 10 विकेट से रौंदा, दूसरे में सीएबी ने फिनिक्स टीम बी को सात विकेट से हराया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सीएबी ग्राउंड पर सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन की देखरेख में आयोजित द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। बुधवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में ट्रैम्फैंट सीसी और क्रिकेट एकेडमी अफ बिहार (सीएबी) ने शानदार जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली। पहले सेमीफाइनल में ट्रैम्फैंट ने करुणा किंग्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सीएबी ने फिनिक्स टीम बी को सात विकेट से हराया। अब गुरुवार को दोनों टीमों के बीच खिताब के लिए भिड़ंत होगी।

15 रन पर सिमटी करुणा किंग्स : पहले सेमीफाइनल में टस जीतकर ट्रैम्फैंट सीसी ने करुणा किंग्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। ट्रैम्फैंट के गेंदबाजों के सामने करुणा के बल्लेबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। 21 ओवर के मुकाबले में करुणा की पूरी टीम महज 114 ओवर में 15 रन पर सिमट गई। इसमें सात रन अतिरिक्तके रहे। ट्रैम्फैंट के कप्तान मयंक ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच ओवर में चार मेडन के साथ महज चार रन देकर पांच विकेट झटके। वहीं प्रियांशु यादव ने चार ओवर में नौ रन देकर तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रैम्फैंट सीसी ने महज 14 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 20 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए मयंक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



राहुल की गेंदबाजी से सीएबी की जीत : दूसरे सेमीफाइनल में फिनिक्स टीम बी और क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फिनिक्स की टीम 17 ओवर में 74 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अतिरिक्त 21 रन बने, जबकि कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। सीएबी के राहुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 12 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। जवाब में सीएबी ने 123 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आर्यन ने नाबाद 17 और हर्षित राज ने नाबाद 33 रन की पारी खेली। अतिरिक्तके रूप में 17 रन भी टीम के खाते में जुड़े। फिनिक्स की ओर से श्रीमंतो ने तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट हासिल किए। शानदार गेंदबाजी के लिए राहुल को प्लेयर अफ द मैच चुना गया। अब गुरुवार को ट्रैम्फैंट सीसी और क्रिकेट एकेडमी अफ बिहार के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

एक सार्थक लघुकथा सिर्फ मनोरंजन नहीं करती, बल्कि जीवन का बड़ा सच उजागर करती है : सिद्धेश्वर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लघुकथा आज के समय की अत्यंत प्रासंगिक और प्रभावशाली साहित्यिक विधा है। कम शब्दों में बड़ी बात कहना, सामाजिक विसंगतियों पर चोट करना और पाठक को आत्ममंथन के लिए विवश करना इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। एक सार्थक लघुकथा केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि अपने छोटे-से कथ्य में जीवन का बड़ा सच उजागर करती है। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तत्वावधान में हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन का ऑनलाइन आयोजन फेसबुक एवं यूट्यूब पर संपन्न हुआ। यह हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन का 623वाँ एपिसोड था। सुप्रसिद्ध साहित्यकार सिद्धेश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित 'लघुकथा सृजन यात्रा : पड़ाव 8' साहित्यिक एवं पाठकीय, दोनों दृष्टियों से अत्यंत सफल रही। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लेखिका ऋचा वर्मा

संक्षिप्त खबरें

एसडीपीओ बोलेः पुलिस संपत्ति विवाद व अन्य बिंदुओं पर कर रही जांच

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब दो बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तेंदूनी गांव में मां-बेटे की हत्या कर दी गई है। सूचना उपरांत वे एवं थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। ये ऑनर किलिंग है या हत्या, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के बड़े भाई से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उनके बड़े भाई एवं उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का तीन बिगहा जमीन है। जिसका दोनों भाइयों के बीच बराबर का बंटवारा भी लग चुका है। एक बिगहा जमीन बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर मेन रोड पर है। उसी जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच कुछ महीनों से विवाद चल रहा था। चार माह पहले भी मृतका के बड़े बेटे दिनेश उर्फ दीपक कुमार के बीच झगड़ा हुआ था। उस समय दिनेश उर्फ दीपक कुमार ने अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर अपनी मां की पिटाई कर दी थी। जिससे वह जख्मी हो गई थी। दिनेश उर्फ दीपक कुमार अपने हिस्से के बनाए घर में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। जबकि रमावती कुंअर छोटे बेटे सुनील कुमार के साथ अगल घर के रहती थी। उन्होंने अपनी बेटी विभा कुमारी की शादी झारखंड के टाटा में की थी।

हथियार एवं कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

एक देशी कट्टा, दो कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नगर थाना पुलिस द्वारा हथियार एवं कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। उसे थाना क्षेत्र के आरा कोर्ट तीन मुहान स्थित हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद हुआ। इसके अलावे उसके पास में बाइक को भी जब्त कर लिया गया। वह नगर थाना क्षेत्र के चरखम्भा गली निवासी स्व. राजेंद्र प्रसाद का पुत्र हरी शंकर कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस सूचना प्राप्त हुई थी की एक व्यक्ति थाना क्षेत्र के आरा कोर्ट के समीप तीन मुहान स्थित हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति बाइक के साथ खड़ा है और उसने अपने बाइक के डिक्की में हथियार छुपा कर रखे हुआ है। सूचना के सत्यापन पुलिस वहां पहुंची, तो देखा कि वहां पर बाइक खड़ी है। लेकिन कोई व्यक्ति नहीं है। जिसके बाद पुलिस द्वारा बाइक पर नजर रखा जाने लगा। उसी दौरान एक व्यक्ति वहां आया और बाइक स्टार्ट करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पश्चात नगर थाना में पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

ब्राउन शुगर, गांजा एवं नगदी के साथ दुकानदार गिरफ्तार

3.57 ग्राम ब्राउन शुगर, 46 ग्राम गांजा, 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू 7,196 रुपए नगदी एवं अन्य सामग्री बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चरपोखरी थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस कड़ी में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरनी गांव में स्थित किराना दुकान में छापेमारी की। इस दौरान दुकान से 7,196 रुपए नगद, 3.57 ग्राम ब्राउन शुगर, 46 ग्राम गांजा, 6 चिलम, 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू ,1 चकला, 1 मोबाइल एवं 1 अलमुनियम का बक्सा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी कामाख्या नारायण सिंह का पुत्र सोनू सिंह उर्फ रोहित रंजन सिंह है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि चपोखरी थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की बरनी गांव निवासी सोनू सिंह उर्फ रोहित रंजन सिंह अपने किराना दुकान में मादक पदार्थ रखकर उसकी खरीद-बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन उपरांत थानाध्यक्ष ने बरनी निवासी सोनू सिंह उर्फ रोहित रंजन सिंह के किराना दुकान में छापेमारी की। मादक पदार्थ एवं नगद रुपए के साथ उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात चरपोखरी थाना में पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, घाटों पर रहेगी विशेष व्यवस्था

पश्चिम पोखरा घाट पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, होगी बैरिकेडिंग

छठ के दिन दोपहर दो बजे के बाद बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह, आरओ रश्मि सागर एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।



इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध लोगों से पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं एवं व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर सभी प्रमुख छठ घाटों पर आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, स्नानागार एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था रहेगी, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। विशेष रूप से पश्चिम पोखरा घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि छठ पूजा के दिन दोपहर दो बजे के बाद शाहपुर मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं को घाटों तक आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी पर्व के दौरान प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने लोगों से दीपावली के दौरान सतर्कता बरतने तथा छठ पूजा को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। बैठक में वार्ड पार्षद संजय चतुर्वेदी, मनोज पासवान, मो. सगीर शाह, पूर्व उपमुख्य पार्षद गुप्तेश्वर साह, जदयू नेता हीरालाल गुप्ता, राजद अध्यक्ष शिवप्रसन्न यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य मो. यूनुस खान, चंदन कुमार पांडेय, धन कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बसंत लाल एंड सन्स ज्वेलर्स में आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध

आरा (दैनिक नवसंदेश)। धनतेरस को लेकर शहर के सराफा बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। शहर के गोपाली चैक स्थित बसंत लाल एंड सन्स ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अजय कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस को लेकर सोने के जोधा हार, झुमका, जोधा अंगूठी, कंगन, ब्रास्लेट समेत अन्य आभूषण बिक्री के लिए मंगाए गये है। इसके अलावे हीरे जडित सोने के आभूषण भी उपलब्ध है। वही सोने एवं चांदी के ब्रांडेड सिक्के, लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व भगवान की मूर्ति बिक्री के लिए लाए गए हैं। चांदी से निर्मित कटोरी, ग्लास, थाली, खिलौने विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। श्री अग्रवाल ने बताया कि सोने के सिक्के एक ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक उपलब्ध है। चांदी के खिलौने कछुआ, हाथी, घोड़ा, उल्लू, गाय, बछड़ा आदि बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। वहीं सोने की अंगूठी, बाली, झुमका, चेन, हार, चूड़ी, कंगन विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। सभी गहने एचयूआईडी हॉलमार्क है। चांदी के ब्रांडेड सिक्के (100 प्रतिशत शुद्ध) 5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक उपलब्ध है।



चाकू से गला रेतकर व गोदकर मां-बेटे की हत्या, सनसनी

संपत्ति विवाद को लेकर हत्या करने की सामने आ रही बात, जगदीशपुर एसडीपीओ बोलेः ऑनर किलिंग है या हत्या, की जा रही है जांच

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव में मंगलवार की मध्य रात्रि चाकू से गोदकर एवं हथौड़े से वार कर मां-बेटे की हत्या कर दी गई। मृत महिला की गला रेतकर,

पुलिस ने मृतका के बड़े बेटे व बहू को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव में मंगलवार की मध्य रात्रि घटी घटना

जबकि उनके बेटे को शरीर के कई जगहों पर चाकू से गोदकर व हथौड़े से मारकर हत्या की गई है। संपत्ति विवाद में मां-बेटे की हत्या करने की बात





सामने आ रही है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार एवं थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन मे जुट गए। पुलिस में घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त एक हथौड़ी बरामद किया। एफएसएल एवं डीआईयू टीम घटनास्थल पर पहूंची। एफएसएल की टीम के द्वारा घटनास्थल से कई साक्ष्य को इकट्ठा किया गया।जानकारी के अनुसार मृतकों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव वार्ड नंबर-7 निवासी स्व. विश्वमित्र सिंह की 55 वर्षीया पत्नी रमावती कुंअर एवं उनका 30 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। सुनील कुमार बाहर रहकर काम करता था और बीच-बीच में गांव में भी आता था।बताया जाता है कि मंगलवार की रात खाना खाने के बाद में दोनों अपने घर में सोने चले गए थे। इसी बीच मंगलवार की मध्य रात्रि रमावती कुंअर की चाकू से गला रेतकर, जबकि उनके पुत्र सुनील कुमार के शरीर के कई जगहों पर चाकू से गोदकर एवं हथौड़े से मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की मध्य रात्रि करीब दो बजे मृतका के बड़े बेटे दिनेश उर्फ दीपक कुमार के द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीण को दी गई। इसके बाद उनके द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत

45 गांवों की ग्राम विकास योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के आदर्श ग्राम घटक के तहत भोजपुर जिले में चयनित गांवों की ग्राम विकास योजनाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा ने की। जिले के 14 प्रखंडों में आदर्श ग्राम के लिए कुल 48 गांवों का चयन किया गया है। इनमें से 45 गांवों की ग्राम विकास योजनाएं संबंधित ग्राम सभाओं से अनुमोदन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हुईं। इन योजनाओं को समीक्षा के लिए समिति के समक्ष रखा गया। चयनित गांवों में विभिन्न विभागों की योजनाओं के अभिसरण से विकास कार्य कराए जाएंगे। विकास संबंधी शेष जरूरतों को पूरा करने के लिए गैप फिलिंग के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रति ग्राम 20 लाख रुपये



की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को सर्वेक्षण के आंकड़े और ग्राम विकास योजनाएं सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं सत्यापन कर दो दिनों के भीतर जिला कल्याण कार्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सात दिनों के भीतर सभी चयनित गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया, ताकि विभागों से प्राप्त संशोधन प्रस्तावों को ग्राम सभा के अनुमोदन के लिए रखा जा सके। बैठक में अपर समाहर्त्ता, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग (सोन नहर), ऊर्जा विभाग (सदर आरा एवं जगदीशपुर) तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, पीरो एवं सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

57.93 लाख की लागत से विकास योजनाओं का महापौर ने किया उद्घाटन

सामुदायिक शौचालय, पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य शुरू होने से खुशी की लहर

मेयर बोलीः जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नगर निगम क्षेत्र में शहरी विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में



एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को वार्ड संख्या-41 में प्राक्कलित राशि 57 लाख 93 हजार 810 रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन हुआ। महापौर इंदु देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीतांबरा माई मंदिर रोड स्थित ठाकुरबाड़ी के सामने स्लम बस्ती में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य सहित तीन पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों में काफी उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व में इस सड़क की स्थिति काफी दयनीय थी। सड़क जर्जर होने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव एवं कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती थी, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता था। महापौर इंदु देवी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना तथा आम नागरिकों को बेहतर सड़क, नाला एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड संख्या-41 में इन विकास कार्यों के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही सामुदायिक शौचालय के निर्माण से स्वच्छता एवं सार्वजनिक सुविधा को भी बढ़ावा मिलेगा, उन्होंने कहा कि आरा नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है। समारोह में वार्ड संख्या-41 के पार्षद राहुल चैरसिया, वार्ड संख्या-14 के पार्षद महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक एवं स्थानीय जनता उपस्थित रहें।

विवाहिता की हत्या में पांच पर प्राथमिकी दर्ज, दो गिरफ्तार

मृतका के भाई के बयान पर दर्ज हुई प्राथमिकी

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में मंगलवार की घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में मंगलवार को हुई विवाहिता की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी मृतका के भाई पंकज कुमार सिंह के बयान पर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी मृतका के पति अरविंद सिंह, ससुर कमल कुमार सिंह, सास मीरा देवी, भैसुर मनीष कुमार सिंह एवं ननद निशु कुमारी को नामजद आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित भैसुर मनीष कुमार सिंह एवं ननद निशु कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। इधर, दर्ज प्राथमिकी में मृतका के भाई पंकज कुमार सिंह के द्वारा बताया गया है कि उन्होंने अपनी बहन की शादी अरविंद सिंह से 27 अप्रैल 2021 को की थी। शादी के बाद से ही उसके पति अरविंद सिंह, सास, ससुर, ननद एवं भैसुर के द्वारा दहेज में बुलेट, सोने की चेन और व्यापार करने को लेकर पांच लाख रुपए की मांग की जाती थी। रुपये नहीं मिलने के कारण उनकी बहन प्रियंका कुमारी उर्फ जुली कुमारी के साथ शुरूआत में मारपीट की गई। इसके बाद सभी नामजद आरोपितो द्वारा उसकी बहन प्रियंका कुमारी उर्फ जुली कुमारी की हत्या कर शव को पंखे से लटका कर घर से फरार हो गए। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार ने बताया कि 3 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे मुफस्सिल थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के महुली गांव में एक महिला की फांसी लगने से मौत हो गई है। सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम के द्वारा घटनास्थल से साथ साक्ष्य को इकट्ठा किया गया। प्राथमिकी में मृतका के भाई ने उसके पति, सास, ससुर, ननद एवं भैसुर पर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

मृतको के घर में पसरा मातमी सन्नाटा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस के पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए मृतका के बड़े बेटे दिनेश उर्फ दीपक कुमार ने बताया कि आठ की संख्या में रहे अज्ञात अपराधी आए और धारदार हथियार एवं हथौड़े से मारकर उनकी मां एवं भाई की हत्या कर दी। बहरहाल पुलिस कई पहलू पर मामले जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक सुनील कुमार अपने दो भाई व एक बहन में छोटा था। घटना के बाद मृतकों के घर में हाहाकार मच गया।

अलंकार ज्वेलरी हाउस के तीनों स्टोर पर सोने-चांदी के आकर्षक गहने उपलब्ध

सोने की चेन, कंगन, अंगूठी, झुमका, ब्रासलेट आदि की विभिन्न रेंज में हो रही बिक्री

हीरे जड़ित सोने के गहनो की खरीदारी पर अप टू 25 से 30 प्रतिशत की छूट

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के अलंकार ज्वेलरी हाउस में धनतेरस के अवसर पर ग्राहको के लिए बेहतरीन डिजाइन में गहने उपलब्ध है। प्रोपराइटर अनील कुमार गुप्ता ने बताया कि धनतेरस को लेकर अलंकार ज्वेलरी हाउस के गोपाली चैक, कुल्हड़ियां कम्प्लेक्स एवं ब्राह्मण टोली मोड़ स्थित स्टोर पर सोने के गहनों पर फ्लैट 7.7 प्रतिशत मेकिंग ली जा रही है। यह ऑफर नवम्बर माह तक रहेगा। वही हीरे जडित सोने के गहनो की खरीदारी पर अप टू 25 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वही शादी-विवाह को लेकर गहनों की खरीदारी पर आकर्षक छूट दिया जा रहा है। धनतेरस को लेकर एक ग्राम से 100 ग्राम तक सोने के सिक्के उपलब्ध हैं। वहीं चांदी के नए-पुराने सिक्के के अलावे लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की मूर्ति उपलब्ध है। इसके अलावे चांदी के बर्तन व पूजा के बर्तन भी मंगाए गये हैं। सोने के चेन, कंगन, अंगूठी, झुमका, ब्रासलेट आदि विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। ग्राहक भीड़-भाड़ से बचने के लिए पहले से ही गहनों की बुकिंग कर रहे हैं।

प्रेस क्लब कार्यालय को भेंट की आधुनिक दीवार घड़ी

दीपक व रौशन ने कहा- सामाजिक सरोकारों के प्रति क्लब की सक्रियता प्रशंसनीय

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। क्षेत्र में पत्रकारों को एकजुट कर जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की दिशा में प्रेस क्लब कोईलवर की पहल को समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन मिलने लगा है। इसी कड़ी में सकड्डी स्थित बिहार हार्डवेयर मॉल के संचालक दीपक सिंह ने प्रेस क्लब कार्यालय पहुंचकर पत्रकारों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने क्लब के कार्यालय के लिए एक आकर्षक एवं आधुनिक बड़ी दीवार घड़ी भेंट की और स्वयं उसे कार्यालय में लगाया। दीपक सिंह अपने सहयोगियों रोशन बाबा और चिंटू सिंह के साथ क्लब कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब कोईलवर जिस सकारात्मक सोच के साथ काम कर रहा है, वह क्षेत्र के लिए अच्छी पहल है। पत्रकारों का एक मंच पर संगठित होकर स्थानीय समस्याओं, जनहित के सवालों और सामाजिक विषयों को सामने लाना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याओं को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने और आम जनता की आवाज बुलंद करने में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। ऐसे में प्रेस क्लब जैसी संस्थाओं को समाज के हर वर्ग से सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने दीपक सिंह एवं उनके सहयोगियों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के प्रति आभार जताया। सदस्यों ने कहा कि समाज के लोगों का इस तरह आगे आकर सहयोग करना क्लब के कार्यों के प्रति विश्वास और सकारात्मक माहौल को दशार्ता है।



धनतेरस पर नागरमल ज्वेलर्स में खास तैयारी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। धनतेरस के पावन अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी को लेकर नागरमल ज्वेलर्स में विशेष तैयारियां की गई हैं। आगामी 6 नवंबर को मनाए जाने वाले धनतेरस पर्व को देखते हुए शिवगंज, रूपम सिनेमा रोड स्थित

सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज 7.6 प्रतिशत से शुरू

प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए आभूषणों और उपहारों की आकर्षक रेंज उपलब्ध कराई गई है। नागरमल ज्वेलर्स के प्रोपराइटर उमेश बेरिया ने बताया कि इस धनतेरस ग्राहकों को सोने के आभूषणों की खरीदारी पर विशेष ऑफर दिया जा रहा है। सोने के गहनों पर मेकिंग चार्ज मात्र 7.6 प्रतिशत से शुरू है, जबकि हीरे के मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए



नेकलेस, चेन, ब्रेसलेट, अंगूठी, हार, झुमका, कंगन, चूड़ी, मंगलसूत्र और लक्ष्मी चेन सहित विभिन्न डिजाइनों में सोने के आभूषणों की शानदार रेंज उपलब्ध है। इसके अलावे 1 ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक के सोने के सिक्के भी खरीदारी के लिए मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए चांदी के नए स्टोर में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। यहां शुद्ध चांदी से निर्मित आभूषणों, बर्तनों, सिक्कों और देवी-देवताओं की मूर्तियों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध है। लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, मां दुर्गा, सरस्वती, हनुमान जी और भगवान विष्णु की मूर्तियों के साथ चांदी का झूला भी बिक्री के लिए मंगाया गया है। इसके अतिरिक्त कटोरी, प्लेट, गिलास और पानी की बोतल जैसे चांदी के बर्तनों की भी विस्तृत रेंज है। शुद्ध चांदी के सिक्के 5 ग्राम से लेकर 1 किलोग्राम तक उपलब्ध हैं। श्री बेरिया ने कहा कि धनतेरस पर ग्राहकों की सुविधा और उनकी पसंद को सर्वोपरि रखते हुए आभूषणों एवं चांदी के उपहारों की पर्याप्त रेंज तैयार की गई है। त्योहार के दिन होने वाली भीड़ से बचने और अपनी पसंद के आभूषणों की खरीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक पहले से ही गहनों और सोने-चांदी के सिक्कों की बुकिंग करा रहे हैं।

विपक्ष कितनी भी साजिश रच लें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी कही नहीं जाएंगे : डॉ गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

दरभंगा (एनएसबी)। एनडीए गठबन्धन द्वारा आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में दरभंगा जिले के हर पंचायत से कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

लहेरियासराय पोलो मैदान के पास जिले के सभी दस विधानसभाओं के लिए कार्यकताओं का अलग अलग काउंटर पर रजिस्ट्रेशन कराकर दस हजार कार्यकताओं की विशाल भागीदारी के साथ पदयात्रा कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा।बड़े तथा छोटे सभी प्रकार के वाहनों के साथ कार्यकताओं के पोलो मैदान पहुंचने तथा पदयात्रा को संतुलित तथा व्यवस्थित रूप से संचालन के संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के मंच मोर्चा तथा प्रकोष्ठ के साथियों के द्वारा माइक्रोमैनेजमेंट की व्यवस्था की गई है।स्थानीय सांसद सह लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा कार्यक्रम के समन्वयक डॉ गोपाल जी ठाकुर ने पोलो मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर बिहार सरकार के मंत्री रामचंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय प्रभारी पवन जायसवाल जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना सहित सैकड़ों कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम निमित्त तैयारियों का जायजा लेने के बाद उपरोक्त बातें कही।सांसद डॉ ठाकुर ने मंत्री श्री साह, क्षेत्रीय प्रभारी श्री जायसवाल तथा जिला संगठन के पदाधिकारियों के साथ पोलो मैदान स्थित बन रहे मंच एवं पंडाल, दारुभट्टी चौक स्थित मंच, वाहनों के पार्किंग स्थल, सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की जा रही तैयारियों का निरीक्षण कर पार्टी कार्यकताओं को आवश्यक सुझाव दिए तथा निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे पदयात्रा कार्यक्रम में आमजनों तथा व्यवसायियों को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं हो इसका ध्यान रखे।सांसद डॉ ठाकुर ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी तथा विपक्ष कितनी भी साजिश रच लें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी कही नहीं जाएंगे तथा विकसित भारत 2047 का संकल्प पूरा करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, महिला मोर्चा की जिलाध्यज सपना भारती प्रमोद चौधरी आदि मौजूद थे।



तैयारियों का लिया जायजा, सफलता के लिए कार्यकताओं के साथ की रायशुमारी

आयोजन स्थल का जायजा लेते मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

संक्षिप्त खबरें

राजग गठबंधन की पदयात्रा में शामिल होंगे भूपेंद्र यादव संजय झा एवं अन्य

दरभंगा (एनएसबी)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से पोलो मैदान, धरना स्थल लहेरियासराय मे गुरुवार को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव , जदयु के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा , बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए के सभी मंत्री, सांसद एवं विधायक गण भाग लेंगे। पदयात्रा पोलो मैदान धरना स्थल से लहेरियासराय टावर,लोहिया चौक, बाकरगंज, जीएन.गंज, लहेरियाहराय टावर होते हुए पोलो मैदान तक जाएगी। यह जानकारी मुकुंद चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी
भाजपा दरभंगा पश्चिमी ने दी।

पटाखे की चिंगारी से लगी आग की लपटे पहुंची दो मंजिला इमारत तक



दरभंगा (एनएसबी)। मिलान चौक जे पी चौक मुख्य सड़क के किनारे एक खाली परिसर, जिसमें कई सुखी लकड़ियाँ, पेड़ इत्यादि था, आग लग गई। बताया जाता है कि पटाखे की चिंगारी से आग धधक गई और देखते देखते इसकी लपटें दो मंजिला मकान तक पहुंची। अगल बगल काफी घनी बस्तियां होने के कारण कोहराम मचा। स्थानीय दर्जनों लोगों ने प्रारंभिक प्रयास से पानी, नाला का कीचड़ इत्यादि लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। अगल बगल के मकानों से पानी डाला गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना मिलने पर जबतक उसे स्थल पर आने में पंद्रह मिनट लगा, स्थानीय लोगों ने अथक प्रयास किया और बचे आग को फायर ब्रिगेड ने बुझाया।सूचना मिलते ही नगर थाना, कोतवाली थाना की टीम भी पहुंची। वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा ने मौके पर कहा कि जिस टीम भावना से सिविल आर्मी के रूप में प्रारंभिक स्थिति में बिना साधन युवकों ने मोर्चा संभाला, वह अनुकरणीय है। कई युवकों का हाथ भी जल गया, कईयों ने नाला का कीचड़ निकाल इस पर काबू पाया। इन सभी वीरों को चिन्हित कर स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत करेंगे। फायर टीम, पुलिस प्रशासन सहित बिजली विभाग के भी तत्परता, सराहनीय सहयोग की स्थानीय लोगों ने सराहना की ।

रामावल्लभ जालान की पुण्यतिथि पर रामावल्लभ जालान कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। दिनांक 4 नवंबर,2026 को रामावल्लभ जालान डिग्री कॉलेज, बेला में कॉलेज के संस्थापक पूर्व विधायक स्वड्ड रामावल्लभ जालान की पुण्यतिथि कॉलेज के सचिव, पूर्व महापौर एव सीनेट सदस्य अजय कुमार जालान की उपस्थिति में मनाई गई। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. आर बी खेतान, विजय जालान, डॉ. गौरव कुमार जालान एवं मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विनोद सरावगी, वृक्षारोपण समिति के संयोजक पंकज बजाज, डॉ. लता खेतान, ओम सर्राफ, अंकित पोद्दार, स्वराज शर्मा द्वारा स्वड्ड आर. बी. जालान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं वृक्षारोपण कार्यकर्म किया गया, जिसमे कॉलेज के शिक्षक डॉ. के. के. अग्रवाल, ललित मोहन एवं शिक्षकेत्तर कर्मी अनिल ठाकुर इत्यादि सहित कॉलेज के छात्र/ छात्राएं उपस्थित थे।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अजय जालान,साथ मे डॉ आर बी खेतान

नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार, कोठराम चौक से घनश्यामपुर पुलिस ने दबोचा

घनश्यामपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अलीनगर थाना क्षेत्र के नरमा गांव निवासी विदेश्वर पासवान के पुत्र अभिषेक पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे बरगांव थाना क्षेत्र के कोठराम चौक से मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया। बुधवार को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस संबंध में घनश्यामपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के अपहरण को लेकर उसके पिता ने घनश्यामपुर थाना में आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच और लड़की की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने सोमवार को अपहृत नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया था। इसके बाद मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बरगांव थाना क्षेत्र के कोठराम चौक पर छापेमारी कर अभिषेक पासवान को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पेट्रोल छिड़ककर युवक को आग लगाने के मामले में एफआईआर दर्ज, चार नाबालिग नामजद

सिंहवाड़ा। मधोपुर गांव में दुर्गा मेला के दौरान युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने के मामले में सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसने गांव के ही चार नाबालिक को नामजद किया गया है। घटना 18 नवंबर के रात की बताई गई है। युवक दुर्गा पूजा के दौरान मेला देखकर मध्य रात्रि में घर लौट रहा था। जख्मी मधोपुर गांव निवासी बीस वर्षीय दिलखुश कुमार का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। जख्मी युवक के पिता सोनू भगत के फर्द बयान पर यह कार्रवाई की गई है। उसके पिता ने बताया है कि दिलखुश अपने गांव में दुर्गा मेला देखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पानी टंकी के पास चार युवकों ने उसे रोक लिया। युवकों ने बगल के धनकौल गांव में लीची गाछी वाले दुर्गा मेला में चलने को कहा। दिलखुश ने वहां जाने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपितों ने कथित रूप से उसके शरीर पर पेट्रोल छिड़क दिया और लाइटर से आग लगा दी। दिलखुश के शरीर और कपड़ों में आग पकड़ ली। किसी तरह उसने पास के चापाकल के पानी से आग बुझाई इस दौरान वह जख्मी हो गया उसके परिजन इलाज के लिए डीएमसीएच ले गए। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अनुसंधान शुरू किया गया है।

सिमरी मे सड़क ढलाई में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने जेई को घेरा



सिंहवाड़ा। सिमरी डाकघर से थाना जाने वाली सड़क की ढलाई में अनियमितता देखकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को जेई सर्वजीत कुमार का घेराव किया एवं सामने खड़ा होकर सड़क की ढलाई का कार्य करवाया। ग्रामीण विरोध में नारेबाजी कर कार्यपालक अभियंता को बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि पांच इंच की जगह दो से तीन इंच मोटी सड़क की ढलाई की जा रही थी। इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। काम रुकने की जानकारी मिलते ही जेई भी मौके पर पहुंच गया। जेई का कहना था कि सड़क निर्माण का प्राक्कलन करीब 85 लाख रुपए है। जिसके अनुसार सिमरी पोस्ट ऑफिस चौक से थाना चौक तक पीसीसी सड़क ढलाई कार्य किया जाना है। मुखिया दिनेश महतो, सरपंच अशोक पासवान, पंस सदस्य वैधनाथ यादव उर्फ गुड्डू, नरेश मंडल आदि ने मामले को शांत कराया। जेई को मौके पर खड़ा कर ग्रामीणों ने नियम के अनुसार कार्य शुरू कराना शुरू कराया तब जाकर मामला शांत हुआ।

साइबर फ्रॉड के जरिए कथित युवती ने इंजीनियर से किया डेढ़ करोड़ की ठगी

दरभंगा । बेहतर जिंदगी जीने का सपना दिखाकर साइबर फ्रॉड लड़की ने एक प्राइवेट कंपनी के इंजीनियर से दोस्ती कर उसे डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिया जिसका मामला साइबर थाना में दर्ज करवाया है। आवेदन में बताया है कि इंस्टाग्राम पर एक लड़की ने उन्हें फ्रेंड बनाते हुए बताया की आप बहुत स्मार्ट हैं। आपसे दोस्ती करना चाहते हैं उसके बाद शादी कर बेहतर जीवन व्यतीत करेंगे। साइबर फ्रॉड लड़की ने 3 महीने में 30 बैंक खाता में अलग-अलग तरीके से डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिया और बताई की विभिन्न कंपनी के शेयर में पैसा लगाकर ज्यादा कमा लिया जाएगा। उसके बाद बेहतर जिंदगी जिएंगे। साइबर फ्रॉड लड़की युवक से कभी भी वीडियो कॉलिंग चैट नहीं की बल्कि सिर्फ ऑडियो कॉलिंग कर बात करती थी। युवक को तरह-तरह का

सब्जबाग दिखाती थी। प्राइवेट इंजीनियर उसके झांसे में आकर 3 महीने में डेढ़ करोड़ रूपया खाता में भेज दिया। इंजीनियर अपनी बहन और मां के खाता से रुपया लेकर साइबर फ्रॉड लड़की को दी थी। इंजीनियर दरभंगा जिला के बहेड़ा थाना क्षेत्र के नवादा गांव का रहने वाला दीपक कुमार है। आवेदन में बताया है कि जब उसे पैसे की आवश्यकता हुई तो पैसे की मांग करने पर युवती ने बताया कि सिस्टम में मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है ऐसी स्थिति में दो-तीन दिन समय लगेगा। फिर दो-तीन दिन बाद जब इंजीनियर साइबर फ्रॉड से पैसे की मांग की तो उसने बताया कि जमा राशि का 25 प्रतिशत रुपया देने पर हीं भुगतान हो पाएगा। जब और पैसे की मांग की तो इंजीनियर दीपक को एहसास हुआ कि वह साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया है। तुरंत वह डायल 1930 पर डायल कर सूचना दी। सूचना के बाद वह 2 नवंबर को साइबर थाना में मामला दर्ज करवाया। साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि दीपक कुमार झा के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। इंस्टाग्राम पर जब साइबर फ्रॉड लड़की का फोटो की मिलान की गई तो लड़की का फोटो नहीं मिल रहा था। उन्होंने बताया कि अन्य तकनीकी व्यवस्था से साइबर फ्रॉड लड़की की पहचान की जाएगी साथ हीं बैंक खाते का सत्यापन कराया जा रहा है। यह खता कहां कहां खुला हुआ है।

तीन महीने के अंदर 30 खातों से निकलवा लिया यह राशि

आरके सिन्हा के निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने आयोजित की

दरभंगा (एनएसबी)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला शाखा दरभंगा के तत्वावधान में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय रविंद्र किशोर सिन्हा (आर. के. सिन्हा) के निधन पर जिला अध्यक्ष विनोद कुमार लाल की अध्यक्षता में चिल्ड्रन पार्क ,लहेरियासराय,दरभंगा के प्रांगण में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चित्रांश परिवार के गणमान्य सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।शोकसभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनोद कुमार लाल ने स्वर्गीय आर. के. सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। पूर्व राज्यसभा सांसद होने के साथ-साथ वे प्रसिद्ध सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड के संस्थापक, प्रख्यात पत्रकार, सफल उद्यमी एवं समाजसेवी भी थे। उन्होंने अपने जीवन में समाज और राष्ट्र के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सिन्हा का जीवन संघर्ष, समर्पण, उद्यमशीलता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके विचार एवं सामाजिक योगदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता अरुण कुमार दास, जिला उपाध्यक्ष मंगल प्रदीप, जिला संगठन मंत्री नीरज कुमार कर्ण, परामर्शदात्री समिति के पदाधिकारी अधिवक्ता कैलाश चंद्र लाभ, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अधिवक्ता अनीता आनंद सहित अधिवक्ता चंदा वर्मा, अधिवक्ता निशु सिन्हा, अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अजय रंजन रवि, अधिवक्ता मनोज कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता संजय कुमार सहित अनेक गणमान्य



चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

गंगा उत्सवझ2026 के द्वितीय दिवस पर नदी संरक्षण पर मंथन एवं सुरमयी सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

दरभंगा (एनएसबी) । गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित गंगा उत्सवझ2026 के द्वितीय दिवस का आयोजन बुधवार को ऑडिटोरियम, चन्द्रधारी संग्रहालय, दरभंगा में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।जिला गंगा समिति, दरभंगा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत नदी संरक्षण के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श के साथ-साथ संगीत, लोकगीत एवं लोकनृत्य से सुसज्जित ह्लसुरमयी गंगा झ संगीत एवं सांस्कृतिक संध्याह्व का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा मिथिला की समृद्ध लोक-संस्कृति को मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया।गंगा उत्सवझ2026 के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में ह्लगंगा के विभिन्न दृष्टिकोण झ एक जीवंत नदी के संरक्षण के लिए जन-आवाजेंह्व विषय पर विचार-विमर्श आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, दरभंगा फारूक इमाम ने स्वागत वक्तव्य देते हुए गंगा उत्सव के उद्देश्यों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सत्र की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गंगा उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी, जनभागीदारी और जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। डॉ. रंजीत कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग, एम.के. कॉलेज, दरभंगा ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण से गंगा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक बसावट एवं सामाजिक विकास में गंगा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से स्पष्ट किया कि नदी संरक्षण के लिए वैज्ञानिक समझ, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक चेतना, स्थानीय समुदायों की सहभागिता तथा व्यावहारिक प्रयासों का समन्वय आवश्यक है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जूरी सदस्यों का सम्मान एवं स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इसके पश्चात विशिष्ट वक्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियानझ2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंत में समूह छायाचित्र के साथ सत्र का समापन हुआ।गंगा उत्सवझ2026 के द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र ह्लसुरमयी गंगा झ संगीत एवं सांस्कृतिक संध्याह्व का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में संगीत, लोकगीत एवं लोकनृत्य की विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से मिथिला की समृद्ध लोक-संस्कृति और गंगा के प्रति जनभावनाओं को अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान गंगा उत्सवझ2026 के विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में योगदान देने वाले 16 जूरी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

लोकगीत, लोकनृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

ग्राहकों को 8,000 तक कैशबैक की सौगात

दरभंगा (एनएसबी) । शहर के वीआईपी रोड, अल्ललपट्टी स्थित प्रतिष्ठित दोपहिया वाहन प्रतिष्ठान एस.एस. होंडा के पूर्णतः नवीनीकृत एवं अत्याधुनिक 4एस शोरूम का बुधवार को भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि होंडा के सेल्स जोनल इंचार्ज पीयूष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि हिमांशु रंजन ने प्रबंध निदेशक सतीश कुमार सिंह तथा निदेशक राणा साहिल की उपस्थिति में फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया।विदित हो कि पिछले 17 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा एवं एक लाख से अधिक परिवारों के विश्वास के साथ एस.एस. होंडा ने अपने शोरूम को होंडा की नवीनतम विजुअल आइडेंटिटी के अनुरूप भव्य स्वरूप दिया है। यहाँ प्रीमियम कस्टमर लाउंज, डिजिटल डिस्प्ले, स्मार्ट एप्लिकेशन एवं आधुनिक ग्राहक सेवा सुविधाओं के साथ सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स एवं सेफ्टी (4एस) की सुविधाएँ एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं।त्योहारी ऑफर में उपहारों की बरसात।शोरूम के शुभारंभ के साथ एस.एस. होंडा ने विशेष फेस्टिवल योजनाओं की भी जानकारी दी। इसके अंतर्गत वाहन बुकिंग पर एक सुनिश्चित उपहार, डिलीवरी पर दो सुनिश्चित उपहार तथा मेगा लकी ड्रॉ में आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चुनिंदा मॉडलों पर सी बी125 होर्नेट में 8,000, शाइन 100 डी एक्स में 3,000 एवं एक्टिवा में 1,500 तक कैशबैक की विशेष योजना घोषित की गई है।



उद्घाटन के अवसर पर सतीश कुमार सिंह,पीयूष गुप्ता,राणा साहिल।

बुकिंग पर एक, डिलीवरी पर दो सुनिश्चित उपहार और मेगा लकी ड्रॉ का भी मिलेगा लाभ

छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुत कर छात्राओं ने मोहा मन



झांकी प्रस्तुत करती छात्राएं

तारडीह। उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजाखड़वार में बुधवार को कक्षा आठ की छात्राओं ने लोक आस्था के महापर्व छठ की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा और छठ पूजा से जुड़े दृश्यों के माध्यम से छात्राओं ने पर्व की महत्ता को जीवंत कर दिया।झांकी में अनिका आनंद, आशिका कुमारी, शिवानी कुमारी, चांदनी कुमारी, कंचन कुमारी, राधिका कुमारी, ममता कुमारी एवं देवकी कुमारी ने भाग लिया। शिक्षक प्रवीण कुमार ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, जबकि शिक्षिका रेनू पाल एवं सुमन तिवारी ने छात्राओं को सजाने-संवारने में सहयोग किया।शिक्षक पंकज कुमार, मनोज सिंह, शमीम सरवर, नकी इमाम एवं अकील जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापक चंदेश्वर राम ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

शराब के साथ दो बाइक सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

सिंहवाड़ा। सिमरी बरहुलिया पथ पर वाहन चेकिंग के दौरान सिमरी थाना की पुलिस ने 33 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शराब लेकर जा रही दोनों बाइक भी जप्त कर लिया है। बताया गया है की सिमरी पुलिस पुअनि पुजा कुमारी के नेतृत्व मे वाहन जांच कर रही थी। उसी समय काले रंग की होंडा बाइक पर सवार मोरो थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी संजय सहनी और वकील सहनी बाइक सहित मौके से भागने लगा। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया एवं उसके बाइक से 25 लीटर शराब बरामद हुई। दूसरी ओर लाल रंग की दूसरी बाइक से सबौल निवासी अरुण राम पहुंचा। पुलिस ने उसके पास में आठ लीटर शराब बरामद कर लिया और उसे भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

डीएम आनंद शर्मा के धैर्य और संवेदनशीलता की हुई सराहना

विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधिमंडल ने समाहरणालय पहुंचकर किया सम्मानित, जनसंवाद और पीपुल फ्रेंडली कार्यशैली को बताया सराहनीय

मोहन झा

मधुबनी। बाबूबरही प्रखंड के बलिराजगढ़ में घटित संवेदनशील घटना के दौरान जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा द्वारा अपनाए गए धैर्य, संयम और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण की जिले में सराहना हो रही है। घटना के दौरान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जनसंवाद को प्राथमिकता देने, पीड़ित परिवार की बात सुनने और शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं पेशेवर संगठनों से जुड़े लोगों ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की।


गुलदस्ता देकर लोगों ने सम्मानित किया जिलाधिकारी आनंद शर्मा को।

इसी क्रम में बुधवार को चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक, पत्रकारिता, विधि एवं व्यवसाय जगत से जुड़े प्रतिनिधियों के एक समूह ने समाहरणालय पहुंचकर डीएम आनंद शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया तथा बलिराजगढ़ की घटना के दौरान उनके द्वारा अपनाए गए प्रशासनिक एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि किसी भी संवेदनशील परिस्थिति में प्रशासनिक नेतृत्व की वास्तविक परीक्षा होती है। बलिराजगढ़ की घटना के दौरान डीएम ने धैर्यपूर्वक विभिन्न पक्षों की बातें सुनीं और धरनारत लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं चिंताओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने प्रभावित परिवार को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग एवं सहायता का भरोसा भी दिया।

प्रतिनिधियों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम में संवाद, संयम और संवेदनशीलता को प्राथमिकता देना प्रशासन की पीपुल फ्रेंडली कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि डीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी आम लोगों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने का निर्देश दिया। इससे प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का माहौल कायम रखने में मदद मिली।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि डीएम ने पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करते हुए उनकी पीड़ा को गंभीरता से सुना। कठिन परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आम लोगों की भावनाओं का सम्मान करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बलिराजगढ़ की घटना के दौरान उनकी कार्यप्रणाली में इन दोनों पहलुओं को प्राथमिकता दी गई।

प्रतिनिधियों ने उनकी संवाद शैली, निर्णय प्रक्रिया और आम लोगों के साथ सहज व्यवहार की भी प्रशंसा की। उनका कहना था कि प्रभावी प्रशासन का अर्थ केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को सुनना, उनकी भावनाओं को समझना और समाधान की दिशा में भरोसे के साथ आगे बढ़ना भी है।

इस अवसर पर डा. आरएस पांडेय, डा. डीके झा, डा. कुणाल कौशल, डा. सुमन, अनिरुद्ध प्रताप चौधरी, छाया मिश्रा, काजी, कमलदेव यादव, टुन्नाश्री, डा. नीरज, कर्ण, गुलाब, मृत्युंजय, रंजीत, नीतीश एवं राघव सहित कई समाजसेवी, शिक्षाविद, चिकित्सक, पत्रकार, अधिवक्ता एवं व्यवसायी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि संवेदनशील घटनाओं में प्रशासनिक कार्रवाई के साथ मानवीय संवेदना, पारदर्शिता और जनसंवाद भी जरूरी है। बलिराजगढ़ की घटना के दौरान डीएम की कार्यशैली ने इन पहलुओं को लेकर जिले में एक सकारात्मक चर्चा को जन्म दिया है।

खबरें : एक नजर में

तेजस्वी 5 नवंबर को बाबूबरही पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे


तेजस्वी प्रसाद यादव।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। 5 नवंबर को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव दोपहर 2 बजे हैदराबाद से दरभंगा एयरपोर्ट पहुँचेंगे। एजाज अहमद ने बताया कि दरभंगा एयरपोर्ट से सीधे मधुबनी जिला के बाबूबरही में हुई एएसआई के द्वारा की गई गोलीबारी की घटना में 2 लोगों की मौत एवं अन्य लोगों के घायल होने के मामले पर पीड़ित परिवार से मिलने बाबू बरही पहुंचेंगे । पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें धरण ढांढस बंधाने और न्याय दिलाने के लिए स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर सारी बातों की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिससे कि पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाया जा सके।

बस से कुचलकर एक 5 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

बेनीपट्टी (दैनिक नवसंदेश)। थाना के बसैठ के हाई स्कूल के निकट मंगलवार की संध्या बस से कुचलकर एक 5 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मासूम की पहचान साहरघाट थाना के त्रिमूहान गांव के राहुल ठाकुर के पुत्र काशीनाथ के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छठ दिवाली मनाने के लिए राहुल ठाकुर पूरे परिवार के साथ उसी बस से जयपुर से घर आ रहा था। जयपुर से मधवापुर की ओर आ रही राजलक्ष्मी बस के बसैठ पहुंचने पर सभी सदस्य अगला स्टोपेज त्रिमूहान में उतरने के लिये तैयार हो रहे थे।

लोकतांत्रिक व्यवस्था को भाजपा के नेता कमजोर कर रहे हैं : एजाज अहमद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बांग्लादेश भेजे जाने की बात करके यह स्पष्ट कर दिया कि ऐसी भाषा बोलकर कहीं न कहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था को भाजपा के नेता कमजोर कर रहे हैं। जबसे वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन सफल हुआ और रामलीला मैदान में जुटी भीड़ के बाद भाजपा के नेता बौखलाहट और बेचैनी में वैसी भाषा बोल रहे हैं, जो कहीं से भी स्वीकार्य नहीं है । इस तरह की भाषा के लिए हेमंत विश्वकर्मा देश की जनता से माफी मांगे, क्योंकि उन्होंने संवैधानिक पद पर बैठे हुए नेता प्रतिपक्ष के संबंध में आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल की है।


एजाज अहमद।

बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पांच घर चलकर राख

बेनीपट्टी (दैनिक नवसंदेश)। अरेर थाना क्षेत्र के परौल गांव में मंगलवार की शाम करीब सात बजे अचानक लगी आग ने पांच घरों की खुशियां उजाड़ दीं। बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पांच घर इसकी चपेट में आ गए। इस घटना में गृहस्वामी रमन कुमार कर्ण एवं सुमन कुमार कर्ण के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घरों में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, जरूरी कागजात समेत गृहस्थी का तमाम सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग की भयावहता के कारण परिवार के सदस्यों को सामान निकालने का अवसर तक नहीं मिल सका। आग की लपटें उठते ही गांव में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने में जुट गए। इस बीच अगिशमन विभाग को भी सूचना दी गई।

ई कचरा प्रबंधन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

बिस्फी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय बलहा के परिसर मे स्वच्छता स्पेशल कैंपेन 6 के तहत ई कचरा प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया । विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ई कचरा संग्रहण का कार्य किए गए । इस मौके पर विद्यालयों के द्वारा ई कचरा प्रबंधन विषय पर विशेष चेतना सत्र, छात्र छात्रा जि प्रतियोगिता एवं एकत्र किए गए ई कचरा के निस्तारण को लेकर हरा, नीला, लाल और कला रंग के डिब्बे की व्यवस्था लागू किए गए । इस व्यवस्था के तहत ई कचरा प्रबंधन जागरूकता एवं एकत्रीकरण अभियान भी चलाया गया । इसमें ईको क्लब के सदस्यो ने भी भाग लिया । प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमार ने कहा कि अभियान 6 के तहत स्वच्छता, साफ-सफाई, हाथों की स्वच्छता एवं जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जागरूकता चलाया गया.। कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानो में स्वच्छ, सुरक्षित एवं संक्रमण मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है । मौके पर कई शिक्षक उपस्थित थे।

मिशन सफर के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अरविंद महिला कॉलेज में आयोजित


पुलिस अधीक्षक, यातायात पटना के मार्गदर्शन में संचालित मिशन सफर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पटना **(दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक, यातायात पटना के मार्गदर्शन में संचालित मिशन सफर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर , पटना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जाना कि आधुनिक तकनीक की सहायता से शहर के यातायात का वास्तविक समय में संचालन एवं निगरानी कैसे की जाती है, ई-चालान प्रणाली कैसे कार्य करती है तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में तकनीक की क्या भूमिका है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, के बारे में जानकारी दी गई। इससे उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक, सजग यात्री एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक युवा बनने की प्रेरणा मिली। मिशन सफर का उद्देश्य केवल नियमों की जानकारी देना नहीं, बल्कि ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो दुर्घटना की स्थिति में सहायता के लिए आगे आएं और सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा दें।

123 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज धराया, दूसरा फरार, प्राथमिकी दर्ज



जानकारी पुलिस पदाधिकारी।

बिस्फी (दैनिक नवसंदेश)। पतौना थानाध्यक्ष के नेतृत्व में शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी अभियान से शराब तस्करों में मचा हड़कंप।पुलिस टीम ने मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के सिबौल गांव निवासी दिवाकर यादव के भुसा घर में छापेमारी की।

छापेमारी में भुसा में छुपाकर रखे गए 123 बोतल कुल मात्रा 75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया।मौके पर छापेमारी देख भाग रहे शराब तस्कर दिवाकर यादव को गिरफ्तार किया गया जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया।

इस बाबत थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर दिवाकर यादव समेत दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

वही गिरफ्तार शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि सुखे नशा पदार्थ गांजा और शराब तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा,अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

मौके पर अपर थानाध्यक्ष उदय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

बलिराजगढ़ घटना : 9 नवंबर को बाबूबरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रतिरोध मार्च एवं 10 नवंबर को जिला में मुख्यमंत्री का पुतला दहन होगा

मधुबनी (दैनिक नवसंदेश)। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बलिराजगढ़ घटना का जांच कर पीड़ित परिवार और घटना की चश्मदीद ग्रामीण लोगों से विस्तार से चर्चा कर जानकारी लिया। माकपा के जांच टीम में माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य रामनरेश यादव, रामजी यादव, शशिभूषण प्रसाद, सत्यनारायण यादव, अशोक कुमार यादव, उमेश घोष, शशिशेखर सहलैता, अरुण यादव,गंगा राम, देवनारायण यादव,नथुनी राय, विजय कुमार, रामवतार साहु, राजेन्द्र साहु, महेंद्र पासवान सहित अन्य नेता शामिल थे।


पीड़िक से मिलते माकपा के जांच टीम के सदस्य।

माकपा नेता ने कहा कि प्रशासन को मुकदमा दर्ज करने में सतरह घंटा लग गई और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज नहीं करना प्रशासन अपने अधिकारी को बचाने की मंशा दर्शाता है,यह घटना दुरूखद, हृदयविदारक है, हम घटना की उच्चस्तरीय जांच करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा देने, पोक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज करने, जख्मी लोगों को बेहतर इलाज, एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, हत्या का मुकदमा दर्ज कर स्पीड ट्राइल चलाकर सजा देने, पुलिस अधिकारी को अविलंब गिरफ्तार कर बर्खास्त करने के सवाल पर 9 नवंबर को बाबूबरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रतिरोध मार्च एवं 10 नवंबर को पुरे जिला में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा।

माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बलिराजगढ़ की घटनाएं को जिला प्रशासन सही को छुपाने और झूठ बोल रहे हैं, पुलिस चौकी में तैनात एक अधिकारी द्वारा दुध देने वाली महिला के घर में जबरन खिड़की से घुस कर नाबालिग लड़की के साथ अमानवीय घटना करने की कोशिश की है।

ग्रामीणों द्वारा घर को घेर लिया जिस पर आक्रोशित होकर पुलिस अधिकारी अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली चलाकर चार आदमी को जख्मी कर दिया, घायल में एक की मृत्यु हो गया और जख्मी लोग जीवन मौत से जूझ रहा है।

खबरें

खास-खास

पुलिस पदाधिकारी को निलंबित कर सेवा से बर्खास्तगी की प्रक्रिया प्रारम्भ : एसएसपी

मधुबनी (दैनिक नवसंदेश)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार के शाम प्रेस कन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया है कि बाबूबरही थाना अन्तर्गत बलिराजगढ़ गांव में पुलिसकर्मी द्वारा अपने सर्विस पिस्टल से गोली चलाने की घटित घटना के संदर्भ में अभियुक्त कि गिरफ्तारी हेतु 12 विशेष टीम गठीत किया गया हैठ उन्होंने कहा कि मृतक के पत्नी के ब्यान पर बाबूबरही थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।उक्त पुलिस पदाधिकारी को निलंबित कर सेवा से बर्खास्त की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। हत्या के कांड में माननिय न्यायालय से वारंट एवं कुर्की प्राप्त की जा रही है। शीघ्र हीं आरोपी के घर की कुर्की प्रभावी तरीके से करने की तैयारी की जा रही है। 12 विशेष टीमें जिले के अन्दर, जिले के बाहर एवं नेपाल बर्डर तरफ उक्त आरोपी की तलाश में छापेमारी लगातार कर रही है। जिसकी मनिटरिंग अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 एवं सदर-02 द्वारा की जा रही है। आगे इस हत्या के कांड में शीघ्र अनुसंधान पुरा कर स्ट्रीट ट्रायल चलाकर इसे फांसी की सजा दिलाई जायेगी। गुणवतापूर्ण अनुसंधान हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व में एस आई टी टीम गठीत कर दी गई है।आरोपी ि चन्द्रमोहन सिंह का फोटो सभी जगह प्रसारित कर दी गई है। आरोपी का वर्तमान लोकेशन की सूचना देने वाले व्यक्ति को 25,000ध- रूपया का इनाम घोषित कर दिया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। सूचना देंने हेतु पुलिस नियंत्रण कक्ष, मधुबनी के मो0-9031674255 पर सूचना दें। इस आरोपी के उपर मधुबनी पुलिस अन्य अपराधी से भी ज्यादा कठोर कार्रवाई करेगी।


जानकारी देते एसएसपी योगेंद्र कुमार

सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय सह महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, खजौली में विद्यालय सहायक के रुप में त्रिलोकीनाथ कुंवर

खजौली (दैनिक नवसंदेश)। सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय सह महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, खजौली में विद्यालय सहायक (विद्यालय लिपिक) के रुप में त्रिलोकीनाथ कुंवर ने बुधवार को योगदान किया। उन्होने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी के समक्ष अपना योगदान दिया। ज्ञात हो कि वर्ष 2019 में यहां पदस्थापित एक लिपिक के सेवानिवृत्त होने के पश्चात पिछले करीब आठ वर्षो से यहां लिपिक का पद रिक्तथा। लिपिक का पद रिक्तरहने के कारण विद्यालय के कार्यालई कार्यो के निष्पादन में कठिनाई होती थी। यहां विद्यालय लिपिक के पदस्थापन होने से विद्यालय के कार्यो के निष्पादन में अब सहुलियत होगी तथा कार्यो के निष्पादन में तेजी आएगी।

जिला युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण, सम्मान समारोह आयोजित

मधुबनी (दैनिक नवसंदेश)। मधुबनी जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला एवं विधानसभा पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी जिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी रंजन झा ने की। इस अवसर पर मधुबनी पूर्वी से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्वाचित एडवोकेट अतुल झा एवं मधुबनी पश्चिमी से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्वाचित गोविंद झा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने दोनों नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को पदभार ग्रहण कराया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।


युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला एवं विधानसभा पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह।

समारोह में मधुबनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज झा, उपमहापौर अमनुल्लाह खान, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट (प्रवक्ता) अभिषेक झा सहित,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टेक नाथ पाठक, कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निर्वाचित विजय ष्ण झा को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विधानसभा एवं प्रखंडों में निर्वाचित युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में बेनीपट्टी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश गिरी, हरलाखी विधानसभा अध्यक्ष सुजीत कुमार, बेनीपट्टी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश राय, मधुबनी विधानसभा से आदेश प्रतिहस्त, राजनगर विधानसभा से रजनीश पांडेय तथा झंझारपुर विधानसभा अध्यक्ष सिराज गौहर शामिल रहे। विभिन्न प्रखंडों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया।

पदभार हस्तांतरण के दौरान निवर्तमान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करना और युवाओं को संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है। आगे भी युवा कांग्रेस को मजबूत करने के साथ-साथ राहुल गांधी द्वारा युवाओं के अधिकार, रोजगार और न्याय के लिए उठाई जा रही आवाज को मजबूती प्रदान करने का काम किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी रंजन झा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारी युवाओं की आवाज बनें और संगठन की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा संगठन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

स्कूली बच्चों ने राज्य स्तरीय बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता में लाइव मैच देखकर उठाया लुत्फ

मधुबनी, (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय खेल भवन, मधुबनी (वाटसन उच्च विद्यालय परिसर) में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने लाइव मैच का आनंद लिया। इस दौरान जिला शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार चिन्हित नगर क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों के बच्चे अपने-अपने शारीरिक शिक्षकों की देखरेख में ससमय खेल स्थल पर पहुंचे। मैच देखने के लिए मुख्य रूप से सूना सिं दे ना मु वाटसन उच्च विद्यालय, वाटसन मध्य विद्यालय, शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय (भौआड़ा), मध्य विद्यालय (भौआड़ा), जीएमएसएस उच्च विद्यालय, और महंत युगल नारायण प्लस 2 उच्च विद्यालय, मधुबनी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मधुबनी जिले के स्कूली बच्चों के लिए तलवारबाजी का यह खेल बिल्कुल नया, अनूठा और आकर्षण का केंद्र रहा। इन सभी विद्यालयों से आए बच्चों में प्रतियोगिता को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। बच्चों ने ताली बजाकर और पूरे जोश के साथ विभिन्न प्रमंडलों (पटना, तिरहुत, मगध, मुंगेर, भागलपुर और मोतिहारी एकलव्य केंद्र) से आईं बालिका खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर के इस खेल की बारीकियों और दांव-पेचों को लाइव देखकर स्कूली बच्चे बेहद रोमांचित नजर आए।



छात्रों का ग्रुप फोटो।

उपस्थित अधिकारियों और खेल शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों में बच्चों की सहभागिता से उनमें खेलों के प्रति न केवल रुचि बढ़ती है, बल्कि खेल की भावना और अनुशासन का भी विकास होता है। कई बच्चों ने मैच देखने के बाद इस नए खेल को सीखने और भविष्य में इसमें आगे बढ़ने की भी इच्छा जाहिर की।

इस अवसर पर बच्चों की सुरक्षा और ससमय आवागमन को लेकर उक्त सभी विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक पूरी तरह मुस्तैद रहे, जिससे बच्चों ने बिना किसी असुविधा के इस भव्य राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का लुप्त उठाया।

बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता का समापन, विजेताओं को किया सम्मानित

मधुबनी (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय खेल भवन सह व्यायामशाला, मधुबनी (वाटसन उच्च विद्यालय परिसर) में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि घनश्याम ठाकुर ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह बेटियों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना को भी सुढ़ करता है। उन्होंने मधुबनी जिला प्रशासन और खेल विभाग को इस सफल और अनुशासित आयोजन के लिए बधाई दी।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि घनश्याम ठाकुर और जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न प्रमंडलों से हुए विजेता, उपविजेता और प्रतिभागी बालिकाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



सम्मानित करते एमएलसी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने किया।

जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में दो दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन , तकनीकी टीम, विभिन्न प्रमंडलों से आए कोच, रेफरी और आयोजन समिति के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने विशेष रूप से मैच देखने आए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शारीरिक शिक्षकों की सराहना की, जिन्होंने खिलाड़ियों का निरंतर उत्साहवर्धन किया।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा तकनीकी पदाधिकारी के रूप में राकेश कुमार, संदीप कुमार, राजन कुमार, अंकित कुमार ,प्रवीण कुमार ,राजेश कुमार ,शिवम कुमार, सत्यम कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस समापन अवसर पर जिले के कई गणमान्य नागरिक, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक, खेल शिक्षक और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यूजीसी एक्ट की वापसी और आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे सैंकड़ो सवर्ण समाज के लोग

सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा के बैनर तले नगर में निकाला जन आक्रोश मार्च

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। यूजीसी एक्ट की पूर्ण वापसी, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और निर्दोष विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं परिवारों की सुरक्षा समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में नगर में जन आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल सवर्ण समाज के सैंकड़ो लोग यूजीसी एक्ट वापस लेने, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने सहित अन्य नारे लगाते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए समाहरणालय पहुंचे, जहाँ केंद्र सरकार के खिलाफ मार्च में शामिल लोगों ने गगनभेदी नारों के साथ रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।



नगर में आक्रोश मार्च निकालकर प्रदर्शन करते सवर्ण समाज के लोग।


समाहरणालय में यूजीसी के खिलाफ आक्रोश और विरोध जताते जुलुस में शामिल सवर्ण समाज के लोग।

इसके पश्चात मोर्चा के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें बिहार के राज्यपाल के नाम अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसके बाद हुई प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक रघुनंदन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबू ने कहा कि शिक्षा, उच्च शिक्षा, आरक्षण और कानून व्यवस्था से जुड़े विषयों पर सरकार को न्यायपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यावहारिक निर्णय लेना चाहिए। यूजीसी एक्ट से संबंधित विवादित प्रावधानों को पूरी तरह वापस लिया जाना चाहिए। शिकायतों के मामलों में निष्पक्ष जांच, सुनवाई और अपील की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि निर्दोष विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके परिवारों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शुल्क माफी, छात्रावास एवं उच्च शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। संगठन ने आरक्षण व्यवस्था को आर्थिक आधार पर लागू करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया। साथ हीं संगठन के लोगों ने कानूनों के दुरुपयोग को रोकने, निष्पक्ष प्रारंभिक जांच और दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर देने की मांग उठाई। मोर्चा के पदाधिकारियों ने एट्रोसिटी एक्ट समाप्त करने के साथ ही अधिनियम समाप्त होने तक मुकदमा दर्ज करने से पहले निष्पक्ष प्रारंभिक जांच और झूठी शिकायत करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान करने की मांग की।

पूर्व जिला परिषद सदस्य शशि कुमार सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार में वास्तविक सहायता मिलनी चाहिए। छात्रवृत्ति, शुल्क माफी और उच्च शिक्षा की सुविधाएं सरल एवं पारदर्शी बनाई जाएं, ताकि गरीब परिवारों के मेधावी बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, एट्रोसिटी एक्ट समाप्त करने और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष सुविधाएं देने की मांग

मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

अजीत कश्यप ने कहा कि किसी भी कानून का उद्देश्य न्याय और सुरक्षा होना चाहिए। शिकायतकर्ता और आरोपित दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। वहीं, धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए। प्रत्येक समाज के गरीब परिवारों को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर मिलना ही सामाजिक न्याय का आधार है। मोर्चा के संयोजक

अमर बाबू ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो मोर्चा का चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मांगें किसी व्यक्ति या वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि समान अवसर, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार एवं संसद से संबंधित मांगों को राष्ट्रपति और भारत सरकार तक अनुशंसा सहित भेजने तथा राज्य से जुड़ी मांगों पर बिहार सरकार को आवश्यक सुझाव देने का आग्रह किया। मार्च एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधि मंडल में सुधीर कुमार ओझा, विजय कुमार चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, गणेश प्रसाद सिंह, बिसंबर कुमार पप्पू, मनीष झा, श्रवण कुमार, बृजभूषण मिश्र, रंजन कुमार, रूपेश कुमार, हरेराम मिश्र, महंत मृत्युंजय दास, संजय कुमार सिंह, सुरेश कुमार, सुखेंद्र कुमार ठाकुर, मनोज श्रीवास्तव सहित जिले के विभिन्न प्रखंडो और पंचायतों के सैंकड़ो सवर्ण समाज के लोग शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

छठ पूजा को लेकर नगर निगम अलर्ट मुजफ्फरपुर के 12 घाट खतरनाक घोषित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 13 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू होने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व को देखते हुए शहर के प्रमुख घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था का काम शुरू कर दिया गया है। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की इंजीनियरिंग टीम ने शहर के 21 प्रमुख घाटों का तकनीकी निरीक्षण किया। जांच के बाद 12 घाटों को खतरनाक और संवेदनशील घोषित किया गया है। सबसे अधिक संवेदनशील स्थिति बूढ़ी गंडक नदी किनारे निमार्णाधीन अखाड़ाघाट पुल के नीचे स्थित घाट की पाई गई है। निर्माण कार्य, नदी की गहराई और तेज बहाव को देखते हुए यहां छठ पूजा और अर्घ्य देने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं अखाड़ाघाट का सीढ़ी घाट, सूर्य मंदिर घाट, आश्रम घाट और लकड़ीढाई घाट सुरक्षित घोषित किए गए हैं। दूसरी ओर, जगन्नाथ मिश्र कॉलेज के समीप स्थित चंदवारा घाट की जर्जर स्थिति को देखते हुए नगर निगम वहां कोई विशेष व्यवस्था नहीं करेगा। इंजीनियरिंग टीम की जांच में सिकंदरपुर मन स्थित आईजी घाट, साहब घाट, रामेश्वर सिंह कॉलेज के पीछे वाला घाट, मुक्तिधाम के बगल का घाट, कन्हौली मठ पोखर और श्याम टॉकीज पोखर समेत 12 घाटों एवं जलस्रोतों को असुरक्षित श्रेणी में रखा गया है। इसके विपरीत दादर घाट और दादर स्लुइस गेट से पहले बनने वाले घाट को सुरक्षित घोषित किया गया है। साहू पोखर, ब्रह्मपुरा पोखर, पड़ाव पोखर, तीन पोखरिया, बिहार विश्वविद्यालय पोखर, आरडीएस कॉलेज पोखर और बीबीगंज पोखर में छठ पूजा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खतरनाक और प्रतिबंधित घाटों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। साथ ही लाल झंडे लगाकर श्रद्धालुओं को वहां जाने से रोका जाएगा। घाटों पर साफ-सफाई, पहुंच पथ की व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को समय पर पूरा करने की तैयारी है। प्रशासन का उद्देश्य छठ महापर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।


नगर की छठ घाटों का निरीक्षण करने मेयर के साथ निकली नगर निगम अधिकारियो की टीम

चाय दुकान पर हुए विवाद के बाद घर पर चढ़ कर की फायरिंग, एक आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के काँटी थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में मामूली विवाद के बाद अपराधियों ने एक व्यक्ति के घर पर चढ़कर गोलीबारी की। बताया गया है कि मंगलवार देर शाम चाय की दुकान पर हुए विवाद के बाद चार आरोपियों ने मधुबन ग्राम निवासी अनिल कुमार राय के घर पर पहुंचकर फायरिंग की। इस दौरान दो राउंड गोलियां चलाई गईं। अचानक हुई गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि घर में मौजूद एक महिला बाल-बाल बच गई। मामले


में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार तीन अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम अनिल कुमार राय मधुबन गांव चौक स्थित एक चाय दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान वहां चार अन्य लोग पहुंचे। किसी बात को लेकर उनके और अनिल राय के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। बताया गया है कि चाय दुकान पर हुए विवाद के बाद चारों आरोपी अनिल कुमार राय के घर पहुंच गए। वहां उन्होंने घर पर चढ़कर दो राउंड फायरिंग की। अचानक हुई गोलीबारी से घर में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक महिला गोली लगने से बाल-बाल बच गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर कांटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़ित अनिल कुमार राय ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ कांटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि अन्य तीन आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे। मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पश्चिमी-एक सुचित्रा कुमारी ने बताया कि कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन ग्राम निवासी अनिल कुमार राय के घर पर हुई फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।

रौतिनिया डंपिंग प्वाइंट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, मरे मवेशियों और कचरे की दुर्गंध के विरोध में हंगामा

नगर निगम के अधिकारियों को बनाया बंधक

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।। रौतिनिया स्थित कचरा डंपिंग प्वाइंट पर मरे हुए मवेशियों और अन्य कचरे का समुचित निष्पादन नहीं होने से फैल रही दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों का बुधवार को आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे नगर निगम के उप आयुक्त अमित कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी गौरव नारायण, सहायक अभियंता मुजम्मिल सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को कार्यालय के अंदर बंद कर बंधक बना लिया। लगभग डेढ़ घंटे तक अधिकारी बंधक बने रहे।

वहीं स्थानीय विधायक ई. अजीत कुमार के हस्तक्षेप और जिलाधिकारी से हुई वार्ता के बाद बंधक बने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मुक्त कराया गया। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे नगर निगम के अधिकारी

विधायक के हस्तक्षेप पर डेढ़ घंटे बाद मुक्त हुए अधिकारी

समाधान नहीं होने पर 18 नवंबर से एनएच-722 जाम करने की चेतावनी

रौतिनिया डंपिंग प्वाइंट का जायजा लेने पहुंचे थे। उनके पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित लोगों ने कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर अधिकारियों और कर्मियों को अंदर ही रोक दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मौके पर नगर आयुक्त और जिलाधिकारी पहुंचकर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें, इसके बाद हीं अधिकारियो और कर्मचारियों को बाहर निकाला जाएगा। लगभग डेढ़ घंटे बाद मामले की


मौके पर ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी से बात करते विधायक अजीत कुमार।

सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक ई. अजीत कुमार और मड़वन सीओ पुष्कल कुमार मौके पर पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जिलाधिकारी से दूरभाष पर बात की। जिलाधिकारी की ओर से एक सप्ताह के अंदर बैठक कर कचरा निष्पादन सहित सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों और कर्मियों को मुक्त किया। विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि रौतिनिया डंपिंग प्वाइंट की समस्या के समाधान के लिए वे पिछले एक वर्ष से सरकार, नगर निगम और जिला प्रशासन के स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिला है। पिछले दो दिनों से दर्जनों राहगीरों ने भी दुर्गंध के कारण सड़क से गुजरने में परेशानी की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि कांटी और मड़वन को कचरे का ढेर नहीं बनने दिया जाएगा। एमआरएफ एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच कर जवाबदेही तय होनी चाहिए। वही ग्रामीण मो शमीम, सुधीर कुमार सिंह, मनोज सिंह, अंकेश कुमार ओझा, सुधीर चौधरी, मो रफीक और मो फूल बाबू सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि शहर के मृत मवेशियों और कचरे को डंपिंग प्वाइंट पर फेंक दिया जाता है, लेकिन उसका समुचित निष्पादन नहीं किया जाता। इससे आसपास के गांवों के लोगों के साथ सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है।

गोवरसही इलाके में लागू की गई निषेधाज्ञा

पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान लीकेज की अफवाह पर मची भगदड़ को लेकर प्रशासन ने उठाया कदम

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के गोवरसही चौक के समीप मुजफ्फरपुर-सकरी मुख्य मार्ग पर रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट द्वारा नाला निर्माण के दौरान हुई खुदाई के कारण गैस पाइपलाइन में जोरदार ब्लास्ट हो गया था। इस भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, दर्जनों लोग घायल हुए थे और कई मकान व वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद अब तक गैस पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण हजारों परिवारों के घरों में पीएनजी गैस की आपूर्ति ठप है और लोगों का चूल्हा जलना बंद हो गया है। स्थानीय लोग इस स्थिति को लेकर काफी आक्रोशित हैं।





गैस आपूर्ति ठप होने के कारण क्षेत्र के लोगों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को संबंधित विभागीय टीम द्वारा जैसे ही गैस पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया, इलाके में एक बार फिर गैस रिसाव की अफवाह फैल गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वहीं बिना हकीकत जानें सैंकड़ो लोग भयाक्रांत हो घर से निकलकर सड़क पर आ गए और इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस अफवाह और लोगों की भीड़ के कारण मरम्मत कार्य में भारी बाधा उत्पन्न हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ आनंद उत्सव और पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके में बीएनएसएस की धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी है। इसके तहत कई कड़े प्रतिबंध और निर्देश जारी किए गए हैं। मुजफ्फरपुर के गोवरसही चौक से सकरी रोड की ओर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक या भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। गैस पाइपलाइन के निर्माण और मरम्मत कार्य स्थल पर आम लोगों के इकट्ठा होने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। इलाके में पटाखों की खरीद-बिक्री एवं उनके प्रयोग पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। गैस रिफिलिंग करने वाले सभी प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहेंगे। क्षेत्र में वेल्डिंग कार्यों से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इलाके में किसी भी प्रकार के कूड़े या कचरे के ढेर में आग लगाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। प्रशासन ने संबंधित सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन नियमों का पूरी तरह से कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और गैस पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य बिना किसी बाधा के जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स की 133वीं शाखा के उद्घाटन पर 44वीं कराटे बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। डॉ जगन्नाथ मिश्रा कालेज स्थित एमपीएस इंडोर स्टेडियम में रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स की 133वीं शाखा के उद्घाटन के अवसर पर इंडिया जेन डू शिन कराटे फेडरेशन के द्वारा 44 वीं कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट प्रतियोगिता -2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स की मालीघाट, गोबरसही, झांपहा, सदातपूर बैरिया व हाजीपुर समेत विभिन्न ब्रांचो के लगभग 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम की धोषणा बुधवार को की गई। वहीं ग्रेडिंग परीक्षा पास हुए सभी खिलाड़ियों को उपर के बेल्ट में इंडिया जेन डू शिन कराटे फेडरेशन के चेयरपर्सन शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव के द्वारा बेल्ट बांध कर प्रमोशन दिया गया। साथ ही इस प्रतियोगिता में टॉप करने वाले खिलाड़ी कश्यप कौशिक को गोल्ड मेडल के साथ ऑरेंज बेल्ट, अन्नया श्रीवास्तव को सिल्वर मेडल के साथ ब्राउन बेल्ट, मौसीना को ब्रांज मेडल के साथ ऑरेंज बेल्ट व यूसरा फातिमा को ब्रांज मेडल के साथ ब्लू बेल्ट में प्रमोशन दिया गया। इस परीक्षा मे बतौर परिक्षक सेंडाई शिल्पी सोनम, कोच सेंडाई सूरज पंडित, सेंसाई उपासना आनंद, हिमांशु, रोहित, नितेश, नाशिर, तन्नूश्री व स्वीटी रॉय उपस्थित रहे।

धनतेरस एवं दीपावली पर कड़ी सुरक्षा, 292 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात

सात मुख्य मार्गों पर 15 गश्ती दल करेंगे लगातार निगरानी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की व्यापक तैयारी की है। जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अफवाहों का तत्काल खंडन करने, सघन गश्ती करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।

14 सेक्टर दंडाधिकारी त्वरित कार्रवाई के लिए रहेंगे तैनात

सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी

अवैध पटाखों की बिक्री पर छापेमारी, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले में 292 स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके कार्यों की निगरानी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए 14 सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा सात मुख्य मार्गों पर 15 गश्ती दलों का गठन किया गया है, जो लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगे। संवेदनशील बाजारों, स्थलों एवं मार्गों पर भी अतिरिक्त गश्ती दल गठित करने का निर्देश दिया गया है।डीएम एवं एसएसपी ने थानाध्यक्षों


नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते डीएम एवं एसएसपी।

और एसडीपीओ को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने, बाइक पेट्रोलिंग कराने तथा स्थानीय आसूचना तंत्र को मजबूत रखने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय रखने के साथ सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) एवं क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम (क्यूएमआरटी) को सक्रिय रखने को कहा गया है। नगर भवन के समीप इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह 6 नवंबर की सुबह छह बजे से 9 नवंबर की सुबह छह बजे तक तीन पालियों में संचालित होगा। यहां दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती रहेगी। किसी गंभीर घटना की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पर्व के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल के लिए सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विद्यालय, न्यायालय एवं अस्पतालों के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर बजाने और माइक लगाने की अनुमति नहीं होगी। अश्लील एवं भड़काऊ गाने बजाने पर भी रोक रहेगी।

प्रशासन ने अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए धावा दल को सक्रिय रखने और सघन छापेमारी करने का निर्देश दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सिविल सर्जन को एंबुलेंस, चिकित्सकों की टीम और जलने से संबंधित उपचार की दवाएं उपलब्ध रखने को कहा गया है। अग्निशमन विभाग को नियंत्रण कक्ष सहित सभी अनुमंडलों में प्रमुख स्थानों पर अग्निशमन वाहन तैनात रखने का निर्देश दिया गया है।

राज्यपाल ने पुनौरा धाम में मां जानकी की पूजा-अर्चना की

पुनौरा धाम के विकास से धार्मिक पर्यटन, भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंध और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा : राज्यपाल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बुधवार को सीतामढ़ी स्थित पुनौरा धाम के जानकी मंदिर का परिभ्रमण किया तथा मां सीता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां सीता का जीवन त्याग, साहस, स्वाभिमान और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने कहा कि पुनौरा धाम का समग्र विकास धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ रामायण सर्किट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

उन्होंने मंदिर परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन के सभा कक्ष में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मंदिर निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी राज्यपाल को दी गई।



पुनौरा धाम के जानकी मंदिर पूजा-अर्चना करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) साथ में जनप्रतिनिधि व अन्य।



मंदिर परिसर स्थित सभा कक्ष में मंदिर निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते राज्यपाल, उपस्थित जनप्रतिनिधि व डीएम-एसपी।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, बिहार विधान परिषद सदस्य रेखा कुमारी, विधायक गायत्री देवी, सुनील कुमार पिंटू, बैद्यनाथ प्रसाद, पंकज मिश्रा, प्रो. नागेंद्र राउत एवं रामेश्वर महतो सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

मुजफ्फरपुर के स्केटर्स ने बिहार राज्य चैंपियनशिप में जीते 11 पदक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित तृतीय बिहार राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन पटना सेंट्रल स्कूल, पटना में किया गया।

इस प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर की ओम स्केटिंग अकादमी एवं यूथ स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक (1 स्वर्ण, 6 रजत एवं 4 कांस्य) जीतकर जिले का नाम रोशन किया। 12-15 आयु वर्ग मे सूरज कुमार शर्मा ने एक हजार मीटर की शानदार स्केटिंग का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वही 4-6 आयु वर्ग मे, 8-10 आयु वर्ग में नित्यांत सिंह एवं अनिष्का, 12-15 आयु वर्ग मे हर्षित राज तथा 8-10आयु वर्ग मे एश्वे गुप्ता ने रजत पदक एवं 4-6 आयु वर्ग मे सान्वी पटेल, 8-10 आयु वर्ग मे उत्कर्ष आनंद, आरिव भारद्वाज तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में गुड्डू कुमार ने काँस्य पदक जीतने मे सफल रहे। मौके पर अकादमी के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यह शानदार उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।



पदक विजेता मुजफ्फरपुर के स्केटर्स बच्चे।

कोच अरविंद कुमार एवं अंकित कुमार ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से मुजफ्फरपुर को गौरवान्वित किया है।

संक्षिप्त खबरें

अवैध हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा और तीन मोबाइल बरामद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतामढ़ी थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 4 नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 3 एवं 4 नवंबर की मध्यरात्रि गुप्त सूचना के आधार पर सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के भासर पिकेट की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरियारपुर बाजार से तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बरियारपुर मठ टोला निवासी बबलू कुमार (29), परिहार थाना क्षेत्र के अदखनी गांव निवासी मनीष कुमार (20) तथा अदखनी वार्ड संख्या पांच निवासी लोकेश कुमार (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

प्रो. डॉ. नजीर अहमद बने जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षाविद व बुद्धिजीवियों ने दी बधाई, बेहतर शैक्षणिक माहौल की जताई उम्मीद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के परिहार प्रखंड अंतर्गत बराही गांव स्थित जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल कॉलेज, नवाही-सुरसंड के प्राचार्य पद पर प्रो. डॉ. नजीर अहमद की नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। इस क्रम में परिहार के पूर्व जिला पार्षद एवं एमके कॉलेज, भूतही के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. गौहर सिद्दीकी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. डॉ. नजीर अहमद से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रो. गौहर सिद्दीकी ने कहा कि प्रो. डॉ. नजीर अहमद एक विद्वान एवं अनुभवी शिक्षाविद हैं। उनके कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और कॉलेज की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मुलाकात के दौरान उपस्थित लोगों ने भी विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा, अनुशासन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। बधाई देने वालों में बराही पंचायत के उपमुखिया इब्राहीम राइन, मो. अरमान अली, समाजसेवी गोविंदा गौतम, जय नाथ ठाकुर, विमलेश यादव, नथुनी साह, कमरे आलम सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। सभी ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



कार्यक्रम में नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. डॉ. नजीर अहमद व अन्य।

सातवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव स्वर्गीय महेंद्र शाही, संघ के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव स्मृतिशेष कर्मवीर महेन्द्र प्रसाद शाही की सातवीं पुण्यतिथि पर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण नंदन झा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए संरक्षक रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हम शिक्षक सरकार से चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी को प्राप्त सातवें वेतनमान की मांग शिक्षकों के लिए कर रहे है। जबकि महेन्द्र प्रसाद शाही जैसे सशक्त व्यक्तित्व के नेतृत्व ने शिक्षकों को 9300-34800 वेतनमान में केन्द्रीय वेतनमान सहित अन्यान्य उन सभी लाभों से अच्छादित कराने का काम 2 दशक पूर्व किये थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को स्वर्गीय महेंद्र शाही जी के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। जिससे हम शिक्षक अपने खोये हुए अधिकारों को प्राप्त कर सकेंगे और तभी हम ऐसे विराट व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे। श्रद्धांजलि सभा में संरक्षक राम ईश्वर सिंह, उपाध्यक्ष राम नरेश ठाकुर, कार्यालय सचिव भुवनेश्वर मिश्र आदि उपस्थित रहे।



स्व महेंद्र शाही को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते संघ के पदाधिकारी गण।

किसानों के ज्वलंत सवालों पर संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक, आंदोलन की बनेगी रणनीति

जिले को आपदाग्रस्त घोषित करने का प्रस्ताव

सीतामढ़ी (एनएसबी)। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार की जिला कार्यसमिति एवं प्रमुख सदस्यों की बैठक मोर्चा कार्यालय में जिलाध्यक्ष जलंधर यदुवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर सरकार की उदासीनता की कड़ी निंदा करते हुए विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कहा गया कि रबी एवं खरीफ सीजन के दौरान वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि, सूखा और तूफान के कारण गेहूं, दलहन, आम, लीची, धान एवं गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद किसानों को क्षतिपूर्ति अनुदान और फसल बीमा का लाभ नहीं मिला। मोर्चा ने सरकार से सीतामढ़ी को आपदाग्रस्त जिला घोषित कर विशेष राहत अनुदान देने की मांग की। साथ ही

पेराई सीजन से पहले गन्ने का मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग

जनप्रतिनिधियों से किसानों को आपदा से सुरक्षा दिलाने के लिए पहल करने की अपील की गई।

मोर्चा ने पेराई सीजन शुरू होने से पहले गन्ने की उत्पादन लागत को देखते हुए उसका मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने तथा फसल क्षति की भरपाई करने की मांग की। धान खरीद में तेजी लाने और किसानों को प्रति क्विंटल 200 रुपये बोनस देने की भी मांग उठाई गई। बैठक में सीतापुरम सिटी प्रोजेक्ट वापस लेने, जिले में किसान भवन का निर्माण कराने तथा दोस्तियां की उपजाऊ भूमि को भू-अर्जन से मुक्त रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। रीगा चीनी मिल से जुड़े यूनियन बैंक के केसीसीधारी किसानों का ऋण माफ करने की शीघ्र घोषणा करने की मांग भी की गई।



मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते वक्ता व उपस्थित अन्य।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर को प्रस्तावित पटना मार्च की सफलता के लिए 16 नवंबर से दस दिनों तक किसान जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गांव-गांव किसान यात्रा निकालकर किसानों को जागरूक किया जाएगा तथा अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की जाएगी।

बैठक को मोर्चा नेता प्रो. आनंद किशोर, उपाध्यक्ष अमरेंद्र राय, शशिधर शर्मा, चंद्रदेव मंडल, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो. मुतुर्जा, महासचिव अवधेश यादव, अश्विनी कुमार मिश्र, नंदकिशोर मंडल, अशोक निराला, विजय कुमार पांडेय, राम प्रमोद मिश्र, अशोक कुमार सिंह, रामसुरेश तिवारी एवं विजय कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने संबोधित किया। अंत में समाजसेवी एवं राजद नेता शफीक खां, मोर्चा नेता नवल किशोर यादव तथा रामनरेश झा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

गंगा मैराथन तैराकी में मुजफ्फरपुर के तैराकों ने दिखाया दमखम

सतनारायण प्रसाद ने तीसरी बार 12 किलोमीटर की चुनौती की पूरी, चार युवा तैराकों ने भी रचा इतिहास

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। पटना के दीघा स्थित जनार्दन घाट से शुरू हुई 15वीं राष्ट्रीय गंगा तैराकी प्रतियोगिता रविवार को पटना लॉ कॉलेज घाट पर संपन्न हुई। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं बिहार तैराकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष तैराकों ने 12 किलोमीटर की लंबी दूरी की चुनौतीपूर्ण स्पर्धा में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ तैराक कोच एवं मैराथन तैराक सतनारायण प्रसाद ने लगातार तीसरी बार हिस्सा लेकर 12 किलोमीटर की गंगा तैराकी सफलतापूर्वक पूरी की। उन्होंने 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अपनी तैराकी प्रतिभा और अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, मुजफ्फरपुर के युवा तैराकों ने भी पहली बार इस राष्ट्रीय स्तर की साहसिक प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता हासिल की।

स्विम्फिट एकेडमी के आर्यन आर्या, सत्यम कुमार, प्रांजल प्रियदर्शी एवं शिवम कुमार ने निर्धारित समय सीमा के भीतर 12 किलोमीटर की तैराकी पूरी कर जिले का नाम रोशन किया। चारों तैराकों की उम्र 14 से 20 वर्ष के बीच है। प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर से कुंदन राज, उमेश कुमार एवं अजीत कुमार ने तकनीकी पदाधिकारी के रूप में तथा अरविंद कुमार, देवेश कुमार एवं निधि कुमारी ने लाइफ सेवर की भूमिका निभाई।इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार, स्विम्फिट एकेडमी के आभास कुमार, पेफी के कुमार आदित्य सहित जिले के खेलप्रेमियों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ तैराक कोच एवं मैराथन तैराक सतनारायण प्रसाद।

आलिम-फाजिल वार्षिक परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि घोषित

7 से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना ने आलिम एवं फाजिल प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से 4 नवंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 7 नवंबर से शुरू होगी। बिना विलंब शुल्क के 21 नवंबर तक तथा 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 22 से 26 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे।

21 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क और 26 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ भरे जाएंगे फॉर्म

विश्वविद्यालय के निर्देश के अनुसार, सत्र 2025-28 के आलिम प्रथम वर्ष और सत्र 2025-27 के फाजिल प्रथम वर्ष के वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे, जिनका पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर हो चुका है। इसके अलावा सत्र 2024-27 के आलिम प्रथम वर्ष तथा सत्र 2024-26 के फाजिल प्रथम वर्ष के गैर-क्लियर एवं अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी परीक्षा फॉर्म भरने का अवसर दिया गया है।

परीक्षा शुल्क निर्धारित

आलिम प्रथम वर्ष के लिए परीक्षा शुल्क 500 रुपये और अन्य शुल्क 15 रुपये सहित कुल 515 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, फाजिल प्रथम वर्ष के लिए 650 रुपये परीक्षा शुल्क और 15 रुपये अन्य शुल्क सहित कुल 665 रुपये देने होंगे। विलंब शुल्क के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त जमा करने होंगे। इस प्रकार विलंब शुल्क के साथ आलिम के लिए 615 रुपये और फाजिल के लिए 765 रुपये देय होंगे।

मदरसा संख्या के अनुसार जमा होगी हार्ड कॉपी : ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद उसकी हार्ड कॉपी और आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा करने के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं। इसके तहत एक दिसंबर को मदरसा संख्या 01 से 40 तक, दो दिसंबर को 41 से 80 तक तथा चार दिसंबर को 81 से 120 तक और अन्य स्वीकृत मदरसों की हार्ड कॉपी जमा की जाएगी।

दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य : विश्वविद्यालय ने मदरसा प्रबंधन को निर्देश दिया है कि फॉर्म जमा करने से पहले विद्यार्थियों के सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर लें। आवेदन के साथ पिछली परीक्षा की अंकतालिका सहित संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुल्क की रसीद पर मदरसा के प्रधानाध्यापक का सत्यापन भी आवश्यक है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुदानित मदरसों में भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

चहारदीवारी निर्माण, भवनों की मरम्मती और रंग-रोगन के लिए डीएम एवं डीईओ को सौंपा आवेदन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के सरकारी विद्यालयों की तर्ज पर सरकार से मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसों में भी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठी है। इसको लेकर मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन (एमडीओ), सीतामढ़ी के सचिव मो. अजमल ने जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र ममणि त्रिपाठी को आवेदन देकर कायाकल्प अभियान अथवा अन्य उपयुक्त सरकारी योजनाओं के तहत पात्र मदरसों को लाभान्वित करने का अनुरोध किया है।

आवेदन में कहा गया है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सरकारी विद्यालयों में भवनों की मरम्मती, रंग-रोगन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी तरह जिले के मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसों की आधारभूत संरचनाओं को भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, जहां बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।



जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र ममणि त्रिपाठी से मिलते एमडीओ के पदाधिकारी व अन्य।

चहारदीवारी निर्माण पर विशेष जोर

मो. अजमल ने कहा कि जिले के कई मदरसों में भवनों की मरम्मती, रंग-रोगन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कई संस्थानों में चहारदीवारी नहीं होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर भी समस्या बनी रहती है। ऐसे में मदरसों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराया जाना चाहिए।

सर्वेक्षण कर तैयार हो कार्ययोजना

एमडीओ ने जिला प्रशासन से सभी पात्र अनुदानित मदरसों का सर्वेक्षण कराकर आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने तथा संबंधित सरकारी योजनाओं के तहत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। संगठन का कहना है कि मदरसा शिक्षा भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां पढ़ने वाले बच्चे भी स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के हकदार हैं।

इस अवसर पर मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन के प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरूल इस्लाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. अरमान अली, अध्यक्ष मो. जाहिद हुसैन, सचिव मो. अजमल, मो. फखरुल हसन, मो. मुख्तार अंसारी एवं जियाउर्रहमान कासमी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

कानून का शासन और राजनीतिक जवाबदेही जरूरी

बाहुबल के सहारे चुनाव जीतने की प्रवृत्ति का एक नुकसान यह भी है कि जनहित के वास्तविक मुद्दे पीछे छूट सकते हैं। चुनावी चर्चा विकास योजनाओं और नागरिक सुविधाओं के बजाय व्यक्तियों के प्रभाव, शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक टकराव के इर्द-गिर्द घूमने लगती है। इससे जनता की अपेक्षाओं और राजनीति की प्राथमिकताओं के बीच दूरी बढ़ती है। बिहार को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलने की आवश्यकता है। राज्य की पहचान उसके मेहनती नागरिकों, ऐतिहासिक विरासत, शैक्षणिक परंपरा, कृषि, उद्योग, प्रतिभा और विकास की संभावनाओं से बननी चाहिए। राजनीति में बाहुबल की चर्चा बार-बार हावी होने से राज्य की सकारात्मक उपलब्धियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

स्वच्छ राजनीति की मांग किसी एक दल या व्यक्ति के पक्ष अथवा विरोध में सीमित नहीं होनी चाहिए। यदि किसी पार्टी की कार्रवाई का स्वागत किया जाता है, तो उसी कसौटी को अन्य राजनीतिक दलों पर भी लागू किया जाना चाहिए। राजनीतिक विचारधारा, जातीय समीकरण, क्षेत्रीय प्रभाव या गठबंधन की मजबूरी के आधार पर मानदंड अलग-अलग नहीं होने चाहिए। जब तक सभी प्रमुख राजनीतिक दल उम्मीदवारों के चयन में समान नैतिक मानक अपनाने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक व्यापक परिवर्तन की उम्मीद कमजोर रहेगी। किसी एक दल का निर्णय तभी बड़ी राजनीतिक मिसाल बन सकता है, जब अन्य दल भी उसे अपने आचरण में उतारने का प्रयास करें। यह जिम्मेदारी केवल राष्ट्रीय दलों की नहीं, बल्कि क्षेत्रीय दलों की भी है। बिहार जैसे राज्य में क्षेत्रीय राजनीतिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें यह संदेश देना होगा कि पार्टी की सदस्यता, चुनावी टिकट और सार्वजनिक पद किसी व्यक्ति के दबदबे का पुरस्कार नहीं, बल्कि जनसेवा की जिम्मेदारी हैं। राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि की समीक्षा के लिए पारदर्शी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को टिकट देने के निर्णय पर स्पष्ट और सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण हो सकती है। इससे मतदाताओं को सही जानकारी मिलेगी और राजनीतिक जवाबदेही मजबूत होगी।

राजनीति में सुधार की जिम्मेदारी केवल राजनीतिक दलों पर डालकर मतदाता अपनी भूमिका से अलग नहीं हो सकते। लोकतंत्र में जनता के पास मतदान का अधिकार एक महत्वपूर्ण शक्ति है। मतदाता जब उम्मीदवार की जाति, व्यक्तिगत प्रभाव, आर्थिक सामर्थ्य या राजनीतिक पहुंच से आगे बढ़कर उसके कार्य, चरित्र, जनसेवा और कानूनी पृष्ठभूमि का मूल्यांकन करेंगे, तभी राजनीतिक दलों पर भी उम्मीदवार चयन को लेकर दबाव बढ़ेगा। मतदान से पहले उम्मीदवारों के घोषित विवरण, उनके कामकाज, सार्वजनिक वक्तव्यों और क्षेत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सवाल पूछना भी लोकतांत्रिक अधिकार है। मतदाताओं को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके प्रतिनिधि क्षेत्र के विकास, कानून-व्यवस्था और नागरिक अधिकारों के लिए क्या दृष्टिकोण रखते हैं। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी व्यक्ति की लोकप्रियता या प्रभाव को अपने आप में अपराध का प्रमाण नहीं माना जा सकता। मूल्यांकन तथ्यों और प्रमाणित जानकारी के आधार पर होना चाहिए। मतदाताओं की जागरूकता का अर्थ किसी व्यक्ति के प्रति पूर्वाग्रह रखना नहीं, बल्कि सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेना है। यदि जनता विकास और स्वच्छ छवि को चुनावी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बनाएगी, तो राजनीतिक दलों के लिए भी उसी दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता बढ़ेगी।

बाहुबल संस्कृति को समाप्त करने के लिए केवल राजनीतिक घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। कानून का निष्पक्ष क्रियान्वयन, पुलिस और न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता, चुनावी खर्च की निगरानी तथा मतदाताओं की सुरक्षा जैसे विषय भी महत्वपूर्ण हैं। किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जाना चाहिए और न ही किसी व्यक्ति के राजनीतिक प्रभाव के कारण उसके विरुद्ध कार्रवाई में भेदभाव होना चाहिए। यदि कोई जनप्रतिनिधि कानून का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई नियमानुसार होनी चाहिए। इसी प्रकार, किसी निर्दोष व्यक्ति को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाए जाने की आशंका से भी संवैधानिक व्यवस्था को बचाना जरूरी है। कानून का शासन तभी मजबूत होगा, जब उसका पालन सभी पर समान रूप से हो। राजनीतिक दलों को अपने संगठन में भी ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जिसमें असहमति का समाधान संवाद से हो, अनुशासन का पालन हो और सार्वजनिक जीवन में हिंसा, धमकी तथा दबाव के लिए कोई स्थान न हो। पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रिया जितनी मजबूत होगी, बाहुबल आधारित राजनीति की गुंजाइश उतनी ही कम हो सकती है। बिहार ने शिक्षा, प्रशासन, कृषि, उद्योग, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अनेक संभावनाएं दिखाई हैं। राज्य के युवा बेहतर शिक्षा, रोजगार, सुरक्षित वातावरण और सम्मानजनक जीवन की अपेक्षा रखते हैं।

सड़क से समृद्धि तक पहुंचा कनेक्टिविटी का प्रतिमान



प्रेम प्रकाश।

समृद्धि हासिल करनी है तो सड़कें बनाइए। चीन की इस लोकप्रिय कहावत को एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने 2019 की अपनी चर्चित रिपोर्ट में भी उद्धृत किया है। रिपोर्ट परिवहन कनेक्टिविटी को आर्थिक विकास और समृद्धि की पूर्वशर्त मानती है। दरअसल, सड़क नेटवर्क केवल परिवहन लागत नहीं घटाता, बल्कि बाजारों का विस्तार, निवेश की संभावनाएं और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ाता है। इसलिए कनेक्टिविटी को नीतिगत प्राथमिकता देना विकास की अनिवार्य शर्त है।

भारत ने विगत एक दशक में राष्ट्रीय राजमार्गो के विस्तार और आधुनिकीकरण को विकास रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। वर्ष 2014 में राष्ट्रीय राजमार्गो की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 1,46,572 किलोमीटर हो गई। इसी अवधि में चार लेन या अधिक क्षमता वाले राजमार्ग 18,371 से बढ़कर 45,516 किलोमीटर और हाई स्पीड कॉरिडोर एवं एक्सप्रेसवे का परिचालन नेटवर्क 93 से बढ़कर 3,052 किलोमीटर पहुंच गया। यह विस्तार सड़क कनेक्टिविटी की बढ़ती क्षमता और राष्ट्रीय बाजार के व्यापक एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

भारतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और आर्थिक गलियारों के विकास ने इस बदलाव को व्यापक आधार दिया है। अब सड़क निर्माण को अलग-अलग परियोजनाओं के बजाय एकीकृत परिवहन नेटवर्क के रूप में देखने की कोशिश हो रही है। इसका उद्देश्य यात्रा का समय घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि माल ढुलाई की लागत कम करना, औद्योगिक केंद्रों को जोड़ना और क्षेत्रीय विकास की असमानताओं को दूर करना भी है। लेकिन कनेक्टिविटी की अगली चुनौती केवल अधिक सड़कें बनाने की नहीं, बल्कि ऐसी अवसंरचना विकसित करने की है जो टिकाऊ हो, संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करे और विकास का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का विजन 2047 इसी व्यापक सोच को आगे बढ़ाता है। इसके तहत प्रत्येक नागरिक को 100 से 150 किलोमीटर के दायरे में हाई स्पीड कॉरिडोर की सुविधा उपलब्ध कराने, हाई स्पीड कॉरिडोर घनत्व के मामले में भारत को जी-20 के शीर्ष दस देशों में शामिल करने, पिछड़े क्षेत्रों तक बेहतर राजमार्ग संपर्क सुनिश्चित करने और लॉजिस्टिक्स लागत घटाने जैसे लक्ष्य सामने रखे गए हैं। यह परिकल्पना राजमार्गो को महज आवागमन के साधन के बजाय आर्थिक प्रतिस्पर्धा, औद्योगिक विस्तार और क्षेत्रीय समावेशन के वाहक के रूप में देखती है। हालांकि, इस महत्वाकांक्षा की वास्तविक कसौटी निर्माण की गति के साथ उसकी गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता भी होगी।

इसी संदर्भ में महाराष्ट्र का बुलढाणा मॉडल विशेष महत्व रखता है। इस प्रयोग ने सड़क निर्माण और जल संरक्षण को एक साझा विकास पहल में बदलने का रास्ता दिखाया। इसके तहत तालाबों, जलाशयों और अन्य जलस्रोतों से वैज्ञानिक तरीके से मिट्टी और गाद निकालकर उसका इस्तेमाल राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्गो के विस्तार से लेकर बुलढाणा मॉडल और बिहार की नदी संजीवनी पहल तक, भारत में कनेक्टिविटी का विमर्श अब सड़क निर्माण से आगे बढ़कर समावेशी विकास, जल संरक्षण और संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन से जुड़ रहा है।



इससे सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की उपलब्धता बढ़ी और दूसरी ओर जलस्रोतों की गहराई तथा जल संग्रहण क्षमता में सुधार हुआ। मंत्रालय के अनुसार, इस पहल से लगभग 28.41 लाख घनमीटर अतिरिक्त जल संग्रहण क्षमता विकसित हुई और करीब 43.46 करोड़ रुपये की बचत हुई। इस मॉडल की असली विशेषता लागत बचत से आगे जाती है। यह विकास की उस पारंपरिक सोच को चुनौती देता है जिसमें सड़क निर्माण, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अलग-अलग खांचों में रखा जाता है। यहां एक ही हस्तक्षेप से बुनियादी ढांचे और प्राकृतिक संसाधनों, दोनों को लाभ पहुंचाने की कोशिश हुई।

अब बिहार में इस प्रयोग को राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ाने की पहल हुई है। तीन नवंबर 2026 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और बिहार सरकार के बीच नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत 16 चालू राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में 243 लाख घनमीटर गाद के उपयोग की योजना है। वहीं, 27 भविष्य की परियोजनाओं के लिए 835 लाख घनमीटर गाद के उपयोग का प्रस्ताव है। बिहार में एनएचएआई की 1,561 किलोमीटर लंबाई की 39 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इस लिहाज से यह पहल सड़क निर्माण के लिए वैकल्पिक सामग्री जुटाने की दिशा में बड़े पैमाने पर संभावनाएं खोलती है।

बिहार के संदर्भ में इस पहल का महत्व और व्यापक है। राज्य का बड़ा हिस्सा हर साल बाढ़ और नदियों में गाद जमाव की समस्या से जूझता है। गंगा, गंडक, कोसी, बागमती और सोन जैसी नदियों का जल प्रबंधन राज्य की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण जीवन से सीधे जुड़ा है। दूसरी ओर, सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की बड़ी जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति कई बार उपजाऊ कृषि भूमि से होती है। ऐसे में नदी से निकाली गई उपयुक्त गाद का राजमार्ग निर्माण में इस्तेमाल एक साथ कई जरूरतों को संबोधित कर सकता है। इससे निर्माण सामग्री की उपलब्धता बढ़ेगी, कृषि भूमि पर दबाव घटेगा और जलस्रोतों के प्रबंधन में भी मदद मिल सकती है। दूसरे शब्दों में, बाढ़ और गाद की चुनौती को विकास के संसाधन में बदलने की संभावना इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है।

अलबत्ता इस संभावना को वास्तविक उपलब्धि में बदलने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनिवार्य है। नदी की सारी गाद सड़क निर्माण के योग्य नहीं होती। उसकी गुणवत्ता, भार वहन क्षमता, नदी के प्राकृतिक प्रवाह, तटों की स्थिरता और जलीय पारिस्थितिकी पर प्रभाव का आकलन जरूरी है। गाद निष्कर्षण निर्धारित तकनीकी मानकों और पर्यावरणीय स्वीकृतियों के अनुरूप होना चाहिए। विकास के नाम पर नदी के प्राकृतिक संतुलन के साथ कोई समझौता इस पहल के मूल उद्देश्य को ही कमजोर कर सकता है।

दरअसल, भारत की कनेक्टिविटी का अगला अध्याय केवल सड़क नेटवर्क के विस्तार से नहीं लिखा जाएगा। उसकी असली पहचान इस बात से बनेगी कि विकास की परियोजनाएं कितनी दूरदर्शिता के साथ प्राकृतिक संसाधनों, स्थानीय जरूरतों और आर्थिक संभावनाओं को एक सूत्र में पिरोती हैं। बुलढाणा मडल और बिहार की नदी संजीवनी पहल इसी बदलाव के संकेत हैं। यह सड़क निर्माण को जल संरक्षण और संसाधन प्रबंधन से जोड़ने वाली ऐसी विकास दृष्टि है, जिसमें अवसंरचना का निर्माण और प्रकृति का संरक्षण एक-दूसरे के विकल्प नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। विकसित भारत 2047 की राह में यही समन्वित सोच सबसे बड़ी पूंजी साबित हो सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

डीजे वाली लेजर लाइट छीन सकती है आपकी आंखों की रोशनी : डा. दीपक अग्रवाल

पटना (दैनिक नवसंदेश) । विवाह या किसी इवेंट में चलने वाली लेजर लाइट देखने में भले ही आकर्षक लगे, लेकिन यह आंखों के लिए खतरनाक भी हो सकती है। 2024 में, पूना अप्थाल्मोलजिकल सोसाइटी (पीओएस) ने कुछ धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान इस्तेमाल होने वाली लेजर लाइटों के हानिकारक प्रभावों के बारे में इसी तरह की चिंता जताई थी। डॉक्टरों ने चेतावनी दी थी कि लेजर के अत्यधिक संपर्क में आने से रेटिना को नुकसान हो सकता है और कुछ मामलों में दृष्टि हानि भी हो सकती है। डीजे की सफेद तेज लाइट का एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ ही सेकंड में कागज जलता हुआ दिख रहा है। ये हाई-पावर लाइट्स दिखने में सामान्य लगती हैं, लेकिन इनकी रोशनी और गर्मी काफी तेज होती है। ऐसी लाइट्स के सीधे संपर्क में आने से आंखों में जलन, चुभन या नुकसान हो सकता है, खासकर जब इन्हें पास से देखा जाए। इसलिए डीजे या किसी भी इवेंट में ऐसी लाइट्स की बीम से दूरी बनाकर रखना जरूरी है। सीधे आंखों पर पड़ने वाली इन लाइट्स के मुख्य प्रभाव नीचे दिए गए हैं



हरिहर आई केयर में डा. दीपक अग्रवाल।

रेटिना को नुकसान : डीजे में इस्तेमाल होने वाली तेज हरी या रंगीन लेजर लाइट अगर सीधे आंख पर पड़ती है, तो यह रेटिना (आंख के पीछे का हिस्सा जो देखने में मदद करता है) को जला सकती है या उसे नुकसान पहुंचा सकती है।,

लेजर-प्रेरित मैकुलोपैथी : हाई-एनर्जी लेजर किरणें आंख के मैक्यूला को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे साफ और सीधी नजर धुंधली हो जाती है।

नजर में धुंधलापन और टेढ़ापन : सीधी लेजर या तेज चमक के कारण चीजें धुंधली दिखाई दे सकती हैं, सीधी रेखाएं टेढ़ी नजर आ सकती हैं, और पढ़ने में परेशानी हो सकती है।

आंखों में जलन, चुभन और दर्द : तेज एलईडी या फ्लैशिंग लाइट्स के सीधे संपर्क में आने से आंखों में चुभन, भारीपन, लाल होना और पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अस्थायी या स्थायी दृष्टि हानि : यदि लेजर बीम लंबे समय तक या सीधे आंख के केंद्र पर पड़ जाए, तो कुछ मामलों में देखने की क्षमता हमेशा के लिए कमजोर हो सकती है। अंधेरे हॉल या क्लब में पुतलियां ज्यादा खुली होती हैं, जिससे यह खतरा और बढ़ जाता है।

बचाव और सावधानी

सीधे लाइट की तरफ न देखें : डीजे शो या पार्टी के दौरान लेजर बीम या मूविंग लाइटों को सीधे घूरने से बचें।

आंखें झपकाएं या मुंह फेर लें : अचानक तेज रोशनी पड़ने पर तुरंत आंखें बंद कर लें या अपना चेहरा दूसरी तरफ कर लें।

डॉक्टर से संपर्क करें : यदि डीजे की लाइट पड़ने के बाद आंखों में लगातार दर्द, धुंधलापन या काला धब्बा सा दिखाई दे, तो तुरंत किसी नेत्र विशेषज्ञ को दिखाएं।

अगर आपको रेटिना से संबंधित समस्या है, तो नियमित रूप से आँखों की जाँच करवाना बहुत जरूरी है। जल्दी इलाज से नुकसान को रोका जा सकता है और अंधेपन से बचा जा सकता है।

आँख है तो जीवन है : कमजोर या धुंधली दृष्टि जीवन में रुकावट पैदा करती है । इसे बचाये रखने अथवा उत्तम रोशनी के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ।

हरिहर आई केयर अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित एक ऐसी संस्थान है जहाँ अनुभवी चिकित्सक से इलाज पूरी आत्मीयता और संवेदना के साथ मिलता है । यहाँ प्रमुख रूप से बिना टांके वाली फेको तकनीक से मोतियाबिंद की सर्जरी , लेजर फोटोकागुलेशन द्वारा मधुमेह रेटिनोपैथी का उपचार ,ग्लूकोमा की सम्पूर्ण जाँच और उपचार, रेटिना से सम्बंधित बीमारी का इंजेक्शन द्वारा इलाज, ओसीटी ,पेरीमेट्री, याग लेजर जैसी उन्नत मशीन से सुसज्जित आँखों की इलाज और सम्पूर्ण देखभाल की सेवाएं उपलब्ध है । यह संस्थान न केवल चिकित्सा सेवा में उत्कृष्ट है , बल्कि हॉस्पिटल परिसर में मूलभुत सुविधाओं का ध्यान रखा गया है । बाहर से आने वाले मरीजो को आराम करने के लिए व्यवस्था ,शुद्ध पेयजल, वातानुकूलित प्रतीक्षा कक्ष है। एक परिसर में नेत्र से सम्बन्धी समस्त बिमारियों इलाज के साथ सेंटर में ऑप्टिकल शॉप (चश्मा दुकान) और फार्मेसी (दवा दुकान) की सुविधा है जहाँ बाजार से काफी कम दर चश्मा और दवा मिलता है।

माँ को सोना उपहार में देने से लेकर दिल के करीब रहने वाली खरीदारी तक

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । धनतेरस वह अवसर है, जब परिवार समृद्धि के स्वागत के लिए एक साथ आते हैं, परंपराओं का जश्न मनाते हैं और ऐसी खरीदारी करते हैं, जो उनके दिल के बेहद करीब होती है। जहाँ सोना और चांदी खरीदना शुभ माना जाता है, वहीं यह पर्व उपलब्धियों का जश्न मनाने, अपने प्रियजनों के प्रति आभार व्यक्त करने और छोटी-छोटी खुशियों में आनंद खोजने का भी अवसर है। इस धनतेरस पर सोनी सब के कलाकार दीक्षा जोशी, जितेन लालवानी, करुणा पांडे और गुल्की जोशी खरीदारी की अपनी सबसे यार कहानियाँ साझा कर रहे हैं, अपने माता-पिता को कुछ खास लौटाने की खुशी के बारे में बता रहे हैं और यह भी साझा कर रहे हैं कि यह त्यौहार उनके लिए इतना विशेष क्यों है।

हस्तिनापुर के वीर में द्रोणाचार्य की भूमिका निभा रहे जितेन लालवानी ने कहा, ष्हमारे लिए धनतेरस हमेशा महँगी चीजें खरीदने के बजाय पारिवारिक परंपराओं का पर्व रहा है। कानपुर में बड़े होते हुए हम आमतौर पर कटोरियाँ, थालियाँ, चम्मच और गिलास जैसे चाँदी के बर्तन खरीदा करते थे। जब मेरी माँ मुंबई आ गईं, तो मैंने इस परंपरा को आगे बढ़ाने का फैसला किया और उन्हें चाँदी के बर्तन उपहार में दिए, क्योंकि मुझे पता था कि वह अपने लिए सोना खरीदने के बजाय इन्हें ज्यादा पसंद करती हैं। उनकी पसंदीदा परंपरा को आगे बढ़ाना और उन्हें उसी तरीके से खुश करना मेरे लिए बहुत खास था। मेरे लिए धनतेरस परिवार, परंपराओं और हर खरीदारी के पीछे की भावना का नाम है। यह इस बात पर नहीं निर्भर करता कि कोई चीज कितनी महँगी है, बल्कि उस प्यार और भावनाओं पर निर्भर करता है जो उससे जुड़ी होती हैं।

पुष्पा इम्पसिबल में दीप्ति की भूमिका निभा रहीं दीक्षा जोशी ने कहा, मेरी सबसे खास यादों में से एक वह है, जब मैंने कमाना शुरू करने के बाद धनतेरस पर अपनी माँ के लिए सोना खरीदा था। वह पल मेरे लिए बेहद खास था, क्योंकि पहली बार मैं अपनी कमाई से उनके लिए कुछ



सोनी सब के कलाकारों ने साझा किए अपने धनतेरस के खास किस्से।

अर्थपूर्ण खरीद पा रही थी। बचपन से हम अपने माता-पिता को हमारे लिए इतना कुछ करते हुए देखते हैं और फिर जब हमें भी उन्हें कुछ लौटाने का अवसर मिलता है, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो, तो वह एहसास बहुत प्यारा होता है। वह खरीदारी सिर्फ सोना खरीदने भर की बात नहीं थी, बल्कि अपनी माँ को यह महसूस कराना था कि वे कितनी प्रिय और सम्मानित हैं। यह एक ऐसी याद है, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूँगी। मेरा मानना है कि जब कोई उपहार प्यार से दिया जाता है, तो वह और भी खास बन जाता है।

पुष्पा इम्पासिबल में पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, मेरी सबसे पसंदीदा खरीदारी में से एक भगवान श्रीकृष्ण की चाँदी की मूर्ति है, जिसे मैंने अपने लिए खरीदा था। आज भी यह मेरी सबसे अनमोल चीजों में से एक है और जब भी मैं इसे देखती हूँ, मुझे बहुत खुशी मिलती है। कई बार हम अचानक कुछ खरीद लेते हैं, लेकिन कुछ खरीदारी ऐसी होती हैं, जो अपने खास मायने की वजह से सालों तक हमारे दिल के करीब बनी रहती हैं। यह मूर्ति मेरे लिए ऐसी ही एक खरीदारी है। मुझे लगता है कि धनतेरस ऐसा खूबसूरत अवसर है, जब आप अपने घर में ऐसी कोई भी चीज ला सकते हैं, जो आपको खुशी दे, चाहे वह सोना हो, चाँदी हो या फिर कोई ऐसी वस्तु, जिसका आपके लिए व्यक्तिगत महत्व हो। मेरे लिए किसी वस्तु के साथ जुड़ा भावनात्मक रिश्ता ही उसे वास्तव में अनमोल बनाता है।

देखिए हस्तिनापुर के वीर, पुष्पा इम्पॉसिबल और यादें, सिर्फ सोनी सब पर।

जीकेसी की सदस्यता बढ़ाना मेरी प्राथमिकता, अधिक से अधिक कायस्थ परिवारों को संगठन से जोड़ेंगे : मधुकर वर्मा

पटना (दैनिक नवसंदेश) । ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) के पटना जिला अध्यक्ष मधुकर वर्मा ने कहा है कि संगठन की सदस्यता का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और उनका लक्ष्य पटना जिले के अधिक से अधिक कायस्थ परिवारों को जीकेसी से जोड़ना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना है। श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक ताकत उसके सदस्यों की सक्रियता, आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता में निहित होती है। जीकेसी के माध्यम से कायस्थ समाज को एकजुट करने, युवाओं को आगे बढ़ाने, जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने तथा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।उन्होंने जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन और संगठन के प्रति समर्पण से समाज को एक व्यापक मंच मिला है। उनके प्रयासों से देश-विदेश में कायस्थ समाज को जोड़ने और संगठन का विस्तार करने की दिशा में सकारात्मक पहल हो रही है।



मधुकर वर्मा ने विशेष रूप से जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दीपक अभिषेक के मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन से पटना जिला इकाई को संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिल रही है। उनके सहयोग से जिला स्तर पर सदस्यता अभियान को गति देने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने पटना जिला के जीकेसी के सभी सदस्यों के प्रति भी विशेष धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सदस्यों का विश्वास, सहयोग, सक्रिय भागीदारी और संगठन के प्रति समर्पण ही जिला इकाई की सबसे बड़ी ताकत है। सभी सदस्यों के सहयोग से ही सदस्यता अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

श्री वर्मा ने पटना जिले के कायस्थ परिवारों से जीकेसी की सदस्यता ग्रहण करने और संगठन से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और नई पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से पटना जिला इकाई जीकेसी के संगठनात्मक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि एक सदस्य, एक संकल्प मजबूत जीकेसी, सशक्त कायस्थ समाज के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक सदस्य को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

अशोक कुमार सिंह की पुस्तक 'ए मिरर ऑफ कॉमन एरर्स' को अमेरिका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में मिली जगह

पटना (दैनिक नवसंदेश) । बिहार के प्रख्यात अंग्रेजी शिक्षक एवं लेखक डा. अशोक कुमार सिंह की पुस्तक 'ए मिरर ऑफ कॉमन एरर्स' (एंग्लो-हिंदी) को अमेरिका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है।

श्री सिंह को अंग्रेजी भाषा के शिक्षण और लेखन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है।

पुस्तक का संशोधित संस्करण वर्ष 2027 में प्रकाशित किया जाएगा।



पटना के ए-वन प्रकाशन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, डा. अशोक कुमार सिंह को अंग्रेजी भाषा के शिक्षण का 36 वर्षो से अधिक का अनुभव है। वह लंबे समय से छात्रों को प्रतियोगिताओं के लिए अंग्रेजी की शिक्षा दे रहे हैं। उनके पढ़ाए कई छात्र आज राज्य और केंद्र सरकारों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं और अकादमिक शिक्षा से संबंधित 18 पुस्तकें लिखी हैं, जो बिहार और झारखंड के साथ-साथ देशभर के छात्रों एवं शिक्षकों के बीच लोकप्रिय हैं।

डा. सिंह ने इस पुस्तक को 58 अंतरराष्ट्रीय पुस्तकों के अध्ययन के आधार पर तैयार किया है। इस पुस्तक की लोकप्रियता और गुणवत्ता के कारण इसे अमेरिका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में स्थान मिला है। उन्हें इस संस्था की ओर से लाइफटाइम मेंबरशिप कार्ड भी प्रदान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि डा. सिंह की पत्नी रंजना सिंह ने पुस्तकों के लेखन और प्रकाशन में उनका सहयोग किया है। उनकी छोटी पुत्री निशा सिंह ने लंदन स्थित क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से एलएलएम की पढ़ाई की है। वहीं, उनके परिवार के अन्य सदस्य भी प्रतियोगी अर्थशास्त्र और गणित के शिक्षण से जुड़े रहे हैं।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

मोतिहारी में बड़े फूड ब्रांड्स के प्रतिष्ठानों पर प्रशासन की छापेमारी, डोमिनोज व केएफसी पर जुर्माना

रसोई में गंदगी व बासी आटा मिला, ब्लिंकिट गोदाम में तीन नाबालिग लड़कियों के काम करने का मामला आया सामने

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर में खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। सदर एसडीएम अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासनिक टीम ने शहर के कई चर्चित रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डोमिनोज और केएफसी की रसोई में गी, बासी आटा एवं इस्तेमाल किए गए तेल का दोबारा उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आईं। अनियमितता पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों पर मौके पर जुर्माना लगाया गया।सदर एसडीएम अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की जांच करना था। जांच के दौरान डोमिनोज और केएफसी में रसोई की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली। वहां बासी आटा एवं मैदा रखा हुआ पाया गया। इसके अलावा इस्तेमाल किए जा चुके तेल का दोबारा उपयोग किए जाने की बात भी सामने आई। खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता और स्वच्छता में इस तरह की लापरवाही गंभीर है। ग्राहकों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

टीम ने शहर के साईं रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया। आरोप है कि प्रशासनिक टीम को पहुंचते देख रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने रसोई का शटर बंद कर दिया। इसके



छापेमारी करते सदर एसडीएम व अन्य।

बावजूद अधिकारियों ने अंदर जाकर रसोई की स्थिति की जांच की।इसके बाद टीम ने त्वरित डिलीवरी सेवा से जुड़े ब्लिंकिट के गोदाम का निरीक्षण किया। यहां अगि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं पाए गए। गोदाम में तीन नाबालिग लड़कियों के काम करने का मामला भी सामने आया। हालांकि, संबंधित लड़कियों की उम्र का सत्यापन किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम अधीक्षक को बुलाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई हैस एसडीएम अरुण कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, अगि सुरक्षा और श्रम कानूनों का पालन सभी प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है। प्रतिष्ठान चाहे कितना भी बड़ा या प्रतिष्ठित क्यों न हो, नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह का औचक निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।वही ढाका बाजार में मिठाई दुकानों की औचक जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं ढाका थानाध्यक्ष राजरूप राय ने संयुक्त रूप से तीन मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।जांच के दौरान दीपक केविन, गेलार्ड स्वीट्स एवं वैष्णो स्वीट्स में मिठाइयों के निर्माण, रखरखाव, प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने दुकानों के ट्रेड लाइसेंस एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लाइसेंस की भी जांच की।निरीक्षण के दौरान मिठाइयों के निर्माण, रखरखाव एवं साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं में कई कमियां पाई गईं। इसको लेकर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों से स्पष्टीकरण मांगने की कार्रवाई की जा रही हैस अधिकारियों ने दुकानदारों को मिठाई निर्माण स्थलों की नियमित साफ-सफाई रखने, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने तथा मिठाइयों के सुरक्षित रखरखाव और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई।

संक्षिप्त खबरें

किसानों को समय पर बीज और खाद उपलब्ध कराने का निर्देश

डीएम ने कृषि टास्क फोर्स की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की, शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने पर दिया जोर

मोतिहारी (एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय षि टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें षि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं, रबी फसलों के आच्छादन लक्ष्य, बीज वितरण और उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गईस बैठक में जिला षि पदाधिकारी मृणाल शास्त्री ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय षि विकास योजना के तहत अनुदानित दर पर मटर बीज, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन के तहत राई-सरसों प्रत्यक्षण एवं बीज उपलब्ध कराया गया है। वहीं, दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत मसूर मिनीकिट तथा राज्य योजना के अंतर्गत त्रिफसलीय सरसों प्रत्यक्षण एवं प्रमाणित सरसों बीज भी जिले को प्राप्त हो चुका हैस जिलाधिकारी ने सभी प्राप्त बीजों का समय पर किसानों के बीच वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसान निर्धारित समय पर बुआई कर सकें।उर्वरक की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों के स्टक और उपलब्ध खाद की नियमित जांच कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि उर्वरक आपूर्ति के बाद षि समन्वयक भी भौतिक सत्यापन करें, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। जिला षि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैस एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए डीएम ने शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी तैयार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रातिक खेती एवं परंपरागत षि विकास योजना के राज्य से प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा।बैठक में मिट्टी जांच प्रयोगशाला, षि अभियंत्रण, उद्यान, पौधा संरक्षण और मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दियास बैठक में जिला षि पदाधिकारी मृणाल शास्त्री, उप निदेशक षि अभियंत्रण, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक बीज विश्लेषण, जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा सभी अनुमंडल षि पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

पैक्स अध्यक्षों ने धान खरीद की समस्याएं उठाईं

बीडीओ को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा, भुगतान और मिलिंग चार्ज से जुड़ी मांगें रखीं

पीपराकोठी। प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों ने धान खरीद से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रखंड पैक्स संघ के अध्यक्ष हरिवंश कुमार सिंह उर्फ अखिलेश सिंह ने इसका नेतृत्व किया। बीडीओ की गैरमौजूदी में प्रधान सहायक धर्मवीर चौधरी ने मांग पत्र लिया। पैक्स अध्यक्षों ने धान खरीद वर्ष 2025-26 में समितियों को हुई आर्थिक परेशानियों और अगली खरीद में आने वाली दिक्कतों को दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य खाद्य निगम से चावल का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण समितियों पर जो अतिरिक्त ब्याज पड़ा है, उसका भुगतान सरकार या संबंधित विभाग करे। मांग पत्र में पैक्स एवं व्यापार मंडलों, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और राज्य खाद्य निगम के बीच पहले की तरह त्रिपक्षीय समझौता कराने की मांग की गई। मिल टैगिंग में पैक्सों को स्वायत्तता देने और समितियों की सहमति से मिल चुनने की बात भी कही गई। पैक्स अध्यक्षों ने मिलरों की ओर से लिए जा रहे 100 रुपए प्रति टिल मिलिंग चार्ज पर रोक लगाने की मांग की। धान की कटौती के नाम पर प्रति टिल 3 से 10 किलोग्राम तक की जा रही कटौती बंद करने को भी कहा। उन्होंने प्रबंधकीय अनुदान मद में 60 रुपए प्रति टिल और गन्नी बैग मद में 100 रुपए प्रति टिल भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी। पीएफएमएस के जरिए भुगतान के साथ राज्य खाद्य निगम से एसटीआर जारी करने और चावल की सप्लाई के 72 घंटे के भीतर भुगतान करने को कहा। मांग पत्र में समितियों का खरीद लक्ष्य डीईओ कार्यालय से मिले उत्पादन प्रतिवेदन के अनुसार तय करने की बात कही गई। सीएमआर संग्रहण केंद्र का संचालन बिहार राज्य खाद्य निगम से कराने और मिल टैगिंग व एकरारनामा की प्रक्रिया खरीद शुरू होने से पहले पूरी करने की मांग भी शामिल है। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि इससे समितियों पर अतिरिक्तब्याज का बोझ नहीं पड़ेगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा, अजय पांडेय, अरविंद शर्मा, हरिकिशोर प्रसाद और मोख्तार आलम मौजूद थे।

एसडीओ ने मलाही हाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण

प्रभारी प्रधानाध्यापक को अति प्रभात दिलाने के लिए डीपीओ से की बातचीत, निरीक्षण के दौरान छात्रों की वास्तविक उपस्थित कम पाई गई, विद्यालय के रंग रोदन का दिया निर्देश

अरेराज(एनएसबी)। अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज सुजीत कुमार द्वारा मलाही हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यो एवं बुनियादी ढांचागत सुधारों तथा शैक्षिणिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान चहारदीवारी के साथ साथ संपूर्ण भवन (अंदर बाहर) का रंगगोगन तथा आवश्यकतानुसार मरम्मति कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यक द्वारा वित्तीय प्रभार नहीं होने की बात कही गई, जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्क्षण डीपी ओ स्थापना, से बात की गई, और उनके द्वारा आज ही सम्पूर्ण प्रभार दिलाने का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान नामांकित छात्र-छात्राओं की तुलना में वास्तविक उपस्थिति काफी कम पाई गई, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने गहरी चिंता व्यक्त की। उपस्थिति का विवरण इस प्रकार रहास कक्षा 9वीं में कुल 97 छात्र (बच्चे) एवं 122 छात्राएं (बच्चियां) नामांकित हैं, जिसके विरुद्ध मात्र 25 छात्र और 39 छात्राएं उपस्थित पाई गईं। कक्षा 10वीं में कुल 139 छात्र एवं 130 छात्राएं नामांकित हैं, जिसमें केवल 18 छात्र और 8 छात्राएं ही उपस्थित थीं।विद्यालय में कुल 11 शिक्षक पदस्थित है जिसमे एक संगीत एवं एक आई सी टी इंस्ट्रक्टर भी शामिल हैं।अनुमंडल पदाधिकारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ साथ विषयवार शिक्षकों का रोस्टर तैयार कर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य रूप से कंप्यूटर कोसर्रू छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए विद्यालय में समानांतर रूप से कंप्यूटर कोर्स (पार्लर कंप्यूटर कोर्स) शुरू कराने की बात कही।विद्यालय मे उपलब्ध आवंटन के अनुरूप भवन का सौंदर्यीकरण, विद्यालय परिसर को आकर्षक और शैक्षणिक माहौल के अनुकूल बनाने के लिए निर्देश दिये गए।नव निर्मित2 भवन में कक्षा का संचालन करने हेतु भी निर्देशित किया गयास अनुमंडल पदाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने की बात कही। साथ ही, विद्यालय में खेलकूद, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में उपस्थित प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षण व्यवस्था और छात्र विकास में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

दिवाली-छठ से पहले पुलिस ने 75 पूर्व अभियुक्तों की परेड कराई

पीपराकोठी। पुलिस ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान शांति बनाए रखने के लिए बुधवार को थाना परिसर में 75 पूर्व अभियुक्तों की परेड कराई। परेड थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट, शराब, स्प्रिट, हत्या और चोरी समेत अलग-अलग मामलों में पहले शामिल रहे अभियुक्तों को बुलाया था। पुलिस ने उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने, अवैध गतिविधियों में शामिल होने या अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि इस पहल का मकसद असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और इलाके में शांति बनाए रखना है।

खेत बचाओ अभियान' के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पीपराकोठी। भारतीय षि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं षि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत जसौली पंचायत के बंगरा गांव में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 102 किसानों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें 35 महिलाएं शामिल थींस कार्यक्रम में महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान के निदेशक ड़ राघवेंद्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने 'खेत बचाओ अभियान' के उद्देश्यों एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। भारतीय षि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के फसल अनुसंधान प्रभाग के प्रमुख ड़ संजीव कुमार ने रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, समेकित षि प्रणाली एवं फसल विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को टिकाऊषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, षि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष ड़ अरविंद कुमार सिंह ने फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन तथा सिंचाई प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर किसानों को जानकारी दी। वैज्ञानिक ड़ अभिषेक कुमार ने षिवानिकी के महत्व, इसके लाभ तथा षि प्रणाली में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारतीय षि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक ड़ अनूप दास ने अपने संदेश में किसानों से मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण, षि संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा सतत षि के लिए वैज्ञानिक षि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

दीपावली से पहले मिठाई दुकानों में एसडीएम ने की औचक जांच, मिलीं कई कमियां

तीन प्रतिष्ठानों के ट्रेड व एफएसएसएआई लाइसेंस साफ-सफाई और मिठाइयों की गुणवत्ता की हुई जांच

मोतिहारी(एनएसबी)। दीपावली पर्व को देखते हुए आम लोगों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण मिठाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को ढाका बाजार में मिठाई दुकानों की औचक जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं ढाका थानाध्यक्ष राजरूप राय ने संयुक्त रूप से तीन मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।जांच के दौरान दीपक केविन, गेलार्ड स्वीट्स एवं वैष्णो स्वीट्स में मिठाइयों के निर्माण, रखरखाव, प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने दुकानों के ट्रेड लाइसेंस एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लाइसेंस की भी जांच की।निरीक्षण के दौरान मिठाइयों के निर्माण, रखरखाव एवं साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं में कई कमियां पाई गईं। इसको लेकर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों से स्पष्टीकरण मांगने की कार्रवाई की जा रही हैस अधिकारियों ने दुकानदारों को मिठाई निर्माण स्थलों की नियमित साफ-सफाई रखने, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने तथा मिठाइयों के सुरक्षित रखरखाव और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई।

कालाजार के 23 मरीज मिले, सभी का सरकारी अस्पतालों में हुआ इलाज

मोतिहारी(एनएसबी)। जिले में कालाजार उन्मूलन की दिशा में सफलता के बावजूद वर्ष 2026 में कालाजार के 15 वीएल और आठ पीकेडीएल के मामले सामने आए हैं। सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में कराया गया है। बीमारी की दोबारा संभावित वृद्धि को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और संदिग्ध मरीजों की खोज तेज करने का निर्देश दिया है। उक्त बातें सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति स्थित आरोग्य भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कहीं।उन्होंने कहा कि जिले में कालाजार उन्मूलन हो चुका है, लेकिन इसे लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। पुराने प्रभावित क्षेत्रों में दोबारा बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, स्टाफ नर्स, वीडीसीओ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहकर काम करने का निर्देश दिया। आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के माध्यम से पीकेडीएल मरीजों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में डब्ल्यूएचओ की डिविजनल कोअर्डिनेटर माधुरी देवराजू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि कालाजार नियंत्रण के लिए मरीजों का इलाज करने के साथ संदिग्ध मरीजों की लगातार खोज जरूरी है। जिन प्रखंडों में मामले नहीं मिले हैं, वहां भी स्वास्थ्यकर्मियों को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने बीमारी के लक्षण, जांच प्रक्रिया, दवाओं की खुराक और उपचार के नियमों की जानकारी दीस डब्ल्यूएचओ के मनोज तुमराडा ने बताया कि किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक बुखार रहने पर जांच करानी चाहिए। संदिग्ध मरीजों की जांच निर्धारित प्रोटोकल के अनुसार आरके-39 किट से की जाती है। पूर्व में कालाजार से पीड़ित मरीजों में दोबारा लक्षण दिखने पर पुष्टि जांच और मरीजों की एचआईवी जांच सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गयास डीआईओ ड़ शरत चंद्र शर्मा ने कहा कि त्वचा पर सफेद-लाल धब्बे या असामान्य गांठ दिखने पर नजरअंदाज नहीं करें। ऐसे लक्षण होने पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। सिविल सर्जन ने मरीजों की लंबित क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान शीघ्र कराने का निर्देश दियास जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ड़ निकेश कुमार ने बताया कि कालाजार मरीजों को श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में 7100 रुपये तथा पीकेडीएल मरीजों को 4000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। बैठक में वीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार, सत्यनारायण उरांव, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, पिरामल के पीयूष कुमार, पप्पू कुमार, सिफार के सिद्धांत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



जांच करते चिकित्सक।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत एक वोट, चुनावी अखंडता बनाए रखना युवाओं का कर्तव्य : राधामोहन सिंह

मोतिहारी(एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत बुधवार को मोतिहारी स्थित आईटीआई कलेज में 'विकसित भारतयुवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने का आह्वान किया।सांसद ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हमारा एक वोट है। चुनावी अखंडता बनाए रखना विशेषकर युवाओं का सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल भ्रामक जानकारियों और फेक न्यूज के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं को जागरूक रहने और तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनाने की जरूरत है।उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों में लगातार मिल रही हार का आत्ममंथन करने के बजाय पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है। कई राज्यों में कांग्रेस दशकों से पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर सकी है। इसके लिए उसे अपनी राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए।मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उन्होंने कहा कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने की बात भ्रामक है। मसौदा सूची में मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके तथा एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज कराने वाले मतदाताओं को चिति किया गया है। इसमें करीब 28 करोड़ मृत, तीन करोड़ अनुपस्थित, 63 करोड़ दूसरी जगह जा चुके और एक करोड़ दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता शामिल हैं।उन्होंने कहा कि मसौदा सूची राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों को जांच के लिए उपलब्ध कराई जाती है। पात्र मतदाताओं को दावा-आपत्ति का अवसर भी मिलता है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना हैस मौके पर उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, संस्थान के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं युवा उपस्थित थे।



संबोधित करते राधा मोहन सिंह।

कलाकार सम्मान समारोह आयोजित कर 172 कलाकारों को दिया गया प्रमाण पत्र

केसरिया(एनएसबी)। सामाजिक संस्था आदर्श जन सेवा की ओर से बुधवार को केसरिया स्थित सम्राट अशोक भवन सभागार में कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि ड़ राजेश अस्थाना, संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी, सचिव रामकुमार गिरी, मुखिया ज्योति सिंह, अशोक गुप्ता और सौरभ वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद रिद्धि, सिद्धि और निधि ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ड़ राजेश अस्थाना ने कहा कि कला समाज की सांस्तिक पहचान और समृद्ध विरासत की संवाहक है। स्थानीय कलाकारों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उनकी कला को मंच और उचित सम्मान देने की, ताकि वे अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी ने कहा कि कलाकारों का सम्मान उनकी प्रतिभा के प्रति समाज की तज्ञता है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय कला और कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। समारोह में कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विविध कला विकास समिति और बौद्धी माई कला विकास समिति से जुड़े कलाकारों सहित केसरिया प्रखंड के 172 कलाकारों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विविध कला विकास समिति के सचिव रंजन कुमार ने किया। मौके पर सौरव वर्मा, विनोद तिवारी, मोहम्मद शाहनवाज, पप्पू गुप्ता, चंद्रिका, ष्ण गुप्ता, सुरेश गिरी, दिलीप गिरी,डा दिवाकर गिरि,मोहम्मद आलम, राजमोहन प्रसाद और धर्मनाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

चरित्र, संस्कार और अनुशासन से ही बनेगा मजबूत राष्ट्र : हेना चंद्रा

मोतिहारी(एनएसबी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से महारानी जानकी कुँवर राजकीय बालिका इंटर कलेज में युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक ड़ हेना चंद्रा तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर बिहार प्रांत की जनजातीय कार्य प्रमुख ड़ आशा मीणा, ड़ मनीषा रानी और ड़ ऋतु रानी शामिल हुईं।मुख्य अतिथि ड़ हेना चंद्रा ने कहा कि मजबूत राष्ट्र की नींव उसके नागरिकों के चरित्र पर टिकी होती है। युवतियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मसम्मान के साथ व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि युवा वर्ग रील और लाइक्स की आभासी दुनिया में उलझता जा रहा है। तकनीक का उपयोग विकास के लिए होना चाहिए, न कि उसका गुलाम बनना चाहिए। छात्राएं अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यो और कौशल विकास में लगाएंस ड़ ऋतु रानी ने युवतियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा वैचारिक स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अंधविश्वास और कुरीतियों से ऊपर उठकर तार्किक सोच विकसित करनी चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिएस ड़ मनीषा रानी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है। छात्राओं की शिक्षा दो परिवारों के लिए महत्वपूर्ण होती है। इसलिए उन्हें समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका समझनी चाहिए।ड़ आशा मीणा ने भी छात्राओं को शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि परिषद छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने के लिए ऐसे सम्मेलन आयोजित करती हैस इस अवसर पर कलेज की मेधावी छात्राओं को अतिथियों ने स्मृति चि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत सह-संयोजक सानिया दुबे ने किया। कलेज प्रशासन एवं एबीवीपी की स्थानीय इकाई ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।



एबीवीपी ने महारानी जानकी कुँवर राजकीय बालिका इंटर कलेज में आयोजित किया युवती सम्मेलन, मेधावी छात्राएं हुईं सम्मानित।

सेटेलाइट सीतापुरम प्रोजेक्ट की वापसी तक जारी रहेगा किसान आंदोलन : भूमि बचाओ संघर्ष समिति

संक्षिप्त खबरें

लगमा गांव के सिमेंट ईट प्लांट से 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत लगमा गांव स्थित सिमेंट ईट प्लांट के समीप से मंगलवार की रात 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर रजनीश झा को सोनवर्षा पुलिस ने गिरफ्तार किया। जब्त विभिन्न ब्रांड के शराब की कुल मात्रा 187. 125 लीटर बताया जाता है। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना के आधार पर लगमा गांव निवासी रजनीश झा के ईट प्लांट पर छापेमारी की गई।



गिरफ्तार कारोबारी, 2ए बरामद अंग्रेजी शराब।

छापेमारी के दौरान प्लांट डीपो के पीछे बांसबाडी से विभिन्न ब्रांड के 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी रजनीश झा को मौके से गिरफ्तार कर थाना लिया गया है।शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर रजनीश झा के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

लगातार दूसरे दिन भी नगर निगम में तालाबंदी जारी, नगर आयुक्त के निलंबन के विरोध में पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों का आक्रोश

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के निलंबन के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी तालाबंदी जारी रही। इस दौरान नगर निगम के सम्मानित पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के निलंबन की खबर से जनप्रतिनिधियों एवं निगम से जुड़े लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों का मानना है कि नगर निगम के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा शहर के विकास कार्यों को गति देने में नगर आयुक्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नगर आयुक्त के कार्यकाल के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था, जलजमाव की समस्या के समाधान, सड़क एवं नाला निर्माण, तालाबों के सौंदर्यीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता अभियान सहित नगर निगम की विभिन्न विकासात्मक एवं जनहितकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गईं।ऐसे समय में नगर आयुक्त के निलंबन से निगम के प्रशासनिक कार्यों एवं विकास योजनाओं पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त की है।


निलंबन के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते पार्षद।

जिला सत्र न्यायालय परिसर, में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला सत्र न्यायालय परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों को आग लगने के विभिन्न कारणों, आग के प्रकारों तथा आग से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों द्वारा गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में आग पर सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाने के उपायों को समझाया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को अग्नि दुर्घटनाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, त्वरित कार्रवाई एवं अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी सीमा भारती, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी भगवान पासवान, सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार, धीरज कुमार, निरंजन कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार तिवारी, प्रधान अग्निक रवि प्रसाद, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रकाश कुमार सहित अन्य अग्निक चालक एवं अग्निशमन कर्मी उपस्थित रहे।


जागरूकता कार्यक्रम में अग्निशमन कर्मी।

फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर के नेतृत्व में नकली पनीर विक्रेताओं पर हुई कार्रवाई दो कुंटल से अधिक पनीर जब्त

सहरसा शहर (एनएसबी)। दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर बाजार में बिक रहे नकली पनीर एवं मिठाईयां को लेकर फूड इंस्पेक्टर के नेतृत्व में विभिन्न दुकानदारों में छापामारी की जा रही है।वहीं बुधवार को शहर के सब्जी मंडी में नकली पनीर विक्रेताओं पर छापेमारी कार्रवाई की गई। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर संजय चैधरी ने बताया कि जिलाधिकारी दीपेश कुमार सदर एसडीओ श्रेयांश तिवारी एवं डीओ अनिल कुमार के निर्देश पर नकली खाद्य सामग्री के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत 2 कुंटल से अधिक नकली पनीर जप्त कर जांच के लिए इसे पटना भेजा गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात्रि शहर के प्रमुख मिठाई दुकान, जनरल स्टोर एवं किराना दुकानों में छापेमारी का काजू एवं अन्य मिठाई की को जप्त करते हुए जांच सैंपल के लिए पटना भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बाजार में असली पनीर 400 किलो बिकता है जबकि नकली पनीर 200 से भी कम भाव में बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पनीर के ऊपर आयोडीन डालने के बाद उसका रंग काला पड़ गया जिसके कारण प्रथम दृष्ट्या यह साबित हुआ किया नकली पनीर बेचा जा रहा है ।जो जीवन के लिए खतरा है इस मौके पर डाटा ऑपरेटर कुणाल कुमार एग्जीक्यूटिव राहुल राज सहित अन्य मौजूद रहे।


नकली पनीर जप्त करते इंस्पेक्टर

लगमा गांव के सिमेंट ईट प्लांट से 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

सोनवर्षाराज। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत लगमा गांव स्थित सिमेंट ईट प्लांट के समीप से मंगलवार की रात 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर रजनीश झा को सोनवर्षा पुलिस ने गिरफ्तार किया। जब्त विभिन्न ब्रांड के शराब की कुल मात्रा 187ण् 125 लीटर बताया जाता है। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना के आधार पर लगमा गांव निवासी रजनीश झा के ईट प्लांट पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान प्लांट डीपो के पीछे बांसबाडी से विभिन्न ब्रांड के 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी रजनीश झा को मौके से गिरफ्तार कर थाना लिया गया है।शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर रजनीश झा के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।


संबोधित करते मंत्री, 1ए उपस्थित महिला-पुरूष

सहरसा शहर (एनएसबी)। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला परिषद स्थित रेनबो रिसोर्ट से शहीद चैक तक आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एनडीए गठबंधन के सभी दलों के नेता व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित विभिन्न गठबंधन दल के विधायक व स्थानीय नेता शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर रेनबो रिसोर्ट में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने की।इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि एक अच्छी एवं जवाबदेह सरकार का मूल उद्देश्य जनता का कल्याण करना, देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनहित सर्वोपरि होना चाहिए एवं सरकार की नीतियां गरीबों, किसानों, युवाओं व आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ आंतरिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्रमुख जिम्मेदारी है। देश की बाहरी सीमाओं को सुरक्षित रखने के साथ आंतरिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने गरीब कल्याण की योजनाओं पर चर्चा करते कहा कि देश से गरीबी दूर करने, जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं बेघर लोगों को पक्का मकान देने की दिशा में व्यापक स्तर पर काम किया गया है।गरीबों को मुफ्त एवं बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है।किसानों के हितों का उल्लेख करते उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे आर्थिक सहायता भेजी जा रही है। वहीं जनधन योजना ने गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का काम किया है। डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में पहुंच रही है। जिससे बिचैलियों की भूमिका समाप्त करने में मदद मिली है। उन्होंने देश में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को भी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कों का निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर शौचालय की व्यवस्था एवं रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण से आम लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। सरकार की कोशिश है कि विकास की सुविधाएं केवल शहरों तक सीमित ना रहें. बल्कि गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचे. मुफ्त राशन योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश का कोई भी गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए सरकार जरूरतमंद परिवारों को लगातार मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है. उन्होंने हवाई सेवा के विस्तार को आम नागरिकों के सपनों से जोड़ते हुए कहा कि अब साधारण परिवारों के लोग एवं नौजवानों के अभिभावक भी हवाई जहाज में सफर करने का सपना पूरा कर पा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना है।कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन, सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह, हम विधायक प्रफुल्ल मांझी, जदयू विधायक अजय कुमार चैधरी, विधान पार्षद सह क्षेत्रीय प्रभारी भाजपा आनिल ठाकुर, पूर्व विधायक एवं जदयू जिलाध्यक्ष गुंजेश्वर साह, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री भाजपा दिवाकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक मोर्चा अंगद कुशवाहा, पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा लाजवंती झा, जिला प्रभारी भाजपा सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष लोजपा रामविलास महेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष हम प्रियव्रत सदा, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक मोर्चा अर्चना आनंद, प्रदेश उपाध्यक्ष हम राम रतन ऋषिदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नीरज गुप्ता, मदन प्रसाद चैधरी, राजीव रंजन सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन महापौर बेन प्रिया ने किया।मौके पर शिव भूषण सिंह, भैरवानंद झा, विजय बसंत, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, राजीव रंजन साह, अनमोल भगत, सुमित वर्मा, कुमार अमरज्योति सहित अन्य ने मंच संचालन एवं मंच व्यवस्था की। वहीं मंच पर स्थानीय नेता, पार्टी पदाधिकारी, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम नागरिक मौजूद थे। सभा समाप्ति के बाद पदयात्रा निकाली गई।जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। पदयात्रा रेनबो रिसोर्ट से निकलकर डीबी रोड, शंकर चैक, सब्जी मंडी होते चांदनी चैक स्थित शहीद स्मारक पहुंच शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में निकली लोकतंत्र बचाओ आरजकता हटाओ पदयात्रा

प्ले एंड लर्न स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। न्यू बस स्टैंड के समीप स्थित प्ले एंड लर्न स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर बुधवार को भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अलग-अलग समूहों में बंटकर रंग-बिरंगे रंगों, फूलों और आकर्षक डिजाइनों से एक से बढ़कर एक खूबसूरत रंगोली तैयार की। बच्चों की कलाकारी और रंगों का अनूठा संयोजन देखते ही बन रहा था। रंगोली की सुंदरता देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं, छोटे-छोटे बच्चों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह और खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अनुज कुमार सोनू ने किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दीपावली पर्व के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। स्कूल में इस तरह के रचनात्मक आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरती है तथा उनमें आत्मविश्वास, सहयोग और आपसी सद्भाव की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों की ओर से बनाई गई रंगोलियों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर देती हैं। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल परिसर में दीपावली जैसा उत्सवी माहौल बना रहा। बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ अपनी-अपनी रंगोली को अंतिम रूप दिया। एक-दूसरे की कलाकृतियों को देखकर बच्चों में भी काफी उत्सुकता दिखाई दी। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के महत्व से भी रूबरू कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रज्वल छेत्री, अमर विश्वकर्मा, इंद्रजीत रविदास, सिद्धार्थ शर्मा, भुवन छेत्री, नितेश गुरुंग, मनीष सिंह, अंजुना छेत्री, अर्पणा थापा, पूजा सिंह, छोटी सिंह, शिवानी विश्वकर्मा, कंचन कुमारी, विवेक कुमार, संतोष कुमार, मुनमुन सिंह, संजीव कुमार, सरिता सिंह, नेहा सिंह, कोमल सिंह, खुशी सिंह, आरती कुमारी, नीतू कुमारी, सलमा प्रवीण, नेहा प्रवीण एवं नूसी प्रवीण समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।



रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्रा

दीपावली के मौके पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर लोगों का मोहा मन, निदेशक ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

सोहा गांव के धीरज सिंह ने पांच महीने की पदयात्रा में पांच ज्योतिर्लिंग और दो धाम का किया दर्शन

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। नगर क्षेत्र के सोहा गांव निवासी धीरज कुमार सिंह ने अपने कठिन धार्मिक भावनाओं को आगे बढ़ाते हुए अपने 4 धाम 12 ज्योतिर्लिंग की पदयात्रा के 5वें माह में उसने महाराष्ट्र के नासिक स्थित भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव का दर्शन कर पुजा अर्चना किया। इस तरह धीरज ने सबसे पहले झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम उसके बाद जगन्नाथ पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा, आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में भगवान मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम पहुँचकर भगवान रामनाथस्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी यात्रा के दौरान धीरज ने तिरुपति बालाजी का भी पावन दर्शन भी किया। इसके बाद महाराष्ट्र की धरती पर पहुँचकर सबसे पहले चैथे ज्योतिर्लिंग बाबा भीमाशंकर और ज्योतिर्लिंग भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव का दर्शन करने के साथ पुजा अर्चना किया । इस तरह धीरज ने 5 वें माह में 5 ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं 2 धाम की यात्रा पूरा कर लिया है। धीरज अब महाराष्ट्र के छठे ज्योतिर्लिंग, संभाजीनगर क्षेत्र के घृष्णेश्वर महादेव के दर्शन करने हेतू अपनी पदयात्रा प्रारंभ करने वाला है।


त्र्यंबकेश्वर महादेव का दर्शन करते श्री सिंह।

आवास योजना में वसूली का आरोप

किसी से 500 तो किसी से लिए 10 हजार रुपये, रघुनाथपुर पंचायत के वायरल वीडियो में लाभुकों ने खोली पोल

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने से प्रखंड में हड़कंप मच गया है। सोनवर्षाराज प्रखंड की रघुनाथपुर पंचायत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कई लाभुकों ने आवास योजना का लाभ दिलाने और सूची में नाम जुड़वाने के नाम पर 500 से लेकर 10 हजार रुपये तक वसूले जाने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने मुखिया प्रतिनिधि और आवास सहायक की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। वायरल वीडियो में रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड संख्या दो की पूनम देवी ने आरोप लगाया कि मुखिया प्रतिनिधि ने आवास योजना के नाम पर उनसे 10 हजार रुपये लिए, लेकिन अब तक सूची में उनका नाम नहीं जोड़ा गया। वहीं, इसी वार्ड की किरण देवी के पति विजय शर्मा ने सत्यापन के नाम पर मुखिया के दरवाजे पर एक हजार रुपये देने की बात कही। सुचिता देवी और चीरण देवी ने भी 500-500 रुपये देने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने बताया कि इस संबंध में सामूहिक हस्ताक्षर से बीडीओ को आवेदन देकर शिकायत की जाएगी। आवास योजना में कथित वसूली की शिकायत केवल रघुनाथपुर पंचायत तक सीमित नहीं है। इससे पहले 28 सितंबर को महुआ पंचायत में आयोजित विशेष ग्रामसभा के दौरान भी आवास योजना के नाम पर 1500 रुपये मांगने का मामला सामने आया था। अजरपुर गांव निवासी शोभानंद मिस्त्री ने इस संबंध में बीडीओ से शिकायत की थी। उस समय बीडीओ ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आवास योजना में नाम जुड़वाने, जियो टैगिंग और सत्यापन के नाम पर लाभुकों से अलग-अलग रकम मांगी जाती है। इतना ही नहीं, योजना के तहत खाते में आने वाली तीनों किस्तों में भी कथित हिस्सेदारी की मांग की जाती है। लोगों के मुताबिक, एक लाभुक को आवास का लाभ लेने के लिए 25 से 30 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में बीडीओ अमित आनंद ने कहा कि वायरल वीडियो में कोई व्यक्ति उकसाकर सवाल पूछ रहा है। यदि किसी को कोई आपत्ति या शिकायत है तो लिखित आवेदन दें। मामले की जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान आवास सहायक चंदन कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। पंचायत में योगदान दिए अभी कुछ ही महीने हुए हैं। वहीं, पूर्व आवास सहायक गौतम कुमार ने कहा कि उन्होंने करीब एक वर्ष पहले ही नौकरी छोड़ दी है। मुखिया प्रतिनिधि कुमार सिंह उर्फ नीतेश ने आरोपों को विरोधियों की साजिश बताते हुए निराधार करार दिया। लगातार मिल रही शिकायतों ने आवास योजना के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकारी योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को बिना किसी परेशानी के पक्का मकान उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि लाभ दिलाने के नाम पर वसूली की जा रही है तो इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।


पीड़ित महिला

महुआ पंचायत में भी 1500 रुपये मांगने की शिकायत; जांच के बाद कार्रवाई का बीडीओ ने दिया भरोसा

गंगा आरती से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण से भक्तिमय हुआ वातावरण

सहरसा (एनएसबी)। बुधवार को भारती मंडन सरोवर न्यू कालोनी स्थित गंगा उत्सव 2026 के अवसर पर भव्य गंगा आरती का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गौरव कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गंगा आरती के शुभारंभ से पूर्व विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। मंत्रोच्चारण से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मंत्रोच्चारण में सहभागिता की। इसके पश्चात पूरे विधि-विधान के साथ गंगा आरती संपन्न की गई। दीपों की जगमगाहट, शंखनाद एवं भक्ति संगीत से वातावरण आध्यात्मिक एवं आकर्षक बन गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां गंगा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता सहरसा श्री निशांत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री श्रेयांस तिवारी, उप नगर आयुक्त, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहरसा सहित अन्य उपस्थित थे।


वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ डीडीसी ने की आरती।

6 को धन्वन्तरि जयंती धनतेरस, 08 को मनेगी दीपावली : पंडित तरुण झा

सहरसा शहर (एनएसबी)। मिथिला व कोशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाती है। धन त्रयोदशी या धनतेरस का त्योहार इस बार बेहद शुभ संयोग लेकर आ रहा है। धनतेरस दिवाली से दो दिन पहले मनाई जाती है, इसे धनत्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस पर देवताओं के वैद्य माने जाने वाले भगवान धनवंतरी की पूजा करते हैं एवं दीपावली 08 नवंबर रविवार को मनाई जायेगी। विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि 06 नवंबर को दिन में 11 बजकर 18 मिनट से शुरू हो रही है, प्रदोष काल में त्रियोदशी तिथी होने के कारण धनतेरस इसी दिन मनाई जायेगी। शास्त्र के अनुसार धनतेरस की पूजा सदैब प्रदोष काल में ही की जाती है। 06 को धनतेरस, 07 को यमदीपदानं, हनुमज्जन्मोत्सव, हनुमद्ध्वजादानं, 08 को शुभ दीपावली, लक्ष्मी कुबेर पूजा, उल्का भ्रमण, काली पूजा, पितृ विसर्जन, 09 पूजा, अन्नकूट, 11 नवंबर को भ्रातृद्वितीया, चित्रगुप्त पूजा होगी।

शुम्भा के मॉडल स्कूल में छठ महापर्व की जीवंत झांकी पीली साड़ी में सजी छात्राओं ने दिया सूर्य को अर्घ्य

लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ की परंपराओं से रूबरू हुए विद्यार्थी, कक्षा नौवीं और दसवीं के 23 छात्र-छात्राओं ने बिखेरा सांस्कृतिक हुनर, पारंपरिक गीतों से गूंजा विद्यालय परिसर









नहाय-खाय से उषा अर्घ्य तक की परंपरा को मंच पर उतारा, ग्रामीण परिवेश में बच्चों ने अपनी सांस्तिक प्रतिभा से किया मंत्रमुग्ध।

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार के लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व छठ की छटा अभी से गांव-गांव में बिखरने लगी है सूर्योपासना, स्वच्छता, पवित्रता और लोक संस्ति के अद्भुत संगम वाले इस महापर्व की आहट मंगलवार को खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती शुम्भा गांव में भी सुनाई दी यहां गाजीघाट स्थित सरस्वती विद्या निकेतन सह लक्ष्मी देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय,शुम्भा (मडल स्कूल) में छात्र-छात्राओं ने छठ महापर्व की ऐसी जीवंत और मनोरम झांकी प्रस्तुत की कि विद्यालय परिसर कुछ देर के लिए छठ घाट में तब्दील हो गया। पारंपरिक परिधान में सजी छात्राओं ने सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा का अभिनय कर लोक आस्था की अनूठी तस्वीर पेश की, तो वहीं पारंपरिक छठ गीतों की धुन पर पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

कक्षा नौवीं और दसवीं के कुल 23 छात्र-छात्राओं ने इस सांस्तिक आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पीली साड़ी में सजी छात्राओं के माथे पर सिंदूर, नाक में नथिया और हाथों में बांस के सूप व टोकरी ने छठ पर्व की पारंपरिक छटा को जीवंत कर दिया। छात्राओं ने जब वती की भूमिका में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने का अभिनय किया, तो उपस्थित अभिभावक और ग्रामीण भाव-विभोर हो उठे। वहीं, कुछ छात्राएं सूप में फल, नारियल और ठेकुआ लेकर वती की सहायिका की भूमिका में नजर आयीं। बच्चों की भाव-भंगिमा, पारंपरिक वेशभूषा और सजीव अभिनय ने दर्शकों को छठ महापर्व की वास्तविक अनुभूति कराई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सांस्तिक कार्यक्रम का शुभारंभ डायल-112 के पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, कुमार राजन और चालक संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यार्थियों की सांस्तिक प्रस्तुति शुरू हुई। कार्यक्रम में छठ महापर्व के चार दिनों की परंपरा को क्रमबद्ध तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। नहाय-खाय से लेकर लोहंडा-खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य तक की परंपराओं को बच्चों ने अभिनय के माध्यम से दर्शाया। छठ वत की कठिन साधना, वतियों की आस्था और परिवार व समाज की सामूहिक सहभागिता को विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति में विशेष रूप से उकेरा। एक ओर वती की भूमिका निभा रही छात्राएं श्रद्धा और समर्पण के भाव में नजर आयीं, तो दूसरी ओर सहयोगी छात्राओं ने छठ पूजा में उपयोग होने वाली पारंपरिक सामग्रियों के साथ पर्व की महत्ता को दर्शाया। इस दौरान विद्यालय परिसर में मौजूद लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर प्रसिद्ध छठ गीतों से गूंजता रहा। लाउडस्पीकर पर 'कांच ही बांस के बहंगिया' और 'केलवा जे फरेला घवद से' जैसे पारंपरिक गीत बज रहे थे। इन गीतों की मधुर धुन पर छात्राओं ने अपनी भाव-भंगिमा और अभिनय से छठ पर्व की सांस्तिक विरासत को सामने रखा। छठ गीतों की स्वर लहरियों के बीच बांस के सूप, टोकरी, फल, नारियल और ठेकुआ से सजी झांकी ने ग्रामीण परिवेश में लोक संस्ति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। कार्यक्रम को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो विद्यालय के मंच पर छठ घाट का वास्तविक श्य साकार हो गया हो। ग्रामीणों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी अपनी परंपराओं और संस्ति से जुड़ी रहती है। छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुत करने वाली छात्राओं में कक्षा नौवीं की आंसू कुमारी, सुमन कुमारी, ज्योति कुमारी, मधु कुमारी, वर्षा कुमारी, पूजा कुमारी, आरुषि कुमारी, आंचल कुमारी, सुरुचि कुमारी, भारती कुमारी, जानकी कुमारी, शिवानी कुमारी और सृष्टि कुमारी शामिल रहीं। वहीं, कक्षा दसवीं की वर्षा कुमारी और रूपा कुमारी ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र वर्ग से कक्षा नौवीं के मयंक कुमार, सत्यम कुमार, प्रिंस कुमार, रूपेश कुमार, आशिक कुमार और राणा प्रताप कुमार तथा कक्षा दसवीं के ज्योतिष कुमार ने मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, अनुशासन और प्रस्तुति को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सभी 23 छात्र-छात्राओं ने आपसी समन्वय और मेहनत से कार्यक्रम को याार बनाया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सिकन्दर महाराज ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की सांस्तिक पहचान और लोक आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस पर्व में संगीत, परंपरा, प्रति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा, छठ के पारंपरिक गीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्ति और लोक परंपरा की पहचान हैं। विद्यालय में बच्चों के माध्यम से छठ की झांकी प्रस्तुत करने का उद्देश्य उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ना है। जब बच्चे स्वयं वती की भूमिका निभाते हैं और पारंपरिक गीतों पर प्रस्तुति देते हैं, तो वे पर्व की महत्ता को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन मिले, तो वे अपनी प्रतिभा से समाज और विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्तिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही उन्हें अपनी लोक संस्ति, परंपरा और पर्व-त्योहारों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बच्चों को अपनी संस्ति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना विद्यालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, छठ महापर्व हमारी लोक आस्था, प्रति के प्रति सम्मान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस पर्व में सूर्य और जल की आराधना के साथ स्वच्छता, अनुशासन, पवित्रता और सामूहिक सहयोग का संदेश मिलता है। विद्यालय में इस तरह के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी सांस्तिक विरासत से परिचित कराना है। आज के बदलते दौर में जरूरी है कि विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी परंपराओं को भी समझें और उनका सम्मान करें। हमारे विद्यालय के बच्चों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ छठ की झांकी प्रस्तुत की है, वह सराहनीय है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ सांस्तिक, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार छठ महापर्व ऐसा पर्व है, जिसमें प्रति, सूर्य और जल की आराधना के साथ स्वच्छता और सामूहिकता का विशेष महत्व है। इसमें जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर लोग एक साथ पर्व मनाते हैं। घाटों की सफाई से लेकर प्रसाद तैयार करने और अर्घ्य देने तक हर स्तर पर सामूहिक सहयोग की परंपरा देखने को मिलती है।

विद्यालय में आयोजित झांकी के माध्यम से विद्यार्थियों को इसी सामाजिक और सांस्तिक संदेश से परिचित कराने का प्रयास किया गया। बच्चों ने अभिनय के माध्यम से यह दिखाया कि छठ केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि बिहार की लोक संस्ति, पारिवारिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। अलौली जैसे ग्रामीण और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थित सरस्वती विद्या निकेतन सह लक्ष्मी देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय,शुम्भा (मडल स्कूल) शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। विद्यालय में सांस्तिक कार्यक्रमों और खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ग्रामीण परिवेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। छठ महापर्व की झांकी में विद्यार्थियों की भागीदारी ने इस बात को साबित किया कि छोटे गांवों के विद्यालयों में भी सांस्तिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बेहतर वातावरण तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक आनंद, कंप्यूटर शिक्षक अमित कुमार, ष्ण कुमार, संगीत शिक्षक सिकन्दर महाराज, मनीष कुमार, भुपेश यादव, विशाल कुमार, दीपाली, क्लर्क विभा कुमारी और रात्रि प्रहरी विवेकानंद कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्राओं को पारंपरिक वेशभूषा में सजाने-संवारने से लेकर उनकी भाव-भंगिमा और अभिनय को निर्देशित करने तक में शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण विद्यालय परिसर में मौजूद रहे। बच्चों की प्रस्तुति देखकर ग्रामीणों ने कहा कि शुम्भा जैसे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में छठ महापर्व की इस तरह की झांकी प्रस्तुत होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे बच्चों को अपनी संस्ति समझने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने सभी 23 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों और उपस्थित अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

मरम्मति कार्य के लिये लाये गये जेनरेटर की चोरी

बेलदौर। थाना क्षेत्र के एनएच 107 स्थित बालू गड्ढा के पास पुल संख्या 2080 पर एनएच 107 पर पुल मरम्मती कार्य का कार्य कराया जा रहा है। कार्य स्थल एनएच किनारे स्थित जीरोमाइल पिकेट से लगभग तीन सौ मीटर उत्तर में स्थित है। मरम्मति कार्य के लिये लगाये गये जेनरेटर की चोरी कर ली। जेनरेटर रखवाली में तैनात मधेपुरा जिले के सरौनी बजराहा गाँव निवासी मजदूर संतोष मंडल ने बताया कि चोरों ने किसी वाहन और जेसीबी की मदद से 20 हर्सपावर के भारी-भरकम जेनसेट को वाहन पर लादकर चुरा लिया। चोरी गए जेनसेट की कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिल गई है। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तक लिखित आवेदन नहीं मिलने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है। आवेदन मिलते ही मामला दर्ज कर पुलिस चोरों की पहचान करने और जेनसेट की बरामी के लिए आवश्यक कार्रवाई तेज कर देगी।

करंट लगने से युवक झुलसा,खतरे से बाहर

बेलदौर। थाना क्षेत्र के हनुमान नगर वार्ड नंबर-4 में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ अपने ननिहाल आए एक युवक को बिजली का बोर्ड में प्लग लगाने के दौरान अचानक जोरदार करंट लग गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मोनू कुमार के रूप में हुई है, जिसके दिवंगत पिता का नाम स्व पूजन मंडल है। मिली जानकारी के अनुसार, मोनू अपने नाना प्रदीप दास के यहाँ ननिहाल आया हुआ था। वह किसी कार्यवश बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहा था, तभी वह प्रवाहित विद्युत की चपेट में आ गया।घटना के तुरंत बाद परिवार और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे मोनू कुमार को इलाज के लिए बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहाँ मौजूद चिकित्सकों द्वारा तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। गनीमत यह रही कि समय पर अस्पताल पहुँचाए जाने के कारण युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जीविका दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली, दिलाई शपथ

खगड़िया। नशामुक्त समाज के निर्माण और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशाल जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से दीदियों ने आम लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों से नशे की आदतों को छोड़ने तथा अपने परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जीविका दीदियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया। दीदियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगी तथा अपने परिवार, समुदाय और आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करेंगी। इस अवसर पर जीविका दीदियों का उत्साह एवं सामाजिक सरोकार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय रही। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि महिला स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सशक्तीकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जीविका दीदियों की यह पहल नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

शिविर में 403 पशुओं की स्वास्थ्य की हुई जांच

खगड़िया। सदर प्रखंड क्षेत्र के बिशनपुर पंचायत में पशुपालकों की सुविधा एवं पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु पशु स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 172 पशुपालक परिवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के दौरान 403 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से बीमार एवं प्रभावित पशुओं का समुचित उपचार किया गया। साथ ही, पशुओं को टीकाकरण एवं मिनाशक दवाओं प्रदान किया गया। पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य के महत्व, नियमित देखभाल, एवं समय-समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया ताकि वे अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकें और पशुधन से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में पशुपालक दीदियों के पशुओं के समुचित इलाज हेतु पशुपालन विभाग एवं मोबाइल पशु वैन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर डक्टर चंदन कुमार के द्वारा पशुओं का इलाज किया गया। जीविका टीम के सहयोग से यह शिविर अत्यंत सफल रहा।

गंगा उत्सव के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली

डीडीसी एवं डीईओं ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

खगड़िया (एनएसबी)। गंगा उत्सव के अवसर पर नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं उनके महत्व के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिला मुख्यालय में भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए राजेंद्र चौक तक निकाली गई। रैली को उप विकास आयुक्त श्रेया श्री एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों एवं एएनएम छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में पर्यावरण संरक्षण एवं नदी स्वच्छता से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां, बैनर एवं पोस्टर लेकर आम लोगों को नदियों को स्वच्छ रखने, उनमें कचरा एवं प्लास्टिक नहीं डालने, घाटों की स्वच्छता बनाए रखने तथा नदी एवं जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पूरे रैली मार्ग में बच्चों द्वारा लगाए गए 'गंगा बचाओ, जीवन बचाओ', 'स्वच्छ गंगा - स्वस्थ जीवन' जैसे नारों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गंगा उत्सव का आयोजन न केवल गंगा नदी के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि यह नदियों की अविरलता, निर्मलता और उनके पारिस्थितिक महत्व के प्रति समाज को जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम भी है। खगड़िया जिला गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी सहित कई प्रमुख नदियों से जुड़ा हुआ है, इसलिए यहां नदी संरक्षण का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। इस अवसर पर रैली के माध्यम से आम नागरिकों से नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। नागरिकों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने घरों का कचरा नदियों एवं नालों में न डालें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करें तथा स्वच्छता अभियान में प्रशासन का सहयोग करें। नदी संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। जनभागीदारी से ही नदियों की स्वच्छता एवं अविरलता सुनिश्चित की जा सकती है। जब हर नागरिक नदियों को अपनी धरोहर समझकर उनकी रक्षा का संकल्प लेगा, तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल और स्वस्थ पर्यावरण सुरक्षित रह सकेगा।

भारत की जनगणना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

खगड़िया। भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारू संचालन की तैयारियों के तहत बुधवार को खेल भवन, में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी विक्रम विरकर द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी चार्ज अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी, जनगणना सहायक एवं तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्यों के विभिन्न पहलुओं, निर्धारित प्रक्रियाओं एवं तकनीकी व्यवस्थाओं से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि जनगणना कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप त्रुटिरहित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जनगणना प्रशासन के लिए अति महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। जनगणना को सही तरीके से, त्रुटिरहित एवं स-समय संपन्न करना प्रशासन की सर्वोपरि प्रतिबद्धता है। जनगणना के महत्व को देखते हुए यहां उपस्थित सभी चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण लेने के लिए उपस्थित सभी कर्मी इस सत्र की महत्ता को गंभीरता से समझें और ध्यानपूर्वक सुनें। जनगणना में गलती करने की गुंजाइश बहुत कम होती है। इसलिए सभी गाइडलाइंस को बार-बार पढ़ें, जनगणना से संबंधित सभी पत्रों का अध्ययन करें और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना समय पर करना आवश्यक है। समय से पहले यह कार्य पूर्ण हो, इसके लिए आवश्यक है कि आज जो बातें बताई जा रही हैं, उन पर विशेष रूप से ध्यान दें और सभ गाइडलाइंस को बार-बार पढ़ें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय, बिहार (पटना) स्तर से खगड़िया जिले के लिए प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार, जनार्दन प्रसाद राय, सागर कुमार एवं राजीव सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के तत्वावधान में आगामी 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट, खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट, गोगरी में किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक मामलों के आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, बैंक अधिकारियों एवं न्यायिक



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार की अध्यक्षता में सभी राष्ट्रीयत बैंकों के जिला संयोजकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर बैंक ऋण से संबंधित मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सभी बैंक जिला संयोजकों से उनके-अपने बैंक एवं शाखाओं में अब तक चिति किए गए ऋणियों की संख्या तथा उन्हें जारी किए गए नोटिसों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में सचिव श्री चंदन कुमार ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने बैंक की शाखाओं में लंबित ऋण संबंधी मामलों की गंभीरता से समीक्षा करें तथा अब तक चिति नहीं किए गए पात्र ऋणियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही, जिन ऋणियों को चिति किया जा चुका है, उन्हें बिना किसी विलंब के राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत करना सुनिश्चित करें, ताकि संबंधित पक्षकारों को समय रहते इसकी जानकारी मिल सके और वे आपसी सहमति से अपने मामलों का समाधान कर सकें। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को अपने-अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आमलोगों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत की तुलना में इस बार बैंक से संबंधित मामलों के निष्पादन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का एक प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए बैंक ऋण से संबंधित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कराकर पक्षकारों को अनावश्यक मुकदमेबाजी, समय एवं खर्च से राहत दिलाई जा सकती है।

मंडल कारा खगड़िया के मुलाकात क्षेत्र में स्थापित हुआ लीगल एंड हेल्प डेस्क

बंदियों के परिजनों को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता

खगड़िया (एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार बंदियों एवं उनके परिजनों तक न्याय की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने तथा निःशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में मंडल कारा, खगड़िया के मुलाकात क्षेत्र में लीगल एड हेल्प डेस्क (विधिक सहायता सहायता केंद्र) की स्थापना की गई है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को मुलाकात के दौरान ही उनकी कानूनी समस्याओं के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की 'मुलाकात से न्याय तक' पहल के अंतर्गत स्थापित इस हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों के परिजनों को जमानत की प्रक्रिया, जमानत आदेश के अनुपालन, जमानतदार एवं आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता, मुकदमे की वर्तमान स्थिति, अगली सुनवाई की तिथि, अधिवक्ता की उपलब्धता, अपील से संबंधित प्रक्रिया तथा अन्य विधिक समस्याओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिन जरूरतमंद परिजनों को अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा। इस पहल का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य बंदियों के परिजनों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को कानूनी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराना है। अक्सर बंदियों के परिजन जमानत, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं आवश्यक कागजातों के संबंध में जानकारी के अभाव में कठिनाइयों का सामना करते हैं। ऐसे में मुलाकात स्थल पर ही विधिक सहायता उपलब्ध होने से उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में मदद मिलेगी। हेल्प डेस्क के माध्यम से परिजनों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी भी संकलित की जाएगी, ताकि जरूरत के अनुसार उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जोड़ा जा सके तथा आवश्यक मामलों में विधिक सहायता के लिए उचित कार्रवाई की जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल कानूनी सलाह देना ही नहीं, बल्कि बंदियों और उनके परिवारों के बीच न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित जानकारी की कमी को दूर करना तथा विधिक सहायता तंत्र को अधिक सुलभ, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाना है।उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडल कारा के मुलाकात क्षेत्र में लीगल एड हेल्प डेस्क की स्थापना इसी दिशा में एक सार्थक कदम है।



अरविंद कुमार शर्मा।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

छठ घाटों की सुरक्षा और सुंदरता को लेकर नगर परिषद गंभीर मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने नाव से किया निरीक्षण

काली पहाड़ी नहर में लाइफ जैकेट पहनकर वोट से घाटों की व्यवस्था का लिया जायजा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जमालपुर नगर परिषद प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठवतियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुंदर घाट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। खासकर काली पहाड़ी नहर स्थित छठ घाट की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य पार्षद ने लाइफ जैकेट पहनकर नाव से नहर में उतरकर निरीक्षण किया। उनके इस पहल ने घाटों की सुरक्षा को लेकर नगर परिषद प्रशासन की गंभीरता को दर्शाया।निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार मनिटरिंग की जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को साफ-सफाई, रोशनी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छठ महापर्व के दौरान किसी भी छठवती या श्रद्धालु को घाट पर किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा नगर परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है।वहीं कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने कहा कि जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों को व्यवस्थित करने के लिए पिछले दो महीने से लगातार साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। घाटों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित स्वरूप देने के साथ वहां लाइटिंग और माइकिंग की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रमुख छठ घाटों पर गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि छठ पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो, इसके लिए नगर परिषद प्रशासन अभी से पूरी तरह सतर्क है। अधिकारियों और कर्मियों की टीम लगातार घाटों की निगरानी कर रही है।निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी सोनम राज, सामाजिक नेत्री मधु देवी, वार्ड पार्षद आलोक कुमार, कैलाश सिंह, नगर परिषद कर्मी प्रेम शंकर, सत्यनारायण मंडल, शशि कुमार सहित कई शहरवासी मौजूद थे।





छठ घाट का निरीक्षण करते मुख्य पार्षद सहित अन्य।

संक्षिप्त खबरें

छठ घाटों पर सुरक्षा का होगा पुख्ता इंतजाम, खतरनाक घाटों पर जाने से रोक

प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधि के साथ बीडीओ सीओ ने किए बैठक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। छठवतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ श्वेता कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी, नाविक, गोताखोर एवं विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र के छठ घाटों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। सीओ ने बताया कि प्रशासन की ओर से प्रखंड क्षेत्र में 18 और नगर परिषद क्षेत्र में तीन छठ घाट चिति किए गए हैं। इन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोशनी, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम एवं माइकिंग की व्यवस्था की जाएगी। घाटों पर सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम भी किए जा रहे हैं।सीओ ने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने कुछ खतरनाक घाटों को प्रतिबंधित किया है। ऐसे घाटों पर छठ पूजा करने के लिए श्रद्धालु नहीं जाएं। उन्होंने ग्रामीणों एवं छठवतियों से अपील की कि सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन द्वारा चिति घाटों पर ही अर्घ्य अर्पित करें। बैठक में नाविकों एवं गोताखोरों की उपलब्धता और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से छठ पूजा के दौरान सहयोग करने की अपील की।



बैठक करते बीडीओ व सीओ।

छठ पर्व को लेकर सूप-ढकिया की कीमतों में भारी उछाल

चौथम (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू होते ही बाजारों में पूजा में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक सामग्रियों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। खासकर छठ पूजा में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले बांस से निर्मित सूप, ढ़किया एवं अन्य पूजन सामग्रियों की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। पर्व में अब महज 10 दिन शेष रहने के कारण बाजारों में इन सामानों की खरीदारी तेज हो गई है। वहीं, बढ़ती कीमतों ने आम लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्तबोझ डाल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, आगामी रविवार, 15 नवंबर को छठ पूजा के अवसर पर संध्या अर्घ्य का कार्यक्रम निर्धारित है। इसे लेकर वतियों एवं श्रद्धालुओं के घरों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बाजारों में भी छठ पूजा से संबंधित सामानों की दुकानें सजने लगी हैं। लेकिन इस बार सूप और ढकिया की बढ़ती कीमतें लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। बताया जाता है कि दशहरा एवं दुर्गा पूजा शुरू होने से पहले ही बांस से निर्मित सूप और ढकिया की कीमतों में सामान्य दिनों की तुलना में करीब 20 प्रतिशत तक वृद्धि देखी जाने लगी थी। दुर्गा पूजा के दौरान मांग बढ़ने के साथ कीमतों में और इजाफा हुआ। अब छठ महापर्व नजदीक आने के साथ इनकी कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बाजार में फिलहाल सामान्य दिनों में 30 से 40 रुपये तक मिलने वाला सूप अब 60, 70 और 80 रुपये से बढ़कर 100 रुपये से अधिक कीमत पर बिक रहा है। वहीं, ढकिया की बात करें तो सामान्य दिनों में लगभग 100 रुपये में मिलने वाली ढ़किया की कीमत वर्तमान में 200 से 250 रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा बड़ी ढ़किया की कीमत बाजारों में 600 से 700 रुपये तक बताई जा रही है। कीमतों में अचानक हुई इस बढ़ोतरी के कारण गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छठ पर्व की धार्मिक परंपरा और आस्था से जुड़ी होने के कारण लोगों के लिए इन सामग्रियों की खरीदारी करना जरूरी है। ऐसे में महंगाई के बावजूद श्रद्धालु उंची कीमतों पर सामान खरीदने को मजबूर हैं। सूप बनाने वाले मल्लिक समाज के लोगों एवं कारीगरों का कहना है कि छठ और दुर्गा पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान इन पारंपरिक सामग्रियों की मांग में काफी वृद्धि हो जाती है। इन वस्तुओं का निर्माण पूरी तरह हाथों से किया जाता है। बांस को काटने, छीलने, तैयार करने और फिर उसे बुनकर सूप एवं ढकिया का आकार देने में काफी मेहनत और समय लगता है। ऐसे में त्योहार के नजदीक आने पर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कारीगर दिन-रात काम करने में जुट जाते हैं। कुछ कारीगरों का कहना है कि वे सालभर इस पारंपरिक काम में लगे रहते हैं, ताकि छठ महापर्व के समय बाजार में सामानों की पर्याप्त आपूर्ति की जा सके। इसके बावजूद त्योहार के दिनों में अचानक मांग बढ़ जाने के कारण उपलब्ध सामान कम पड़ने लगता है। वहीं, हाथ से तैयार होने वाली इन वस्तुओं का उत्पादन मशीनों की तरह तेजी से नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि पर्व के दौरान इनकी कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। मल्लिक समाज के कुछ लोगों एवं कारीगरों का कहना है कि बांस से निर्मित सूप, ढ़किया और अन्य पारंपरिक वस्तुओं का निर्माण एवं बिक्री ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। इसी व्यवसाय से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। उनका कहना है कि सालभर मेहनत करने के बाद त्योहारों के समय ही इन सामानों की बिक्री में तेजी आती है। ऐसे में पूरे साल की मेहनत और आमदनी की उम्मीद काफी हद तक इन्हीं पर्वों पर निर्भर रहती है। कारीगरों का यह भी कहना है कि इन सामानों को तैयार करने में कच्चे माल के साथ-साथ श्रम और समय भी लगता है। इसलिए त्योहार के समय कीमतों में कुछ वृद्धि होना स्वाभाविक है। हालांकि, उनका प्रयास रहता है कि ग्राहकों को उचित कीमत पर सामान उपलब्ध कराया जाए और उनकी पारंपरिक कला एवं व्यवसाय भी चलता रहे। गौरतलब है कि छठ महापर्व में बांस से बने सूप और ढकिया का विशेष धार्मिक एवं सांस्तिक महत्व है। सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने से लेकर पूजा की विभिन्न तैयारियों तक इन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। यही कारण है कि आधुनिक दौर में भी इन पारंपरिक वस्तुओं की मांग कम नहीं हुई है। बल्कि छठ पर्व के दौरान इनकी जरूरत हर घर में महसूस की जाती है। फिलहाल बाजारों में कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के बीच खरीदार और कारीगर दोनों अपनी-अपनी परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। एक ओर जहां श्रद्धालुओं को महंगे दामों पर पूजा सामग्री खरीदनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर कारीगरों के लिए यह पर्व सालभर की मेहनत का फल पाने का अवसर है।ऐसे में छठ महापर्व को लेकर बाजारों में रौनक तो बढ़ने लगी है, लेकिन सूप और ढकिया की आसमान छूती कीमतों ने आम लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है। अब देखना यह होगा कि पर्व के अंतिम दिनों में मांग और बढ़ने के साथ इन पारंपरिक पूजन सामग्रियों की कीमतों में और कितनी बढ़ोतरी होती है।

मंत्री रमा निषाद का एनडीए कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री रमा निषाद का खगड़िया जिला अतिथि गृह में आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत के नेतृत्व में एनडीए के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री रमा निषाद ने कार्यकर्ताओं के स्वागत एवं सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास को सरकार की प्राथमिकताओं से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने विभाग के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के जरूरतमंद एवं पात्र लोगों तक पहुँचाने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति, मेधावृत्ति, छात्रावास सुविधा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण तथा कौशल विकास जैसी योजनाओं को महत्वपूर्ण बताया। इन योजनाओं का उद्देश्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। मंत्री ने खगड़िया जिले के विकास के संदर्भ में भी विभागीय योजनाओं की पहुँच को मजबूत बनाने, पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के महत्व पर चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि बिहार सरकार में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद का खगड़िया आगमन हम सभी के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है। स्वागत कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी, रालोमो जिलाध्यक्ष परमानंद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जदयू नेता दीपक सिन्हा, पंकज सिंह पटेल, अनिल जायसवाल, मृत्युंजय झा ,संजय जायसवाल, जदयू मीडिया प्रभारी आचार्य राकेश कुमार शास्त्री, ड़ धीरेंद्र यादव, नीलम वर्मा, वंदना सिंह पटेल, मधु देवी, पार्वती कुमारी, नवीन सिन्हा, धर्मवीर जायसवाल, अक्षय सूरी, प्रताप रवि सिंह, अभिजीत कुमार, विकास पोद्दार सहित एनडीए के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

कार्यशाला आयोजित

खगड़िया। माननीय पटना उच्च न्यायालय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा जिले के पुलिस पदाधिकारियों एवं जेल पदाधिकारियों को कानून के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों, विशेषकर हैंडकफिंग (हथकड़ी लगाने की प्रक्रिया), किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, पक्सो अधिनियम तथा विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम (गवाह संरक्षण योजना) के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से दिनांक 04 नवंबर 2026 को एक विशेष संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया श्री अरविंद कुमार शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं जेल पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं, संवैधानिक मूल्यों, मानवाधिकारों, बाल संरक्षण तथा गवाहों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश, उत्पाद द्वितीय, खगड़िया, श्री प्रभाकर झा, विशेष न्यायाधीश, पक्सो अधिनियम, खगड़िया श्री ऋषि चंदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव श्री चंदन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 श्री रमेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री प्रवीण मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित पुलिस केंद्र, खगड़िया श्री रंजीत कुमार, जिला अभियोजन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार, किशोर न्याय परिषद की सहायक अभियोजन पदाधिकारी सुश्री ऋचा अर्चना द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

सौ साल पुरानी मां काली की महिमा निराली

परबत्ता। नगर पंचायत के तेमथा में स्थापित मां काली का मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और सामूहिक संकल्प की अनूठी मिसाल भी है। करीब 100 वर्षों से अधिक पुरानी इस पूजा परंपरा से गांव के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। मां काली की महिमा ऐसी है कि खगड़िया के अलावा आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु मन्नतें मांगने पहुंचते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु मां के दरबार में प्रसाद और चढ़ावा अर्पित करने जरूर लौटते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, तेमथा गांव में आजादी से पहले से ही मां काली की पूजा होती आ रही है। बुजुर्गों का कहना है कि करीब एक शताब्दी पूर्व गांव के एक व्यक्ति को स्वप्न में मां काली की स्थापना का संकेत मिला था। इसके बाद गांव में मां काली के साथ लक्ष्मी, सरस्वती और भगवान शंकर की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू हुई। हालांकि, इस मंदिर की स्थापना को लेकर ग्रामीणों के बीच अलग-अलग मान्यताएं भी प्रचलित हैं। बताया जाता है कि पुराने समय में रुपौहली-तेमथा पंचायत के तेमथा गांव में मंदिर स्थापित था।

डिवाइन रोज स्कूल में बेटियों के नाम जले दीप, शिक्षा और सुरक्षा का लिया संकल्प

रेलवे महिला कल्याण संगठन ने श्लाडो बिटिया के नाम कार्यक्रम के तहत किया दीप प्रज्वलन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से डिवाइन रोज स्कूल परिसर में श्लाडो बिटिया के नामश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन की अध्यक्षा अनीता वर्णवाल की उपस्थिति में पदाधिकारियों, सदस्यों और विद्यालय की शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से बेटियों के नाम दीप प्रज्वलित किए। दीपों की रोशनी के बीच बेटियों को शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षा अनीता वर्णवाल ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में बेटियों के नाम दीप जलाना उनके सुनहरे भविष्य के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। जरूरत है उन्हें समान अवसर, बेहतर शिक्षा और उचित मार्गदर्शन देने की। उन्होंने कहा कि रेल क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनके अंदर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना जरूरी है। जब बेटियों को परिवार और समाज का सहयोग मिलेगा, तो वे अपनी प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सकेंगी।उन्होंने अभिभावकों और समाज के लोगों से बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार की रोशनी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी हैं।मौके पर करिश्मा प्रकाश, शालिनी मिश्रा, अनु कुमारी, विमला कुमारी, निवेदिता, नजीरा, शीला कुमारी, गुड़िया, नेहा भारद्वाज, शारदा और सरोज सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं संगठन की सदस्य मौजूद थीं।



स्कूल में दीप जलते बच्चों रेलवे महिला संगठन।

फतेहपुर में तीन दिवसीय चित्रगुप्त मेला की तैयारी शुरू

गोगरी। चित्रगुप्त पूजा को लेकर रामपुर पंचायत के आदर्श ग्राम फतेहपुर में बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता चित्रगुप्त पूजा के अध्यक्ष सह मुखिया ष्णानंद यादव ने की। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भव्य तरीके से तीन दिवसीय मेला को सफल बनाने के नई कमिटी का गठन किया गया जिसमें युवा वर्ग से राजेश झा को मेला मंत्री,राजन कुमार मेला सचिव, कोषाध्यक्ष संतोष प्रिंस,मेला प्रभारी सरपंच नूर आलम, सदस्य में मिथुन सिंह, कार्यकारिणी मंत्री राजा कुमार, गौतम सिन्हा, ब्रजेश कुमार को बनाया गया। वही इस मेला में 11 नवंबर को प्रतिमा स्थापित, रात्रि नाट्क,12 नवंबर को एथलेटिक्स प्रतियोगिता, 13 नवंबर को डिजिटल विक्ज प्रतियोगिता और रात्रि जागरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मेला में कई प्रकार के मिठाई, सर्कस जादूगर झूला इत्यादि की व्यवस्था की गई बैठक में सोनू रजक, नीतिश पंडित, ड मुकेश कुमार सिन्हा, अभिषेक सिंन्हा,रणबीर कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

संगठन की मजबूती से ही मिलती है राजनीतिक सफलता

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी जमालपुर नगर पूर्वी की मासिक संगठनात्मक बैठक बुधवार को जुबली बेल स्थित नारायण गेस्ट हाउस में नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संबोधित करते हुए नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की शक्ति के बल पर ही पार्टी देश के साथ कई राज्यों में सत्ता में है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसके पीछे कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम एवं संगठन के प्रति समर्पण है। पार्टी के कार्यकर्ता साल के 365 दिन संगठन के लिए काम करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की।वहीं नगर महामंत्री उत्तम सिन्हा ने कहा कि कलियुग में संगठन ही सबसे बड़ी शक्ति है। एकजुटता और सामूहिक प्रयास से ही किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति निष्ठा रखते हुए संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और इसका विस्तार करने का आह्वान किया।बैठक में मुख्य रूप से मदन प्रसाद, रविशंकर मोदी, रवि पासवान, समीर सिंह, राहुल खेतान, राजकुमार, मिलन तांती, अश्वनी, अमित, विवेक, शशिकांत, राजीव रंजन एवं सुबोध पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने दी।



बैठक करते नगर भाजपा की टीम।

अनुमंडल विद्युत आपूर्ती शाखा ने विद्युत तार पर से झाड़ियों को हटाया

सोनपुर (एनएसबी) विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र पशु मेला की तैयारी को लेकर विद्युत आपूर्ती शाखा सोनपुर ने सड़क किनारे विद्युत तार पर वृक्षों की टहनियां और लगी झाड़ियों को हटाने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्र में जोर-शोर कार्य कर रही है ताकि मेला के दौरान सामान्य रुप से विद्युत आपूर्ती बहाल हो सके। इन वृक्षों और झाड़ियों के कारण मेरा संचालन के क्रम किसी तरह का विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हो। सहायक विद्युत अभीयंता शम्भु कुमार, कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार, कनीय लाइन मैन सरोज कुमार की निगरानी में सुबह से लेकर शाम तक मेला क्षेत्रो के आसपास लगी झाड़ियों से उत्पन्न होने वाली विद्युत आपूर्ति के बाधा को अन्य विद्युतकर्मियों के सहयोग से पिछले कई दिनों साफ-सफाई का कार्य चला रही है। वहीं उपभोक्ताओं ने विद्युत की यह साफ-सफाई प्रश्नता दिखाई और सराहनीय कहा है।



विद्युत तार से लिपटी झाड़ियां हटाते।

जेएसए मैदान में अंडर-16 नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज झारखंड एवं बिहार के 16 टीमें दिखाएंगी दमखम

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने और खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे के जेएसए मैदान में अंडर-16 नकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व रेलवे जमालपुर कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने किया। 26 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता 20-20 ओवर के प्रारूप में आयोजित की जा रही है।टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला झारखंड और जमालपुर अकादमी के बीच खेला गया। प्रतियोगिता को लेकर युवा खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन के माध्यम से उभरते क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल एवं विशिष्ट अतिथि डीन प्रेम प्रकाश एवं सीनियर प्रोफेसर राजीव कुमार संयुक्त रूप से कहा कि रेलवे प्रशासन खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के आयोजन का उद्देश्य रेलकर्मियों, उनके बच्चों और आसपास के क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिल सके।उन्होंने खेल पदाधिकारी प्रीतम कुमार एवं सहायक खेल पदाधिकारी संतोष की सराहना करते हुए कहा कि उनकी टीम जेएसए मैदान को सुंदर, आकर्षक और खेल आयोजनों के अनुकूल बनाने में लगातार जुटी है। इसी का परिणाम है कि मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खेलों को बढ़ावा देने का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।टूर्नामेंट के सफल आयोजन में क्रिकेट अकादमी के संदीप, मनीष, सौरभ, प्रणय, अविनाश, शाहिद सहित खेल प्रेमियों का सराहनीय योगदान मिल रहा है।



गुब्बारा उड़ते मुख्य अतिथि, खिलाड़ी से हाथ मिलाते अतिथि।

संक्षिप्त खबरें

श्रीराम कथा को लेकर बैठक संपन्न, आयोजन समिति गठित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। श्रीराम कथा आयोजन के आयोजन को लेकर बुधवार को श्रीराम कथा आयोजन समिति की एक बैठक समाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आदर्शनगर विनय ठाकुर के आवासीय परिसर में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 16 से 24 दिसंबर तक भगवान श्रीराम कथा एवं 25 दिसंबर को भगवान श्रीराम जानकी विवाहोत्सव का आयोजन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भगवान श्रीराम कथा वाचक व्यास कृष्णा जी द्वारा



कथा वाचन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही तय किया गया कि श्रीराम जानकी विवाहोत्सव स्थानीय मंडली द्वारा किया जाएगा। इस श्रीराम कथा एवं श्री राम जानकी विवाहोत्सव के सफल आयोजन हेतु रामकथा आयोजन समिति आदर्शनगर का पुनर्गठन किया गया। जिसमें विद्यानंद झा को संरक्षक, दीपक ठाकुर को संयोजक, अमरेंद्र सिंह को अध्यक्ष, माला शर्मा एवं लालबहादुर शर्मा को उपाध्यक्ष, संजय कुमार चौधरी को सचिव, विनय कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष, तथा मुकेश कुमार सिंह, कृपा शंकर झा, आदि सहित अन्य 11लोगों कोश्रीराम कथा समिति का सदस्य मनोनित किया गया है।

यूपी के युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल छीना, तीन गिरफ्तार

भुक्तभोगी व उसके परिवारजनों ने खदेड़ कर तीनों को पकडा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के पावरगंज सूर्य मंदिर पानी टंकी के समीप यूपी निवासी युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाशों को भुक्तभोगी व उसके परिजनों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस की गश्ती टीम ने तीनों को कब्जे में ले लिया। उनके पास से छीना गया दोनों मोबाइल बरामद हुआ। इस संबंध में यूपी के मऊ जिला के चिरैया कोर्ट थाना क्षेत्र के मगहीपुर निवासी राजू कुमार ने कहा है कि वह वर्तमान में आरा नवादा थाना क्षेत्र के पावर गंज सूर्य मंदिर पानी टंकी के पास झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहता है। 3 नवंबर की रात्रि करीब 11-12 बजे झोपड़ी के पास मोबाइल से बात कर रहा था। इसी बीच अचानक पावरगंज पानी टंकी निवासी भोला कुमार, इसी थाना क्षेत्र के बहिरो लख निवासी आकाश कुमार समेत तीन लड़के आए।शराब के नशे में तीनो उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो फैट-मुक्का से मारने लगे। इसके बाद मेरे हाथ से दोनों मोबाइल जबरदस्ती छीन कर भागने लगे। जोर-जोर से चिल्लाने पर परिजन इकट्ठा हुए और तीनों को पकड़ने के लिए खरीद खदेड़ा। तीनों को बंधन टोला मोड पर पकड़ा गया। इसी बीच वहां पुलिस की गश्ती पुलिस आ गई और तीनों को अपने साथ ले गई। पुलिस ने जब तीनों का पाकेट चेक किया, तो उसमे से दोनों मोबाइल बरामद हुआ। इस नंबर में पकड़े गए तीनों के विरुद्ध नवादा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति की बिहार प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

दरभंगा के बलराम कुंवर बने प्रदेश अध्यक्ष, सभी ब्राह्मण संगठनों को जोड़ने का लिया संकल्प

पटना/एनएसबी। अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी (उज्जैन), राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी (वाराणसी), राष्ट्रीय संगठक सुरेश मुले (महाराष्ट्र) और राष्ट्रीय राजनीतिक संयोजक ई. आशुतोष कुमार झा ने पटना में बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। समिति ने दरभंगा के बलराम कुंवर को बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। बिहार प्रदेश के सभी ब्राह्मण संगठनों के नेतृत्वकताओं को समिति में सम्मिलित करने हेतु राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के संस्थापक ई. आशुतोष झा और प्रदेश अध्यक्ष बलराम कुंवर को अधिकृत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चतुर्वेदी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिहार के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के न्यूनतम दो-दो नेतृत्वकताओं को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। आगे सभी ब्राह्मण संगठनों को जोड़कर उनमें से प्रदेश पदाधिकारी बनाए जायेंगे। प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार तिवारी ने बताया कि सभी ब्राह्मण पूरे देश भर के ब्राह्मणों के



संगठनों को एकजुट 2022 से ही किया जा रहा है,उसी सिलसिले में बिहार प्रदेश कार्यकारिणी गठित किया गया है। प्रारंभ से ही ईङ्ग आशुतोष कुमार झा इस समन्वय समिति के संस्थापकों में से एक प्रमुख नेतृत्वकर्ता रहे हैं।।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित प्रमुख नाम:

परशुराम सेना सीतामढ़ी के अध्यक्ष हर्ष वर्धन मिश्रा और संस्थापक ऋषि झा, ब्राह्मण जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष बालानंद झा, ब्राह्मण महासभा सहरसा के प्रमंडलीय संयोजक रमण झा, संरक्षक संजय मिश्रा, मधुकांत झा, बिहारशरीफ से शारदानंद मिश्रा, मैथिल ब्राह्मण महासभा भागलपुर के अध्यक्ष मृगेंद्र ठाकुर, महासचिव अशोक झा, ब्राह्मण उत्थान मंच के अध्यक्ष प्रकाश छोटू ओझा, सचिव राजकमल पांडेय, संयोजक अभय कुमार झा, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा नवादा से चंदन झा, अरुण मिश्रा, राजीव नगर पटना से लालटुन झा, झंझारपुर से गणेश मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षक संघ से राजीव पांडेय और कुंदन कुमार पाण्डेय, ऑल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन अररिया के अध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर, क्रांति कुंवर, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा सहरसा से चिरंजीव झा और आशुतोष राय, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा सुपौल से मुन्ना चमन, सुरेन्द्र नारायण पाठक, पवन कुमार झा, पण्डित ज्योतिष झा, लक्ष्मण कुमार झा पण्डित अमरेन्द्र मिश्र, बुचन झा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा पूर्णियाँ से मुरारी झा बाबा, स्व. सहदेव झा स्मृति मंच से ओम प्रकाश झा, अशोक झा, चाणक्य चेतना औरंगाबाद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय, ब्राह्मण चेतना संघ रोहतास से कृष्ण मुरारी मिश्रा और दुर्गा शंकर तिवारी, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा अरवल के अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा मधेपुरा से आभाष झा, टीपू मिश्रा, सर्व ब्राह्मण महासभा सुपौल के अध्यक्ष गोबिंद झा, युवा प्रकाश झा, सजल झा, करजाइन बाजार सुपौल से अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष रवि पाण्डेय और श्याम पाठक को अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति की बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य में नामित किया गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक संयोजक ई. आशुतोष झा, आचार्य श्री कमलेश जी महाराज, ऋषि भवेशानंद जी सहित कई साधु संत महात्माओं ने प्रदेश अध्यक्ष बलराम कुंवर को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में सभी ब्राह्मण समाज संगठन मिलकर बिहार के ब्राह्मणों की सभी समस्याओं के समाधान को सुनिश्चित करेंगे।

पोदार इंटरनेशनल स्कूल में 11वां वार्षिक खेलकूद समारोह आयोजित

नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

,समस्तीपुर एनएसबी। शहर के शंभुपट्टी स्थित पोदार इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के 11वें वार्षिक खेलकूद समारोह का दो सत्रों में सफल आयोजन किया गया। समारोह में नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिथियों के स्वागत अभिनंदन के बाद फ्लैग मार्च के साथ समारोह ने दिशा पकड़ी। प्रथम सत्र में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सौमेंदु मुखर्जी थे। उनके स्वागत एवं सम्मान के बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों ने अभिभावकों एवं शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद शारीरिक विकास के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, दूसरे सत्र में छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके



मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी राज कुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथियों में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, 12वीं बटालियन बिहार एनसीसी के सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, सूबेदार मेजर राजेश कुमार सिंह तथा आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित वर्मा शामिल थे।

मुख्य अतिथि राज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय रहने की सलाह दी। अन्य अतिथियों ने भी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य नील अखवारी सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा अतिथियों, अभिभावकों और आयोजन में सहयोग करने वाले विद्यालय परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य चंदन चौधरी, खेल शिक्षक अनुराग सिंह, निधि सिंह, विजय कुमार, विजय कौशिक, रूपाली गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों की भूमिका रही। पोदार प्रेप की हेडमिस्ट्रेस रश्मि चंदेल ने भी छोटे बच्चों की भागीदारी और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आर. बी. कालेज, दलसिंहसराय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष शिविर में विविध हुआ कार्यक्रम

दलसिंहसराय एनएसबी। शुक्रवार को रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय, दलसिंहसराय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई। कार्यक्रम के प्रथम अधिवेशन के दौरान निर्धारित विषय जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयं सेवकों एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. जवाहरलाल ने ग्रामीण किसानों को जैविक खेती की प्रक्रिया एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय अधिवेशन में निर्धारित विषय भ्रुण हत्या, महिला सशक्तीकरण एवं ऐड्स विषय पर संसाधन पुरुष द्वय डॉ. गोपाल कुमार गुप्ता एवं डॉ. स्नेहा रंजन द्वारा प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। ऐड्स विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए डॉ. गुप्ता ने कहा कि ऐड्स एक ऐसी बीमारी है,जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे- धीरे खत्म कर देती है। ऐसे में अन्य बीमारियां हमपर हावी हो जाती हैं और हम मरना सन्न स्थिति में पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि परहेज एवं सतर्कता ही इसका समाधान है। भ्रुण हत्या एवं महिला सशक्तीकरण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए डॉ. स्नेहा रंजन ने कहा कि भ्रुण हत्या हमारे समाज की ओछी सोच का परिणाम है।

समस्तीपुर कॉलेज में युवा संवाद आयोजित

समस्तीपुर एनएसबी। मेरा युवा भारत एवं समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य (प्रो.) डॉ शशि भूषण कुमार 'शशि' की अध्यक्षता में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार चौधरी ने किया। परम्परानुसार अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों को चादर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि, प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग



करना चाहिए। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मत का महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए स्वयं भी मतदान करें एवं मतदान के लिए लोगों प्रेरित करें। वहीं जिला युवा अधिकारी स्मृति सैनी ने कहा कि

जानलेवा हमले के मामले में दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के मामले में विशंभरपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपितों में राजकुमार महतो भी शामिल है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार, बीते तीन सितंबर को तिवारी मटिहनिया गांव में पूर्व के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने आकाश कुमार समेत दो लोगों पर हमला कर दिया था।इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।

होली मिशन हाई स्कूल के छात्र राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026' के लिए चयनित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 के लिए होली मिशन हाई स्कूल के कक्षा दशम के होनहार छात्र 'श्वेतांक संचित' और अभिनव कुमार का उनके अभिनव विज्ञान प्रोजेक्ट 'नेक्सोरा' के लिए चयन किया गया है। बुधवार को शहर के मोहनपुर स्थित होली मिशन हाई स्कूल के प्रांगण में विद्यालय की सभी शाखाओं (मोहनपुर, काशीपुर, सतमलपुर, दलसिंहसराय) के छात्र-छात्राओं, एवं शिक्षकइ शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान दोनों चयनित छात्रों का जोरदार करतल ध्वनि के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आयोजित बताते चलें कि, कार्यक्रम का आगाज समस्तीपुर और पटोरी अनुमंडल के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को प्रेरित करने के लिए आयोजित 32वीं बिहार बाल विज्ञान कांग्रेस की दो दिवसीय कार्यशाला के साथ हुआ था जिसका आयोजन होली मिशन हाई स्कूल में किया गया था। तत्पश्चात ज़िला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रतियोगिता तिरहुत एकेडमी, समस्तीपुर में आयोजित की गई। यहाँ भी दोनों बाल वैज्ञानिकों ने अपनी अद्भुत वैज्ञानिक सोच व प्रतिभा से राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के चयन में सफलता हासिल की। बेगूसराय के 'माउंट लिट्रा' हाई स्कूल में दिनांक 1-11-2026 से 3-11-2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में भी महान वैज्ञानिकों व निर्णायक मंडल के बीच अपनी अद्भुत वैज्ञानिक क्षमता एवं कौशल का प्रदर्शन कर ये दोनों छात्र राष्ट्रीय स्तर के बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता के लिए चुने गए।

इस उपलब्धि से होली मिशन हाई स्कूल में खुशी का माहौल व्याप्त है। इस बड़ी सफलता के लिए उपस्थित होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. धर्माश रंजन, प्राचार्य अमृत रंजन, निदेशक नैना रंजन, उप-निदेशक आकर्ष रंजन और दलसिंहसराय के प्राचार्य गंगा नारायण झा ने उन्हें सफलता के लिए बधाई के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के प्राचार्य श्री रंजन ने बच्चों की सफलता के पीछे उनके जुनून, जोश व लगन की तारीफ कर उनका उत्साह बढ़ाया। साथ ही इतनी बड़ी सफलता से जो हर्ष विद्यालय, ज़िला और बच्चों के माता-पिता को हुआ है, उसके लिए बच्चों के साथ-साथ उनके प्रोजेक्ट मार्गदर्शक विद्यालय के विज्ञान शिक्षक पूर्व प्राचार्य डॉ. एस. के. अहमद एवं वरीय विज्ञान शिक्षक सरोज कुमार के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की कार्यवाही समाप्त की गई।

संत पॉल एकेडमी में बच्चों ने बनाई आकर्षक रंगोली

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शहर के विवेक-विहार मुहल्ला स्थित संत पॉल एकेडमी में धनतेरस, दीपावली एवं छठ के अवसर पर स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में 10वीं कक्षा की छात्रा श्रेया राय, माही कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सृष्टि झा, अनुभूति प्रिया, दामिनी दिक्षित ने माता लक्ष्मी की आकर्षक रंगोली बनाई वहीं 9वीं कक्षा की छात्रा आरोही, स्नेहा, अनीशा, अनुष्का, निहारिका, कहकशां ने दीप जलाती महिला की तस्वीर बनाकर लोगों को हतप्रभ कर दिया। कक्षा 8वीं की छात्रा वैष्णवी, आर्या, सनम खातून, आरोही,अदिति रंजन "अल्पना" तो कक्षा 7वीं की अर्पिता, सोनम, स्मृति, समृद्धि, सिमरन, मनीषा ने लक्ष्मी मां की तस्वीर बनाई। कक्षा 6वीं की सोम्या सुमन, तनूश्री, भूसरा अशरफ, शिवांशी, अराध्या राज ने



हाथी एवं कमल की तस्वीर बनाई जबकी 5वीं कक्षा की प्रिति, संध्या, देविका, सृष्टि, विक्टोरिया, आराध्या आदि ने दीप जलाती महिला की आकर्षक तस्वीर बनाई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, प्राचार्य संजय कुमार, शिशिर कुमार, अमरनाथ कुमार, दीपू कुमार, व्यवस्थापक संतोष कुमार आदि बताया कि रंगोलियों में बच्चों की कलात्मक सोच, कल्पनाशीलता और हुनर की झलक देखने को मिली। शिक्षिका बंदना कुमारी एवं अर्चना शरण ने कहा कि रंगोली का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परम्परा को जीवित रखना, घर-आंगन को सुंदर बनाना तथा सुख, समृद्धि और खुशहाली का संदेश देना है। बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृतियों को देखकर शिक्षक, अभिभावक एवं अन्य लोग मंत्रमुग्ध रह गए। विद्यालय में उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

सिरिस्ता रूम से फरार बंदी को पुलिस ने ताजपुर के चकसिकंदर से दबोचा

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। घटहो थाना के सिरिस्ता रूम से फरार हुए युवक को पुलिस ने ताजपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर से बरामद कर लिया। निरुद्ध के फरार होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को उसके चकसिकंदर में होने की सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे बरामद किया गया।बरामद होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब उससे से पूछताछ कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है।

अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

दलसिंहसराय एनएसबी। स्थानीय रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय में बुधवार को मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार चौधरी के संरक्षण, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी की



अध्यक्षता एवं खेल पदाधिकारी उदय शंकर विद्यार्थी के नेतृत्व में अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में मिथिला विश्वविद्यालय के कुल चौदह महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

उद्घाटन मैच (पुरुष वर्ग) सीएम साइंस कालेज, दरभंगा एवं सीएम आर्ट्स कॉलेज, दरभंगा के बीच खेला गया, जिसमें सीएम आर्ट्स कॉलेज ने सीएम साइंस कालेज, दरभंगा को 2-0 से हरा दिया। दूसरा मैच (पुरुष वर्ग) आर. के. कालेज, मधुबनी एवं एचपीएस कालेज, मधुबनी के बीच खेला जा रहा है। तीसरा मैच (महिला वर्ग) एम.एल. एस. एम. कालेज, दरभंगा एवं एएनडी कालेज, शाहपुर पटोरी के बीच खेला जाना है। रेफरी की भूमिका अभिषेक इंदीवर एवं मोहित कुमार ने निभाई। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय, डॉ. अपूर्व सारस्वत, डॉ. सोहित राम, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. राजकिशोर, डॉ. मुकेश कुमार झा, डॉ. एस. एम. रहमानी, डॉ. हरीश सामरिया, डॉ. संजय कुमार सुमन, डॉ. नीरज कुमार, डॉ . धीरज कुमार, डॉ. रिषिकेश कुमार, मुकेश कुमार आदि सहित खिलाड़ी व अतिथि मौजूद थे।

संरक्षा के प्रति सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए रेलकर्मी सम्मानित

समस्तीपुर एनएसबी। मंडल मुख्यालय में रेल संरक्षा के प्रति सजगता, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले फाटक संख्या 94/उ, नारायणपुर अनंत स्टेशन के निकट कार्यरत गेट मैन दिलीप कुमार को बुधवार की मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सराहना पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को ड्यूटी के दौरान एक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से धुआँ निकलते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने बिना विलंब किए संबंधित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों को इसकी सूचना दी। उनकी त्वरित सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई, जिससे संभावित खतरे को समय रहते नियंत्रित करने में मदद मिली और सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित किया जा सका।



श्री कुमार की सतर्कता, सूझबूझ एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण न केवल सराहनीय है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि रेल परिचालन में प्रत्येक रेलकर्मी की सजगता एवं जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है। समय पर दी गई उनकी सूचना से एक संभावित अप्रिय घटना को रोकने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने श्री कुमार के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रेल संरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में अधिकारियों से लेकर अग्रिम पंक्ति में कार्यरत प्रत्येक रेलकर्मी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सभी रेलकर्मियों को सदैव सतर्क रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। समस्तीपुर मंडल ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं सजग रेलकर्मियों के योगदान की सराहना करता है तथा उनके कार्यों को अन्य रेलकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत मानता है। दिलीप कुमार की संरक्षा के प्रति सजगता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा अनुकरणीय है।

संक्षिप्त खबरें

सामाजिक न्याय संघर्ष समिति की बैठक में महापरिनिर्वाण दिवस एवं जनसमस्याओं पर चर्चा

मेहंदिया (एनएसबी)। सामाजिक न्याय संघर्ष समिति, कलेर के तत्वावधान में बुधवार को समिति कार्यालय में अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस मनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक



में प्रखंड मुख्यालय के सरकारी कार्यालयों में कथित भ्रष्टाचार, बिना रिश्वत काम नहीं होने तथा एक दिन के कार्य के लिए लोगों को कई दिनों तक दौड़ाए जाने जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि समिति गरीबों, वंचितों एवं शोषितों की समस्याओं के समाधान, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार तथा बहुजन समाज में आपसी समन्वय एवं भाईचारा स्थापित करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है।बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर ह्यअहंकार विसर्जनह्ण का संदेश दिया जाएगा। इसके माध्यम से बहुजन समाज के लोगों के बीच आपसी मतभेद एवं अहंकार मिटाकर एकता और भाईचारा कायम करने का संकल्प लिया जाएगा।अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि समिति एक बगीचे के समान है, जहां सभी फूल समान रूप से खिलते हैं। सभी सदस्यों का सम्मान एवं सहयोग सुनिश्चित करना नेतृत्व की जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ समिति मजबूती की ओर बढ़ रही है।बैठक में पूर्व एसआई शिवदयाल राम, मुखिया मंटू पटेल, सांसद प्रतिनिधि नूर आलम, वशिष्ठ पासवान, कामेश्वर ठाकुर, जयनाथ यादव, राजेश राम एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सैकड़ों सदस्यों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।

धनतेरस-दीपावली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक त्योहार को लेकर बाजार हुआ गुलजार

कुर्था(एनएसबी)। धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर कुर्था प्रखंड क्षेत्र के कुर्था, मानिकपुर व मोतीपुर बाजारों में इन दिनों काफी चहल-पहल दिख रही है। पर्व नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गई है। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है लोग अपनी जरूरत और



खरीदारी करते लोग।

परंपरा के अनुसार खरीदारी करने में जुटे हैं। खासकर धनतेरस को लेकर बर्तन, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, मिठाइयां, सजावट की सामग्री व पूजा-पाठ से जुड़ी दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। वहीं दीपावली को लेकर घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का काम भी तेजी से चल रहा है। बाजारों में रंग-बिरंगी लाइट, दीये, मोमबत्ती, फूल-माला और अन्य सजावटी सामानों की दुकानें सज गई हैं। दुकानदार भी पर्व को देखते हुए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के सामान उपलब्ध करा रहे हैं। दूसरी ओर दूसरे राज्यों में रहकर नौकरी, व्यवसाय और मजदूरी करने वाले प्रवासी लोग भी दीपावली एवं धनतेरस का पर्व अपने परिवार के साथ मनाने के लिए धीरे-धीरे अपने गांव लौट रहे हैं। उनके घर पहुंचने से गांवों में भी रौनक बढ़ने लगी है। लंबे समय बाद अपनों से मिलने की खुशी और त्योहार को परिवार के साथ मनाने का उत्साह लोगों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है। धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। बाजारों से लेकर गांवों तक पर्व की खुशियां दिखाई देने लगी हैं। लोगों को अब दीपावली के दिन दीपों की रोशनी और खुशियों के आगमन का इंतजार है।

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर बहेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

डोभी (एनएसबी)। आगामी दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार की दोपहर बहेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बहेरा थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में थानाध्यक्ष ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। दीपावली के अवसर पर पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने लोगों से प्रशासन के निदेर्शों का पालन करने तथा किसी भी तरह की अफवाह से बचने की अपील की। बैठक के बाद थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने बुधवार की शाम पांच बजे इसकी जानकारी दी।

जिले के 13 पंचायत में हुआ सहयोग शिविर का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। जिले के पांच प्रखंडों में "सहयोग शिविर, नगर परिषद अरवल, नगर पंचायत कुर्था एवं जिले के कुल 13 पंचायतों में सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। सहयोग शिविर के सफल संचालन एवं सतत अनुश्रवण के क्रम में जिला पदाधिकारी अरवल द्वारा अरवल प्रखण्ड के परासी पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के बैदराबाद में आयोजित सहयोग शिविरों का सतत अनुश्रवण किया गया। साथ ही, शिविर में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, विभिन्न विभागों की उपस्थिति एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा भी की गई। आज आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही- अरवल प्रखंड के वासिलपुर पंचायत में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 12 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं परासी पंचायत में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 22 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखंड के मानिकपुर पंचायत में कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 08 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं निघवीं पंचायत में कुल 01 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 01 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के अनुआं पंचायत में कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 07 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं बेलौरा पंचायत में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 07 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कलेर प्रखंड के दक्षिणी कलेर पंचायत में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 04 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। बेलसार पंचायत में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 05 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं सोहसा पंचायत में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 02 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखंड के रोहाई पंचायत में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 06 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। अईयारा पंचायत में कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 04 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। खजूरी पंचायत में कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से सभी 05 आवेदनों अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु लंबित है। वहीं चौहर पंचायत में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से सभी 06 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। वहीं नगर परिषद अरवल में कुल 547 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 507 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। साथ ही नगर पंचायत कुर्था क्षेत्र में कुल 114 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 105 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

मधुश्रवा तालाब की 26 दिनों तक सफाई करने वाले चार छात्र सम्मानित, विधायक ने बढ़ाया हौसला

मेहंदिया (एनएसबी)। छठ पूजा के मद्देनजर मधुश्रवा तालाब की लगातार 26 दिनों तक सफाई कर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करने वाले चार छात्रों को विधायक मनोज कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। विधायक ने चारों छात्रों को अंगवस्त्र एवं आर्थिक सहायता देकर उनके हौसले को बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। सम्मानित होने वाले छात्रों में मनु कुमार, भैरव कुमार, मंटू कुमार और सोनू कुमार शामिल हैं। खास बात यह है कि पढ़ाई के साथ-साथ इन युवाओं ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया और लगातार 26 दिनों तक तालाब की सफाई में अपना योगदान दिया। चारों



सम्मानित करते विधायक।

छात्र प्रतिदिन करीब 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर मधुश्रवा तालाब पहुंचते थे और घंटों श्रमदान कर सफाई अभियान में जुटे रहते थे।छात्रों ने यह पहल छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए की, ताकि छठ व्रतियों को तालाब में अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हो। तालाब की साफ-सफाई होने से श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान सहूलियत मिलेगी। छात्रों के इस प्रयास को स्थानीय लोगों ने भी सराहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके लगातार श्रमदान ने यह साबित किया की सामाजिक बदलाव के लिए बड़े संसाधनों से ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति और सेवा भावना की जरूरत होती है। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना सराहनीय पहल है। इन छात्रों ने अपने कार्यों से दूसरे युवाओं के सामने एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने जिला प्रशासन से भी तालाब की सफाई एवं संरक्षण के लिए आवश्यक सहयोग दिलाने की बात कही, ताकि भविष्य में भी तालाब की स्वच्छता बनी रहे। मौके पर कलेर प्रखंड भाजपा बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, साकेत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मगध क्षेत्र के विशेष संदर्भ में" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन



बोधगया (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग में "सूर्य उपासना के विविध आयामः मगध क्षेत्र के विशेष संदर्भ में" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. अलका मिश्रा के निर्देशन में किया गया। मुख्य वक्ता बिहार संग्रहालय निदेशालय के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. अरविंद महाजन थे।

अपने व्याख्यान में डॉ. महाजन ने सूर्य उपासना की ऐतिहासिक उत्पत्ति, वैश्विक परंपराओं, शकद्वीपीय मग ब्राह्मणों के आगमन तथा मगध की सांस्कृतिक पहचान से जुड़े विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बौद्ध धर्म पर सूर्य उपासना के प्रभाव, प्राचीन मुद्राओं पर सूर्य के प्रतीकात्मक अंकन तथा प्रतीकात्मक स्वरूप से मानवाकार प्रतिमाओं तक हुए विकास की चर्चा की। विशेष रूप से मगध क्षेत्र से प्राप्त सूर्य प्रतिमाओं के कालक्रमिक एवं प्रतिमाशास्त्रीय अध्ययन और बोधगया संग्रहालय में संरक्षित यहाँ की प्राचीनतम सूर्य प्रतिमा के ऐतिहासिक महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने मध्य एशियाई सांस्कृतिक संपर्कों के प्रभाव से सूर्य प्रतिमाओं की वेशभूषा, अलंकरण एवं प्रतिमालक्षणों में दिखाई देने वाले विदेशी तत्वों तथा मुद्रा-प्रतीकों के अंतसंर्बधों को भी स्पष्ट किया। इसके साथ ही कार्तिकेय के जन्म की कथा, कृत्तिका माताओं, कार्तिक मास, षष्ठी तिथि, षष्ठी देवी और छठ महापर्व के बीच विद्यमान पौराणिक एवं लोकधार्मिक अंतसंर्बधों पर विस्तार से चर्चा की। देश के प्रमुख सूर्य मंदिरों की स्थापत्य विशेषताओं और मगध की सूर्य उपासना परंपरा को भी व्याख्यान में स्थान मिला। डॉ. महाजन ने कहा कि धर्म और संस्कृति किसी एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं होते, बल्कि विभिन्न सभ्यताओं के पारस्परिक संपर्क एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान से विकसित होते हैं। धार्मिक प्रतीकों और पूजा-पद्धतियों को उनके व्यापक ऐतिहासिक एवं वैश्विक संदर्भों में समझना आवश्यक है। इस प्रकार के तुलनात्मक अध्ययन ऐतिहासिक एवं धार्मिक भ्रांतियों के वैज्ञानिक परीक्षण तथा विभिन्न संस्कृतियों के बीच साझा विरासत को समझने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. अलका मिश्रा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि मगध की समृद्ध पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विरासत के अध्ययन के लिए इस प्रकार के स्रोत-आधारित अकादमिक आयोजन अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्र प्रकाश ने किया। इस अवसर पर श्री आलोक रंजन, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. अनूप कुमार भारद्वाज एवं डॉ. विजय कांत यादव सहित विभाग के शिक्षक, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान के दौरान जीविका दीदियों ने ली सामूहिक शपथ



शपथ लेते लोग।

अरवल (एनएसबी) जिले में चल रहे नशामुक्त बिहार अभियान के तहत आज दिनांक 04 नवंबर 2026 को करपी प्रखंड के आँचल और ज्ञान जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ तथा अरवल सदर प्रखंड के सीता और गरिमा जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में व्यापक स्तर पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीविका, अरवल एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, अरवल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों पर परिचर्चा, नशामुक्ति रैली, प्रभात फेरी एवं शपथ ग्रहण जैसे विविध जागरूकता कार्यक्रमों का सफल संचालन किया गया। जागरूकता अभियान की शुरूआत संकुल स्तर पर जीविका दीदियों एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों द्वारा संयुक्त रूप से प्रभात फेरी एवं रैली निकालकर की गई और आमजनों को नशा उन्मूलन का संदेश दिया तथा समाज को व्यसन मुक्त बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत आयोजित परिचर्चा सत्र में ब्रह्माकुमारी मंजू बहन, मनीषा बहन, वीणा बहन एवं जीविका कर्मियों द्वारा नशे से परिवार, स्वास्थ्य और समाज पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति को भी कमजोर करता है और सामाजिक अशांति को बढ़ावा देता है। जीविका दीदियों की सक्रिय सहभागिता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और नशामुक्ति इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों को स्वयं, परिवार और समाज को हर प्रकार के व्यसन से दूर रखने तथा सरकार के दिशा-निदेर्शों का अनुपालन करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ, ग्राम संगठन व संकुल स्तरीय संघ के कैडर, जीविका के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

लोकतंत्र बनाम अराजकता युवा संवाद का हुआ आयोजन



युवा संवाद में भाग लेते विधायक।

अरवल (एनएसबी)। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला अरवल के तत्वावधान में ह्यलोकतंत्र बनाम अराजकताह्ण विषय पर बैदराबाद स्थित निजी होटल सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चुन्नू नंदन कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री आशुतोष पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी विधानसभा विधायक मनोज कुमार एवं जिला महामंत्री संजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनोज कुमार, जिलाध्यक्ष एवं धर्मेन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज, संवैधानिक मूल्यों और कानून के शासन का सम्मान सर्वोपरि है। युवाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक रहकर समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने और अराजकता के विरुद्ध मजबूती से खड़े होने की आवश्यकता है। वहीं युवाओं को सम्बोधित करते हुए अरवल विधायक मनोज कुमार ने कहा कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी शक्ति और परिवर्तन का आधार होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, सोच और संकल्प से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। आज आवश्यकता है कि युवा लोकतंत्र और अराजकता के बीच के अंतर को समझें। लोकतंत्र में संविधान, कानून, संवाद और जनता की आवाज का सम्मान होता है, जबकि अराजकता समाज में अव्यवस्था और अस्थिरता पैदा करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए विकास, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। युवा जागरूक होंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री धनंजय कुमार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबुआन प्रिंस, जिला मंत्री कौशल पासवान, युवा नेता कुंदन कुमार, मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, जितेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

दीपावली व छठ महापर्व को लेकर प्रशासन चौकस

कुर्था (एनएसबी)। दीपावली व लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन काफी चौकस दिख रही हैं। जिससे असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके व क्षेत्र में रह रहे लोग शांतिपूर्ण ढंग से दीपावली व छठ पर्व मना सके। वही कुर्था व मानिकपुर थाना की पुलिस पूरी शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सूखा नशा के कारोबार और सेवन पर अंकुश लगाने को लेकर भी निगरानी बढ़ाई जा रही है। प्रखण्ड क्षेत्र के कुर्था व मानिकपुर थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार, बिक्री, भंडारण व सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं में फैल रहे सूखा नशा के सेवन और इससे जुड़ी गतिविधियों पर भी पुलिस की नजर है। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ आवश्यक जांच-पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के माने तो दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को देखते हुए पुलिस विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना, आपसी विवाद, मारपीट, छिनतई अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस गश्ती और निगरानी को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही आम लोगों से भी शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की जा रही है। प्रशासन की कोशिश है कि थाना क्षेत्रों में आम नागरिक बिना किसी भय के पर्व मना सकें और श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ एवं छठ घाटों पर आने-जाने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दीपावली और छठ पर्व को लेकर कुर्था एवं मानिकपुर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। जिससे लोगो के द्वारा यह उम्मीद जताई जा रही हैं कि प्रशासन की सतर्कता त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में काफी कारगर साबित होगी।

जिला स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार तथा जिला प्रशासन, अरवल के संयुक्त तत्वावधान में जिला पदाधिकारी, अरवल श्रीमती अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जागरूकता के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अपर समाहर्ता (राजस्व) रवि प्रसाद चौहान, अपर समाहर्ता बालेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार , डीएसपी मुख्यालय एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम माला कुमारी द्वारा की गई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, सभी थाना के थानाध्यक्ष एवं महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार की राज्य नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक अंकिता कश्यप द्वारा पॉश अधिनियम, 2013 के महत्वपूर्ण प्रावधानों, उद्देश्यों एवं कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



उद्घाटन करते अतिथि।

उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करना, उनके सम्मान एवं गरिमा की रक्षा करना तथा शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गोपनीय निपटारे के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अधिनियम के तहत 10 या अधिक कर्मचारियों वाले कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, निर्धारित परिस्थितियों में शिकायतों के निवारण हेतु स्थानीय समिति की व्यवस्था भी की गई है।

कार्यशाला में यौन उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, जांच की निर्धारित समय-सीमा, पीड़ित महिला के अधिकार, शिकायतकर्ता की पहचान एवं जानकारी की गोपनीयता तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का अवांछित यौन व्यवहार, अनुचित टिप्पणी, अशोभनीय आचरण अथवा यौन उत्पीड़न स्वीकार्य नहीं है। महिलाओं को ऐसे मामलों में बिना किसी भय या संकोच के निर्धारित शिकायत निवारण तंत्र के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर इस बात पर विशेष बल दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक संस्थान एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कार्यालय एवं संस्थान में ऐसा वातावरण विकसित किया जाना आवश्यक है, जहां महिलाएं बिना किसी भय, दबाव अथवा भेदभाव के सम्मानपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पॉश अधिनियम से संबंधित जागरूकता सामग्री वितरित की गई तथा कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित, सम्मानजनक, संवेदनशील एवं भेदभावमुक्त कार्यस्थल के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यशाला के माध्यम से सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा महिला कर्मियों के बीच व्यापक जागरूकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, अरवल, जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने तथा उनके अधिकारों एवं गरिमा के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

संक्षिप्त खबरें

नगर परिषद महुआ के द्वारा नगर परिषद के विभिन्न घाटों की की जा रही साफ-सफाई

महुआ/एनएसबी। आस्था का महा पर्व छठ को देखते हुए महुआ नगर परिषद द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के दायरे में आने वाले विभिन्न घाटों की साफ सफाई करते हुए घाटों की सूरत बदलने की मुहिम में अभी से ही लग चुके हैं। इसी कड़ी में बुधवार को महुआ नगर परिषद क्षेत्र के कालीघाट पर बुधवार को सफाई अभियान शुरू हुआ। सफाईकर्मी घाटों पर उगी घास और आसपास फैला कचरा हटाते हुए घाटों की सूरत बदलने में लगे हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार राय के निर्देश पर सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार की अगुवाई में टीम सफाई कर रही है। टीम में चंदन मांझी, सतीश मांझी, दिलीप मांझी, अमरजीत मांझी, चंदेश्वर राम, विनोद राम और सकल राम समेत अन्य कर्मचारी शामिल हैं। सोनू कुमार राय ने बताया कि छठ से पहले सभी तैयारियां पूरी की जाएंगी। कालीघाट पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पूजा करने पहुंचती हैं। घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त चेंजिंग रूम, रोशनी और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। नदी की सफाई भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। घाटों को सुरक्षित बनाने की तैयारी है, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ तालमेल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि हर साल छठ से पहले घाट की सफाई होती है। इस बार काम समय से पहले शुरू हुआ है। नगर परिषद ने श्रद्धालुओं से घाटों पर गंदगी न फैलाने और सफाई बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

सुल्तानगंज में हथियार के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. सुल्तानगंज थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो व वीडियो के आधार पर युवक की पहचान पीरबहोर थाना के सब्जी बाग कोईरी टोला मुहल्ला निवासी मो हम्माद को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर पुलिस ने एक देसी कट्टा,दो गोली और दो मोबाइल फोन बरामद किया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि युवक हथियार की आपूर्ति करता है. पुलिस उसकी निशानदेही पर हथियार के धंधे में शामिल अन्य धंधेबाजों की तलाश में छापेमारी कर रही है.

बहादुरपुर में युवक ने की खुदकुशी

पटना सिटी/एनएसबी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति पंचवटी नगर मुहल्ला मे किराये पर रहने वाले 21 वर्षीय युवक प्रियांशु कुमार ने खुदकुशी कर लिया है. थानाध्यक्ष शुभम कुमार झा ने बताया कि मंगलवार की देर रात बेगूसराय के बलिया थाना के गोखले नगर विशनपुर निवासी स्वर्गीय अमलेश कुमार का पुत्र प्रियांशु ने फंदा से झूल कर आत्महत्या कर लिया है. थानाध्यक्ष के अनुसार खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं है. मौके पर पहुंच कर एफएसएल की टीम ने भी जांच पड़ताल कर नमूना संग्रह किया है.थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेजा. मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिवार को सौंप दिया गया है. पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है.

समिति के अध्यक्ष को भ्राताशोक

पटना सिटी/एनएसबी। मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा के बड़े भाई प्रदीप देवड़ा का निधन बुधवार हो गया है. उनका दाह संस्कार गुरुवार को खाजेकलां घाट पर होगा. निधन पर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने दुख जताया है. नागलैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव, भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्र,नितिन कुमार रिंकू,महानगर प्रवक्ता राजेश साह,पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता,समाजसेवी राजेश राय,गोविंद कानोडिया,ललित अग्रवाल,अमित कानोडिया,विष्णु झुनझुनवाला,राजकुमार गोयनका समेत अन्य ने निधन पर दुख जताया है.

मोबाइल हैक कर उड़ाये राशि

पटना सिटी/एनएसबी। आलमगंज थाना के बजरंगपुरी कॉलोनी में किराये पर रहने वाले राजकुमार चौधरी का मोबाइल हैक साइबर अपराधियों ने खाता से रुपये उड़ा लिया है. साइबर अपराध के शिकार पीड़ित ने दर्ज कराये शिकायत में पुलिस को बताया है कि हैकर ने तीन किस्तों में 95 हजार रुपये की निकासी कर लिया है.पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल कर रही है.

रखरखाब को आज भी बंद रहेगा राजघाटी फीडर

पटना सिटी/एनएसबी। गायघाट सब स्टेशन से जुड़े 11 केबी राजा घाट फीडर की बिजली गुरुवार को दूसरे दिन सुबह साढ़े 11 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी. विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गुलजारबाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता मो सड्डजाद अंसारी ने बताया कि केबल का कार्य और रखरखाब कराने को लेकर फीडर बंद रहेगा. फीडर से जुड़े लोहरवा घाट, मंदिर घाट, रिवर व्यू कॉलोनी, पीरवैश मार्केट आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने प्रभावित इलाके के लोगों से पानी का भंडारण कर लेने को कहा है.

छठ व्रतियों को मिलेगी सुविधा, तैयारी पर निगरानी

पटना सिटी/एनएसबी। छठ को लेकर गंगा घाटों पर हो रही तैयारियों की निगरानी जिला व अनुमंडल प्रशासन के साथ निगम की ओर से की जा रही है. गायघाट से लेकर कंगन घाट के बीच गंगा घाटों का निरीक्षण अधिकारियों की ओर से की जा रही है. एसडीओ कशिश बक्शी ने बताया कि घाटों की स्थिति पर निगरानी रखने और सुरक्षित अर्घ्य अर्पित करने के लिए कार्य कराये जा रहा है. निगम अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप व मुख्य सफाई निरीक्षक संजीव वर्मा ने निरीक्षण के दौरान एप्रोच सड़क की सफाई करने के साथ घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि घाटों पर लगातार सफाई व समतल करने,चेंजिंग रूम बनाने समेत अन्य कार्य कराया जा रहा है. ताकि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़े. सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि निगम की ओर से छठ घाटों पर कार्य कराया जा रहा है. छठ तक घाटों की व्यवस्था को दुरुस्त करा दिया जायेगा. पानी घटते ही पानी के अंदर व तट पर दलदल से व्रतियों को परेशानी नहीं हो. इसके लिए प्रशासन की ओर से बालू बिछाने का कार्य कराया जा रहा है. साथ ही बांस की चाली बिछाने के कार्य हो रहा है. अधिकारियों ने बताया कि छठ से पहले गंगा घाट को तैयार कर लिया जायेगा. ताकि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े.

वाराणसी से चला क्रूज पटना पहुंचा

पटना सिटी/एनएसबी। वाराणसी से 17 विदेशी पर्यटक को लेकर चला गंगा विलास क्रूज बुधवार को पटना पहुंच गया है. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जहाज को मीतन घाट के पास ठहराव दिया गया है. जहाज पर सवार सैलानियों को लेकर गुरुवार को कोलकाता रवाना होगी.अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय जलमार्ग को सशक्त बनाने की दिशा में हो रहे कार्य के तहत ही सैलानियों को लेकर जहाज आया है. जहाज में 36 लोगों के रहने की व्यवस्था है. जहाज में सवार पर्यटकों को मार्ग में धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भी घूमाया जाता है. इसी क्रम में सवार सैलानियों को घूमाने का कार्य होगा.

ब्राउन शुगर और स्मैक के साथ नकदी बरामद

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर थाना क्षेत्र में मध्य निषेध विभाग और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार पटना की टीम ने वैशाली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की है। इस दौरान करीब 56 ग्राम ब्राउन शुगर और 50 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। मौके से 11 लाख रुपये से अधिक नकदी भी मिली है। बरामद नकदी की गिनती कैश काउंटिंग मशीन से की गई।यह कार्यवाई बिदुपुर थाना क्षेत्र में माइल पंचायत के बगुलिया गाछी निवासी पवन ठाकुर के मकान में की गई। पुलिस ने पवन ठाकुर और उसके बेटे नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बल्कि पवन ठाकुर के बहु को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने नीरज कुमार के पत्नी को भी हिरासत में ले लिया है। नीरज कुमार दो साल पहले कंचनपुर गांव में एक हत्या मामले में नामजद अभियुक्त है।इस छापामारी अभियान में मध्य निषेध टीम के साथ साथ बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश,दंडाधिकारी के रुप में बीडीओ कुमार मनीष भारद्वाज सहित सशस्त्र बलों के जवान शामिल थे।

हाजीपुर जंक्शन पर 55 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

SSP शुभांक मिश्रा का नशा करोबारियों पर बड़ा प्रहार



हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ा प्रहार किया है। हाजीपुर जंक्शन पर फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर पुलिस ने एक कथित हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब 55 लाख रुपये बताई जा रही है। पूरी कार्रवाई रख्ढ शुभांक मिश्रा के निर्देश पर सदर रख्ढड सुबोध कुमार के नेतृत्व में की गई है।नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। इसी कड़ी में हाजीपुर जंक्शन पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन की खेप के साथ एक तस्कर को दबोच लिया।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी असम से ट्रेन के जरिए हेरोइन की खेप लेकर हाजीपुर पहुंचा था। रख्ढ शुभांक मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के बाद सदर रख्ढड सुबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जंक्शन पर घेराबंदी की और संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 276.83 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपये बताई जा रही है।इसके अलावा 3170 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड और रेलवे टिकट भी बरामद किए गए हैं।पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच का फोकस इस बात पर है कि असम से हाजीपुर तक हेरोइन की खेप कैसे पहुंची और इस तस्करी नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।फिलहाल वैशाली पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

सहयोग शिविरों में 883 आवेदन प्राप्त, 703 मामलों का त्वरित निष्पादन

जिला पदाधिकारी ने 30 दिनों में शत-प्रतिशत निस्तारण के दिए निर्देश



हाजीपुर/एनएसबी। जिले के सभी प्रखंडों के चयनित पंचायतों एवं नगर निकायों में ह्यसहयोग शिविरह्ल का सफल आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से आमजनों को विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए अपने निकट ही आवेदन देने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

जिले में आयोजित सहयोग शिविरों में कुल 883 आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 703 मामलों का मौके पर अथवा प्रारंभिक स्तर पर निष्पादन किया गया। शेष 180 मामलों के निष्पादन की कार्रवाई प्रगति पर है। शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने सहयोग शिविरों के सफल आयोजन एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को अगले 24 घंटे के भीतर डिजिटाइज कर संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि उनके निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ हो सके।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करते हुए 30 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाए। साथ ही, लंबित मामलों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया गया।

महिसौर थानाध्यक्ष सस्पेंड, अनियमितता और संदिग्ध आचरण पर गिरी गाज

हाजीपुर/एनएसबी। महिसौर थानाध्यक्ष पर रख्ढ शुभांक मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई की है। महिसौर थाना की थानाध्यक्ष चांदनी कुमारी सांवरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कर्तव्य निर्वहन में अनियमितता और संदिग्ध आचरण से जुड़ी शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। वहीं, पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक यातायात को सौंपी गई है।

वैशाली में पुलिस महकमे के भीतर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी दी गई है।दरअसल, महिसौर थानाध्यक्ष के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों का प्रथम दृष्टया अवलोकन किया गया था। इस दौरान कर्तव्य निर्वहन में अनियमितता और संदिग्ध आचरण से संबंधित तथ्य सामने आने की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रख्ढ ने तत्काल प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी किया।इतना ही नहीं, इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और विस्तृत जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, वैशाली को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल महिसौर थानाध्यक्ष के निलंबन से वैशाली पुलिस महकमे में हलचल तेज है। रख्ढ की इस कार्रवाई के बाद अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट और आगे होने वाली विभागीय कार्रवाई पर टिकी है।

आम के पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला 14 वर्षीय युवक का शव



महुआ/एनएसबी। महुआ थाना क्षेत्र के मांगुराही पंचायत के शर्मा गांव में एक युवक का शव बगीचे में आम के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। आम के पेड़ से युवक का शब लटकने की खबर सुनते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वही घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के मांगूराही पंचायत के वार्ड संख्या 12 के शर्मा गांव में उमाशंकर राय का 14 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार का शब घर के आगे पेड़ में लटकता हुआ पाया गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर महुआ थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।खबर के मुताबिक मृतक दो भाई दो बहन में सबसे छोटा है और 8 क्लास में पढ़ता था। मृतक के पिता उमाशंकर राय चेन्नई में रहकर मजदूरी करते हैं। मृतका की मां पूनम देवी बड़ा भाई सोनू कुमार, दोनों बड़ी बहन अंशु कुमारी और शिवानी कुमारी दहाड़ मारकर रो रहे थे।मौके पर उपस्थित उपस्थित लोगो ने बताया कि मृतक मिलनसार लड़का था। लकी उक्त युवक ने आत्महत्या की या किसी ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शब को आम के पेड़ से लटका दिया। यह तो पुलिस की छानबीन के बाद ही पता लगाया जा सकेगा। फिलहाल हत्या हुई या उसने आत्महत्या की इलाके में एक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं परीजनों का रो-रोकर हाल बुरा हाल है।

आर के डेयरी के बेहतर उत्पाद अब आसानी से उपलब्ध होंगे- रणधीर कुमार



महुआ/एनएसबी। तिरहुत प्रमंडल का गौरव आर के डेयरी का जंदाहा प्रखंड वितरक केंद्र का उद्घाटन गांधी चौक के रिलायंस ट्रेंड्स कैंपस में डेयरी के डायरेक्टर रणधीर कुमार, दंत चिकित्सक डॉ अजय कुमार, शंकर ऑटोमोबाइल के डायरेक्टर शंकर जी ने संयुक्त रूप से किया। इस वितरक केंद्र के संचालक मोहन जी ने जंदाहा क्षेत्र के सुदूर गांव तक डेयरी उत्पाद को पहुंचाने की बात कही। लोगों के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में संस्थापक रणधीर जी ने कहा कि आर के डेयरी अपनी पहचान शुद्धता के कारण रखती है। डेयरी का टैग लाइन ही है "स्वाद ऐसा जो मन को भाये"। डॉ अजय कुमार ने कहा कि पिछले दस वर्षों में डेयरी की पहचान क्वांटिटी और क्वालिटी के कारण ही है। आज महुआ जैसे छोटे बाजार से शुरू हुआ डेयरी राज्य के दस जिलों तक अपने उत्पादन को भेजकर कारोबार कर रहा है ।

बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के सदस्य मनोनीत हुए डॉ पंकज कुमार



हाजीपुर/एनएसबी। बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के सामान्य निकाय के गैर पदेन सदस्य के रुप में मनोनीत हुए डॉ पंकज कुमार। अध्यक्ष बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड द्वारा चार सदस्यों का मनोनयन सामान्य निकाय के गैर पदेन सदस्य के रुप में किया गया। मनोनीत होने वालों में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर पूर्व के क्षेत्र प्रमुख डॉ पंकज कुमार, सायण कुणाल सदस्य धार्मिक न्यास परिषद, अखिलेश कुमार, राधिका एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट, एवं डॉ सुनील कुमार शिक्षा, संस्कृति एवं उत्थान न्यास हैं।शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभवों एवं योगदान का लाभ बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड को प्राप्त हो इस उद्देश्य से सबों का मनोनयन हुआ है। डॉ पंकज कुमार के मनोनयन पर कई शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में मनीष शुक्ला जिला पार्षद, प्रोफेसर अभय कुमार सिंह,प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार, डॉ अजीत कुमार, प्रवीण चंद्र, विश्वजीत कुमार, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, प्रहलाद चौरसिया आदि प्रमुख हैं।

जगत गुरु महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने किया डॉ. रजनीश कांत की पुस्तक 'राजनीश कांत मेथड' का विमोचन

डॉक्टर का काम है उपचार करना, इसके लिए हो उनका सम्मान : डॉ. रजनीश कांत



पटना/एनएसबी। फिजियोथेरेपिस्ट, ऑस्टियोपैथ और काइरोप्रैक्टर डॉ. रजनीश कांत की पुस्तक ह्यराजनीश कांत मेथड (आरकेएम)ह्ल का विमोचन होटल पाटलिपुत्रा एग्जोटिका, एक्जिबिशन रोड में जगत गुरु महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक डॉ. रजनीश कांत और फिल्म अभिनेता जय सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे। टीएस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक में काइरोप्रैक्टिक पद्धति, रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और दर्द से जुड़ी समस्याओं की देखभाल के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई है।

मौके पर जगत महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने पुस्तक और डॉ. रजनीश कांत के कार्यों की सराहना की। हिमांगी सखी ने कहा कि डॉक्टर का काम लोगों को स्वस्थ और बेहतर जीवन देने का प्रयास करना है। आपको बता दें कि पुस्तक में कुल 10 अध्याय हैं। इनमें काइरोप्रैक्टिक देखभाल की बुनियाद, क्लिनिकल अवलोकन, खिलाड़ियों और बुजुर्गों की देखभाल, रीढ़ की हड्डी का स्वास्थ्य, इससे जुड़ी गलत धारणाएं, मरीजों को जागरूक करना और स्वयं की देखभाल जैसे विषय शामिल हैं। इसके साथ ही आरकेएम पद्धति, क्लिनिक संचालन और अन्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करने की जानकारी भी दी गई है। डॉ. रजनीश कांत ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल दर्द का उपचार करना नहीं, बल्कि लोगों को दर्द के साथ जीने की मजबूरी से बाहर निकालना है। उन्होंने कहा कि पुस्तक के माध्यम से लोगों को इस पद्धति की बुनियादी जानकारी देने और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। हमारा उद्देश्य केवल दर्द का उपचार करना नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर का काम उपचार करना है। जब कोई डॉक्टर उपचार करता है, तो वह मरीज की शारीरिक और मानसिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। उपचार के दौरान मरीज की मानसिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाता है। डॉक्टर का काम लोगों को स्वस्थ करना और उन्हें बेहतर जीवन देना है। इसलिए डॉक्टर के कार्यों का सम्मान किया जाना चाहिए। डॉ. कांत ने कहा कि आने वाले संस्करण में वे अपनी व्यक्तिगत तकनीक के बारे में और विस्तार से जानकारी देने की योजना रखते हैं। गौरतलब है कि कुंभ के दौरान भी डॉ. कांत ने शिविर लगाकर साधु-संतों का उपचार किया था।

स्कूली बच्चों ने नशामुक्त बिहार बनाने का लिया संकल्प



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। उत्पाद व मद्यनिषेद्ध तथा शिक्षा विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरकारी व निजी विद्यालयों में बच्चों को नशामुक्त बिहार बनाने की शपथ दिलाई गई। विद्यालयों में आयोजित होने वाले प्रातःकालीन चेतना सत्र के दौरान बच्चों ने तथा अपने परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों, पडोसियों अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करुगां/ करुंगी। मैं यह प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि सरकार द्वारा नशीले पदार्थों से संबंधित बनाए गए कानूनों/नियमों का पूर्णतः पालन करूंगा/करुंगी। मैं जीवन में सामूहिक रूप से नशामुक्त बिहार बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि- मैं यह संकल्प लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ अथवा मादक पदार्थ का किसी भी रूप में या किसी भी उद्देश्य से सेवन नहीं करुगां/करुंगी। मैं नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प करता/करती हूं सदैव स्वस्थ व सकरात्मक मूल्यों का पालन करुंगा/करुंगी। समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक नशामुक्त जीवन का संदेश पहुचाउंगा/ पहुचाउंगी तथा जागरुक, सशक्त व नशामुक्त बिहार के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा/रहूंगी। शपथ कार्यक्रम में बच्चों के अलावे शिक्षक व अभिभावक भी शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

बलथरी चेकपोस्ट पर 14.6 लीटर शराब के साथ किशोर निरुद्ध

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट के पास उत्पाद विभाग की टीम ने जांच के दौरान 14.6 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है।पकड़ा गया किशोर मोतिहारी जिले का निवासी बताया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम बलथरी चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बस से उतरकर एक किशोर संदिग्ध स्थिति में भागने लगा। उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।तलाशी लेने पर उसके पास से 14.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने किशोर को निरुद्ध कर लिया।आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

नशामुक्त बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी - संदीप गिरि

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गिरि आज ग्राम चनावे स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित लोगों के साथ आध्यात्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ह्यनशा मुक्त बिहारह्ल के संकल्प को साकार करने हेतु ब्रह्माकुमारी संस्था एवं मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन (डवन) के तहत संचालित जागरूकता अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री गिरि ने कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने में सामाजिक और आध्यात्मिक संस्थाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर संदीप कुमार गिरि ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दें और एक स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।



कार से 128.8 लीटर देसी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

श्रीपुर थाना क्षेत्र के बांसी बथरहा के समीप पुलिस ने की कार्रवाई, कार जब्त

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के बांसी बतरहा के समीप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कार से 128.8 लीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब के साथ कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के गरुड़वा गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोरे-मीरगंज मुख्य पथ के रास्ते एक कार से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने गश्ती दल को सतर्क करते हुए बताए गए मार्ग पर छापेमारी शुरू की। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में कार के अंदर अलग-अलग कार्टून में छिपाकर रखी गई 128.8 लीटर देसी शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शराब तस्करी के नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

फुलवरिया में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित, 11वीं की छात्राओं ने मारी बाजी



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के संग्रामपुर गोपाल स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में बुधवार को छात्र-छात्राओं के बीच एक आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग टोलियां बनाकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद 11वीं कक्षा की छात्राओं के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक बसंत कुमार गुप्ता, विज्ञान शिक्षक मनोरंजन बर्मन, संस्कृत अध्यापक निरंजन पांडे, तथा शिक्षक गोल्डी कुमारी, आरती कुमारी, बबिता पांडे, सरवर इमाम अंसारी और मनीष मिश्रा सहित अन्य गणमान्य शिक्षक संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में निरूपा कुमारी, रंजन कुमारी, काजल कुमारी, राधा, आराध्या, गायत्री के साथ-साथ मनीष कुमार, पुनीत कुमार और गयासुद्दीन सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे। शिक्षकों ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नुक्कड़ नाटक से नशामुक्ति का दिया संदेश

जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर हुआ मंचन, लोगों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन, गोपालगंज द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कराया गया। इसके तहत बैकुंठपुर दिघवा दुबौली, सिधवलिया एवं मॉडल स्कूल परिसर बैकुंठपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों को दर्शाया तथा लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही स्थानीय नागरिकों को नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि जीविका दीदी द्वारा विभिन्न पंचायतों में बिहार नशामुक्त अभियान अंतर्गत आम लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

दर्द से राहत में कारगर हो सकता है एक्यूप्रेशर, जागरूकता की जरूरत - डॉ. श्रीप्रकाश

एक्यूप्रेशर पद्धति को समझने और अपनाये जनता



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बड़ी संख्या में लोग शरीर के किसी न किसी अंग में दर्द की समस्या से परेशान हैं।दर्द से राहत पाने के लिए लोग दवाओं के सेवन से लेकर विभिन्न उपचार पद्धतियों का सहारा लेते हैं। ऐसे में एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति भी दर्द से राहत के एक वैकल्पिक उपाय के रूप में अपनी पहचान बना रही है।जरूरत है इस पद्धति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और इसके सही तरीके की जानकारी देने की।उक्त बातें एक्यूप्रेशर काउंसिल, नेचुआ जलालपुर, गोपालगंज (बिहार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. श्रीप्रकाश बरनवाल ने कहीं।उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर पद्धति दर्द से जुड़ी कई समस्याओं में राहत पहुंचाने में सहायक हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि आम लोग इस पद्धति को समझें और प्रशिक्षित विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में इसका सही तरीके से उपयोग करें।डॉ. बरनवाल ने जनता, चिकित्सकों और सरकार से एक्यूप्रेशर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि इस पद्धति के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे उपचार के उपलब्ध विकल्पों को समझ सकें।

तीन दिन की मोहलत, फिर 92 निजी स्कूलों पर गिरेगी गाज, होंगे सील

बिना मान्यता स्कूल चलाने वालों पर शिक्षा विभाग सख्त

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिना मान्यता के निजी स्कूल चलाने वाले संचालकों पर अब शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गोपालगंज में ऐसे 92 निजी विद्यालय विभाग के रडार पर हैं। इन स्कूलों के प्रबंधकों और संचालकों को मान्यता लेने के लिए महज तीन दिनों की मोहलत दी गयी है। इस अवधि में इ-संबद्धन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किया, तो संबंधित विद्यालयों पर ताला लटक सकता है। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद स्कूलों का यू-डायस कोड निरस्त कर दिया जायेगा। इसके साथ ही विद्यालयों को सील करने और कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। शिक्षा विभाग की इस सख्ती से जिले के निजी स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि विभागीय जांच में जिले के 92 ऐसे निजी विद्यालय चिह्नित किये गये हैं, जिन्हें यू-डायस कोड तो आवंटित है, लेकिन जिला स्तरीय निजी विद्यालय प्रस्वीकृति समिति से संचालन की मान्यता नहीं मिली है। यानी स्कूलों का सरकारी आंकड़ों में तो नाम दर्ज है, लेकिन नियमानुसार संचालन की अनुमति नहीं ली गयी है। विभाग ने इसे बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 18 का उल्लंघन माना है। नियम के अनुसार किसी भी निजी विद्यालय को संचालन से पहले विभाग से प्रस्वीकृति लेना अनिवार्य है। विभाग ने सभी 92 विद्यालयों के संचालकों को तीन दिनों के भीतर इ-संबद्धन पोर्टल पर मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश दिया है। विभाग का कहना है कि निर्धारित समय में आवेदन नहीं करने वाले स्कूलों को किसी तरह की अतिरिक्त मोहलत नहीं दी जायेगी। ऐसे विद्यालयों का यू-डायस कोड निरस्त करने के साथ उन्हें सील करने की कार्रवाई शुरू की जायेगी। संचालकों को यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि विभागीय आदेश की अनदेखी करने पर कानूनी कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्रवाई को जमीन पर उतारने के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीइओ) को निर्देश दिया गया है। उन्हें अपने-अपने क्षेत्र के संबंधित विद्यालयों के प्रबंधन और प्रधानाध्यापकों तक नोटिस पहुंचाने को कहा गया है। साथ ही नोटिस की तामिला पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी। विभाग अब नोटिस से लेकर आवेदन और आगे की कार्रवाई तक की निगरानी करेगा।

प्रभारी एचएम पर प्राथमिकी दर्ज

बगैर नियुक्त शिक्षिका के खाते में भेजे गये 17.5 लाख की राशि

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज शिक्षा विभाग में वेतन निकासी फजीवाड़ा कांड की पुष्टी होने के बाद फर्जी शिक्षिका के बाद अब रूपनछाप नव सृजित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी एचएम मनोज कुमार चैधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। मांझा बीइओ सह बीडीओ वैभव शुक्ला के तहरीर पर कांड दर्ज किया गया है।

मांझा प्रखंड के रूपनछाप नवसृजित प्राथमिक विद्यालय की फर्जी शिक्षिका खुशबू का सात वर्षों के बाद नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चैधरी ने खुशबू की ई-शिक्षाकोष के फॉर्म पर हस्ताक्षर कर विभाग को समिट किया गया। उसके बाद तत्कालीन डीपीओ स्थापना ने हेडमास्टर के ई-शिक्षाकोष के फॉर्म आने पर उसकी स्वीकृति दे दी। इतना ही नहीं नियम- कानून की अनदेखी कर फर्जी शिक्षिका के बैंक खाते में 26 मई को 17।5 लाख की राशि पेमेंट किया गया था।

जांच टीम में डीपीओ स्थापना विनय कुमार सुमन, डीपीओ एसएस शिवम कुमार व मांझा के प्रभारी बीइओ वैभव शुक्ला की टीम ने काफी गोपनीय तरीके से जांच किया। इससे पूर्व फर्जी शिक्षिका खुशबू पर पटना हाइकोर्ट के आदेश के बाद फजीवाड़ा कर विपत्र तैयार कर डीपीओ स्थापना को अपने प्रभाव में लेकर पेमेंट लेने में सफल रही थी। अब तत्कालीन स्थापना डीपीओ साहब आलम जो इन दिनों अररिया में डीइओ के पद पर कार्यरत है, पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। शिक्षा विभाग के इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। अब कांड दर्ज करने के बाद पुलिस को आगे की कार्रवाई करना है।

विजयीपुर के पटखौली गांव निवासी एक युवक की दिल्ली में मौत



(मृतक का फाईल फोटो)

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयपुर प्रखंड के पटखौली गांव निवासी 25 वर्षीय युवक की दिल्ली में काम करने के दौरान दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। मृत युवक पटखौली गांव के विजय वर्मा का 25 वर्षीय पुत्र संजय वर्मा था। संजय दिल्ली में एक निजी ठेकेदार के माध्यम से लिफ्ट लगाने और बनाने का काम करता था। बुधवार को लिफ्ट बनाने के दौरान अचानक लिफ्ट ऊपर से गिर गई। जिस से संजय उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के समय साइड पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, संजय की मौत की खबर पटखौली गांव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि संजय परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए दिल्ली कमाने गया था। उसके पिता विजय वर्मा ठेला लगाकर भूजा बेचते हैं और इसी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। संजय को इसी छठ के महीने में घर लौटना था। वह परिवार के साथ-साथ गांव के लोगों के बीच काफी मिलनसार और सहयोगी स्वभाव का था। उसकी मौत की खबर सुनकर मां सीता देवी, भाई सचिन वर्मा और अजय वर्मा का। रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय समाजसेवियों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव के लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

होमगार्ड जवान को दी गई अंतिम सलामी, नम आंखों से साथियों ने दी विदाई



(सलामी देते जवान)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) नगर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास स्थित खाना खजाना के समीप मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड जवान विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय को बुधवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। होमगार्ड मैदान स्थित जिला कार्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिकारियों एवं जवानों ने अपने दिवंगत साथी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान माहौल गमगीन रहा और साथी जवानों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।होमगार्ड डीएसपी विवेक कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद होमगार्ड जवानों ने शोक सलामी दी। उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। 35 वर्षीय विकेश कुमार राय की सड़क दुर्घटना में असामयिक मौत से होमगार्ड विभाग के जवानों और अधिकारियों में शोक की लहर है।इस संबंध में होमगार्ड के जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि मृतक जवान के परिजनों को तत्काल दाह संस्कार के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। वहीं, आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग की ओर से चार लाख रुपये अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त ईपीएफ के माध्यम से छह लाख रुपये की राशि भी परिजनों को मिलेगी। इस प्रकार मृतक जवान के परिवार को कुल 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि मृतक जवान की पत्नी को अगले दो वर्षों तक प्रतिमाह दो हजार रुपये पेंशन देने का प्रावधान है। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की भी व्यवस्था है, ताकि जवान की असामयिक मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। श्रद्धांजलि सभा में नगर थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, होमगार्ड जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, विजय कुमार, वैभव कुमार, विमलेश कुमार यादव, पप्पू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में होमगार्ड जवान उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत जवान के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की।

घर में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, लैपटॉप और तीनों मोबाइल बरामद

एक आरोपित गिरफ्तार, झाड़ियों में छिपाकर रखे गए थे चोरी के सामान, अन्य सहयोगियों की तलाश में छापेमारी



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) घर से मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी करने के मामले में कुचायकोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा कर दिया है।पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी गए लैपटॉप और तीनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।बरामद सामान मलही गांव के समीप एक सुनसान स्थान पर झाड़ियों में छिपाकर रखे गए थे।गिरफ्तार आरोपित की पहचान मलही गांव निवासी तूफी खान उर्फ कल्लू खान के रूप में हुई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 29 अक्टूबर को कुचायकोट थाना क्षेत्र के मलही मुर्गियां गांव स्थित एक घर से तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप चोरी कर लिए गए थे।इस मामले में 31 अक्टूबर को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।चोरी की घटना के उद्भेदन के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर मलही गांव के मलकी मोड़ से आगे एक सुनसान स्थान पर झाड़ियों में छिपाकर रखे गए लैपटॉप और तीनों मोबाइल फोन बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने घटना में शामिल अन्य सहयोगियों के नाम और पते भी बताए हैं।पुलिस इन जानकारियों का सत्यापन कर रही है। गिरफ्तार आरोपित को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है।वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

75 प्रतिशत उपस्थिति का आंकड़ा पोर्टल पर नहीं किया दर्ज

दो प्रधानाध्यापकों से जवाब-तलब

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए निर्धारित उपस्थिति की अनिवार्यता के बावजूद विद्यार्थियों का आंकड़ा ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज नहीं करना दो विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को महंगा पड़ गया है।विभागीय जांच में लापरवाही सामने आने के बाद डीपीओ लेखा ने कुचायकोट प्रखंड के दो विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से जवाब-तलब किया है। साथ ही, उन्हें 24 घंटे के भीतर पोर्टल पर आवश्यक आंकड़ों की प्रविष्टि सुनिश्चित करने और इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।शिक्षा विभाग की विभिन्न लाभुक आधारित योजनाओं के तहत पात्र छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में सीधे सरकारी राशि भेजी जाती है।इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य निर्धारित की गई है।इसके लिए संबंधित विद्यार्थियों की उपस्थिति का आंकड़ा ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज करना आवश्यक है।विभागीय स्तर पर की गई जांच में पार्वती देवी गर्ल्स उच्च विद्यालय, मतेया तथा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, विशंभरपुर में निर्धारित उपस्थिति से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि नहीं किए जाने का मामला सामने आया।इसके बाद डीपीओ लेखा ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब देने और लंबित आंकड़ों को पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है।

सिसवनिया में मृतक होमगार्ड जवान विकेश का शव पहुंचने पर मचा कोहराम



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) नगर थाना क्षेत्र के थावे बाईपास सड़क पर ट्रक की टक्कर से पुलिस के जवानों को बस में बैठा कर ले जा रहे होमगार्ड के जवान विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय की हुई मौत के बाद बुधवार की सुबह थावे के होमगार्ड मैदान में मृतक होमगार्ड जवान को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पुलिस वैन से सिसवनिया गांव में दिवंगत होमगार्ड जवान का शव पहुंचने के बाद गांव में कोहराम मच गया। लोग दिवंगत होमगार्ड जवान के शव की एक झलक पाने के लिए बेकरार थे।

बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव निवासी होमगार्ड के जवान रविंद्र राय के बड़े बेटे विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय काफी मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वर्ष 2018 में उनका चयन होमगार्ड के पद पर हुआ था। इसके बाद वे मीरगंज, कुचायकोट, गोपालगंज सहित कई थानों में होमगार्ड के पद पर अपनी सेवा दे चुके थे। वर्तमान में उन्हें पुलिस लाइन से जवानों को बस में बैठा कर जिले में जगह-जगह आयोजित हो रही महावीरी अखाड़ा मेले में पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। इसी क्रम में मंगलवार की रात जवानों को बस में बैठ कर कुचायकोट प्रखंड की तरफ ले जा रहे थे। जैसे ही वे थावे बाईपास सड़क पर पहुंचे। इसी क्रम में ट्रक और जवानों से भरी बस में हुई टक्कर में होमगार्ड के जवान विकेश कुमार राय बुरी तरीके से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के पश्चात बुधवार की सुबह थावे के होमगार्ड मैदान में पूरे सम्मान के साथ जवानों ने उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया। इसके बाद पुलिस काफिले के साथ पुलिस वैन में तिरंगा में लिपटे दिवंगत होमगार्ड के जवान विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय का शव उनके पैतृक घर सिसवनिया पहुंचने के बाद वहां कोहराम मच गया। इस दौरान पिता रविंद्र राय, छोटे भाई विजय राय, टुन्नू राय, मां सुनीता देवी, बहन प्रियंका देवी, पत्नी शिल्पी देवी, बेटी श्रेया कुमारी, साक्षी कुमारी, बेटा श्रेयांश सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दौरान दिवंगत होमगार्ड के जवान के शव की एक झलक पाने के लिए लोग बेकरार थे। इसके बाद ग्रामीणों, क्षेत्र के लोगों एवं शुभचिंतकों की देखरेख में मृतक के शव को बेसिक स्कूल सिसवनिया के बगल में स्थित खेल मैदान में ले जाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में दाह-संस्कार कर दिया गया। मौके पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा, अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, चैकीदार मनीष कुमार, भाजपा नेता उमेश प्रधान, उमेश शाही, बबलू मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

होमगार्ड के जवान की मौत के बाद पत्नी पर गिरा दुखों का पहाड़

बच्चों के सर से उठा पिता का साया

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) नगर थाना क्षेत्र के थावे बाईपास सड़क पर पुलिस जवानों को लेकर जा रहे बस व ट्रक की टक्कर में हुई होमगार्ड के जवान विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय की मौत के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस दौरान उनकी पत्नी शिल्पी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। अब उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि वह अब किसके सहारे अपना पूरा जीवन गुजरेंगी। इस दौरान दोनों बेटियां श्रेया कुमारी, साक्षी कुमारी और बेटा श्रेयांश भी दहाड़ मार मार कर रो रहे थे। वहीं अपने आप को असहाय महसूस कर रहे थे। जिन्हें मनाने के लिए उनके नाते रिश्तेदार लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि दिवंगत होमगार्ड के जवान विकेश कुमार राय और गोवर्धन राय का विवाह वर्ष 2015 में बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खजूरहट्टी गांव निवासी अशोक शुक्ला की बेटी शिल्पी देवी के साथ हुआ था। शादी के बाद दोनों के दो बेटी और एक बेटा है। बच्चों की अभी पढ़ाई भी पूरी नहीं हुई थी, किशोरावस्था से पहले ही पिता का साया बच्चों के सर से उठने के बाद वह अपने आप को पूरी तरीके से बेसहारा महसूस कर रहे थे। जिसे मनाने के लिए आसपास के लोग लगे हुए थे।